संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, मंगलवार, 28 मई 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



प्रज्वल रेवन्ना का कहना है कि वह 31 मई को सुबह 10 बजे मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने पेश होंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 146 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नए आपराधिक कानून प्रणाली पूरी तरह से तकनीक पर निर्भरः गृह मंत्री अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने कहा कि एक जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों में प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण कारक होगी। उन्होंने कहा कि समन एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे, 90 फीसदी गवाह वीडियो कॉल के जरिए पेश होंगे और अदालतें प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर आदेश जारी करेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूं कि तीन साल बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी।'

**बीते साल मिली थी मंजूरी :** नए कानूनों में देशद्रोह कानून को नए अवतार में लाया जा रहा है और इसके दोषी को उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। लोकसभा में बीती 21 दिसंबर को तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक को मंजूरी मिली थी। ये कानून मौजूदा कानूनों भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानूनों को मंजूरी दे दी थी। अब यह कानून एक जुलाई से लागू होंगे।

**प्रणाली पूरी तरह से तकनीक पर आधारितः** शाह ने इंटरव्यू के दौरान पहली बार नए आपराधिक कानून प्रणाली पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली लगभग पूरी तरह से तकनीक पर आधारित है। उदाहरण के लिए, सभी अदालती मामले ऑनलाइन हो जाएंगे और एफआईआर, कोर्ट डायरी और फैसले का डिजिटलीकरण किया जाएगा। पहले ही, अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों में देश भर में नौ करोड़ अपराधियों के फिंगरप्रिंट डाटा एकत्र किए हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के जरिए हम बहुत बड़े सुधार लाएंगे। कानून लागू होने के बाद 90 फीसदी लोगों को कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। गवाह ऑनलाइन पेश होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले समन को किसी के घर पर भेजना होता था। अब समन एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे। ऐसे कई बदलाव नए कानूनों में शामिल किए गए हैं। यही हाल आरोपपत्र का भी था। पहले आरोपपत्र का मतलब दस्तावेजों का विस्तार करना होता था, लेकिन एक बार नए कानून लागू होने के बाद आरोपपत्र को पेन ड्राइव के जरिए रखा जाएगा और इसका जवाब भी पेन ड्राइव के जरिए डिजिटल तरीके से दिया जा सकता है। शाह ने कहा, 'सभी मामले ऑनलाइन हो जाएंगे।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"

## अग्निवीर योजना को खत्म करेंगेः राहुल

● राहुल गांधी ने अग्निवीर को मंच पर बुलाया, कहा- सरकार बनते ही इस योजना को फाड़कर फेंक दूंगा

**तंज कसा**

▸▸ ईडी के लोग मोदी से अदाणी के बारे में पूछेंगे तो मोदी कहेंगे- मैं नहीं जानता, ये मुझसे परमात्मा ने कहा था




**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार पहुंचे। इस दौरान पटना के बख्तियारपुर में इंडी गठबंधन की रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि जानते हैं नरेंद्र मोदी ने परमात्मा वाली कहानी क्यों निकाली है? जब चुनाव के बाद ईडी के लोग नरेंद्र मोदी से अदाणी के बारे में पूछेंगे तो नरेंद्र मोदी कहेंगे- मैं नहीं जानता, ये मुझसे परमात्मा ने कहा था। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी जी आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद कीजिए आप देश को बांटने की कोशिश मत करिए। राहुल गांधी ने कहा कि आप सबसे पहले देश और बिहार के युवाओं को ये बताइए कि आपने देश के युवाओं को कितना रोजगार दिया कितनी नौकरियां दी? आपने 2 करोड़ रोजगार की बात की थी आपने 1 युवा को नौकरी नहीं दी। उन्होंने कहा कि 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार आ रही है। सरकार बनते ही हम अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे। सेना इस योजना को नहीं लाई है। नरेंद्र मोदी ने अग्निवीर योजना को सेना पर थोपा है।

### इस चुनाव के बाद मोदी पीएम नहीं रहेंगेः राहुल

**राहुल** गांधी ने कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि इस चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। क्योंकि उन्होंने युवाओं को नौकरी नहीं दी। अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। जातीय जनगणना पीएम मोदी ने नहीं करवाया। हमने जातीय गणना कराने की मांग की तो मोदी जी चुप हो गए। कहने लगे कि देश में कोई जाति ही नहीं है। केवल अमीर और गरीब दो ही जातियां हैं। मेरा सवाल है कि अगर देश में जाति नहीं है तो आप अपनी जाति ओबीसी क्यों बताते हो। राहुल गांधी ने जनता से इंडी गठबंधन को वोट देने की अपील की।

### देश में बेरोजगारी चरम परः राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने कहा कि कभी चीन और पाकिस्तान की बात होगी। फिर अंबानी की शादी दिखाने लगेंगे। लेकिन, मजदूरों के मुद्दे पर कोई बात नहीं करता है। गरीब होते जा रहे हैं और अमीर-अमीर होते जा रहे हैं। देश में सिर्फ 25 से 30 लोग हैं जो अमीर होते जा रहे हैं। बाकी करोड़ों लोग गरीब है। देश में बेरोजगारी चरम पर है। कांग्रेस पार्टी इन समस्याओं को एक झटके में ठीक कर देगी। सबसे पहले हमारा काम होगा कि हम करोड़ों लाखपति बनाने जा रहे हैं।

हर गांव और शहर में गरीबों की लिस्ट बनेगी। जो भी इस देश में गरीबी रेखा से नीचे है, उसका नाम इस लिस्ट में जोड़ा जाएगा।

**तेजस्वी यादव ने भी भाजपा पर बोला हमलाः** इधर, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री जी की भाषा का स्तर इतना गिर चुका है कि कोई भी परिवार के लोग उनका भाषण नहीं सुनना चाहते। उन्होंने कहा कि क्या बात करते हैं? मंदिर, मस्जिद, मछली, मटन, मुजरा ऐसी बातों का वो जिक्र करते हैं ये उनके लिए मुद्दा है। हम पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई की बात करते हैं।

## कांग्रेस 40 सीटें भी पार नहीं कर पाएगीः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलियाः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बलिया की सभा में कहा कि पांच चरण में मोदी 310 का आंकड़ा पार कर गए थे। छठवें चरण में 400 का आंकड़ा पार कर गए हैं। गृहमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कहा कि आइएनडीआइए अलायंस का सूपड़ा साफ हो गया है।

कांग्रेस पार्टी इस बार 40 सीटें भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश यादव को चार सीट भी नसीब नहीं होगी। वह सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के बेल्थरारोड हल्दीरामपुर में भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा के समर्थन जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कहा कि ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है।



**दावा**

▸▸ गृहमंत्री ने कांग्रेस और सपा की भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर निशाना साधा

**पुराने घोटालों को जनता को कराया यादः** उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाली सपा और यूपीए सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटालों को अंजाम दिया है। वहीं दूसरी ओर 25 साल से संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद भी जिनपर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

## सीएम बताए कि कहां मिले और कहां गये 55 लाख रुपए : जयराम

**हमीरपुर/बड़सरः** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हमीरपुर के बड़सर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहते हैं कि चुनाव के दौरान बड़सर में 55 लाख रुपए सीज किए गए। जिसके बारे में उन्होंने अनर्गल आरोप लगाए हैं। सुक्खू बताएं कि वह पैसा कहां से मिला। किससे मिला? किसने जब्त किया। कैसे जब्त किया? किस थाने में मुकदमा दर्ज हुआ? किस संस्था ने दर्ज किया? वह पैसा कहां गया? मैने हर स्तर पर पता किया। मीडिया के माध्यम से, अधिकारियों के माध्यम से, सभी माध्यमों से पता करने के बाद यह साफ हुआ कि ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं हैं। ऐसी कोई जब्ती रिकॉर्ड में ही नहीं हैं और मुख्यमंत्री ने इसके बारे में प्रेस वक्तव्य भी जारी कर दिया कि पैसे बरामद हुए हैं, उसके साथ और भी अनर्गल बातें की। एक मुख्यमंत्री होकर इस तरह से झूठी बातें करना मुख्यमंत्री के पद की गरिमा के भी खिलाफ हैं। इससे शर्मनाक कुछ भी नहीं हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री इस तरह से सफेद झूठ बोले और मयार्दा के खिलाफ आचरण करें। सरकार के डेढ़ साल को मुख्यमंत्री ने सिर्फ झूठ बोलकर चलाया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब से कांग्रेस के विधायक मुख्यमंत्री की नाकामी के कारण उनका साथ छोड़ गये हैं तब से मुख्यमंत्री कुछ भी कह रहे हैं।

## राजकोट टीआरपी आगः हाईकोर्ट ने लगाई राज्य सरकार को फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबादः** गुजरात के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी भीषण आग में 12 बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में ले लिया गया था। गेम जोन में आग लगने की घटना के बारे में सुनकर हर कोई सहम जा रहा है। शव इतनी बुरी तरह झुलस गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। इस मामले में गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ लगातार अपनी नजर बनाए हुए है। शहर में कम से कम



दो ऐसी संरचनाओं को प्रमाणित करने में विफल रहने के लिए अदालत ने नगर निकाय और राज्य सरकार को फटकार लगाई।

**एक दिन पहले दिया था पेश होने का आदेशः** दरअसल, अदालत ने एक दिन पहले अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया था कि वे सोमवार को उसके सामने पेश हों और बताएं कि किन कानून के प्रावधानों के तहत इन इकाइयों को उनके अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया गया है या जारी रखा गया है।

**कोर्ट की लताड़**

▸▸ कम से कम दो ऐसी संरचनाओं को प्रमाणित करने में विफल रहने के लिए निकाय और सरकार को फटकार लगाई

## सेना को मिली हाइड्रोजन से चलने वाली पहली बस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली पहली बस मिल गई है। नई दिल्ली में सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सेना प्रमुख को यह बस आईओसीएल ने आज एक कार्यक्रम में सौंप दी। भारतीय सेना ने हरित और टिकाऊ परिवहन समाधान खोजने की दिशा में दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करते हुए पहली हाइड्रोजन ईंधन बस को अपने बेड़े में शामिल किया है।




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ केएलई एकेडमी में 14वें समागम समारोह में सर्टिफिकेट बांटते हुए।

## मोदी सरकार ने बजट को नया रूप दियाः सीतारमण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विगत 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के लिए एक रणनीतिक खाके में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग करते हैं, उन्हें सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर देते हैं। अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है।



## पद्मश्री पुरस्कार लौटाएंगे हेमचंद मांझी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः पारंपरिक चिकित्सक वैद्यराज** हेमचंद मांझी ने अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटाने का एलान किया है। उनका कहना है कि नक्सलियों की लगातार मिल रही धमकियों की वजह से वह इस पुरस्कार को लौटाएंगे।

**नक्सलियों से मिलीं धमकियांः** पुलिस का कहना है कि नक्सलियों ने रविवार रात नारायणपुर जिले के चमेली और गौरदंड गांवों में दो निर्माणाधीन मोबाइल टावरों में आग लगा दी। इसके साथ ही नक्सलियों ने वहां मांझी को धमकी देने वाले



बैनर लगाए। इसके अलावा वहां कुछ पर्चे भी फेंके गए, जिसमें हेमचंद मांझी की पद्म श्री सम्मान लेते हुए तस्वीर छपी थी। नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि मांझी ने नारायणपुर के छोटेडोंगर इलाके में आमदई घाटी लौह अयस्क परियोजना को शुरू करने में मदद की और इसके लिए रिश्वत भी ली। नक्सलियों द्वारा इससे पहले भी माझी पर इस तरह के आरोप लगाकर धमकी दी गई थी। उधर वैद्यराज मांझी ने खुद पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

**धमकी**

▸▸ नक्सलियों की लगातार मिल रही धमकियों की वजह से वह इस पुरस्कार को लौटाएंगे

## सरकार मुस्लिमों से आरक्षण नहीं छीन सकतीः गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** राजस्थान सरकार द्वारा ओबीसी सूची में 14 मुस्लिम समूहों की समीक्षा करने की घोषणा के बाद, राज्य के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सभी मुसलमान आरक्षण का लाभ नहीं उठाते हैं, केवल पिछड़े लोग ही इसका लाभ लेते हैं।



**सरकार कुछ नहीं कर सकतीः** गहलोत ने कहा कि सरकार चाहे कुछ भी कहे, कुछ नहीं होगा। हमने ओबीसी आयोग की सिफारिशों पर आरक्षण दिया है। सभी मुस्लिम आरक्षण का लाभ नहीं उठाते हैं, लेकिन जो पिछड़े हैं उन्हें आरक्षण मिलता है। कांग्रेस ने ओबीसी श्रेणी के तहत 14 मुस्लिम जातियों को आरक्षण दिया और राज्य सरकार जल्द ही इसकी समीक्षा करेगी।

**केंद्र को घेरा**

### घर की सबसे बड़ी महिला को हर माह मिलेंगे 8500 रुपए, सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण

## केंद्र में सरकार बनते ही रद्द होगी अग्निवीर योजनाः प्रियंका गांधी

**हामिद**

**चंबाः** प्रियंका गांधी ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान में एक भारी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की विदाई का समय अब आ चुका है, तथा इस सरकार का जाना निश्चित है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता में रहना चाहती है उसे आम आदमी से कोई सरोकार नहीं आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है, बेरोजगारी चरम सीमा पर है मगर मोदी सरकार केवल सत्ता सुख पाने में लगी है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने विधानसभा चुनाव में एक ईमानदार सरकार चुनकर भेजी मगर



मोदी जी ने उसे गिराने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी धनबल का प्रयोग किया गया मगर हमारे विधायकों ने एक जुटता दिखाई जिस कारण उनके वह प्रयास सफ ल नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का एकमात्र यही मकसद है कि वह किसी भी हालत में सत्ता हथिया ले चाहे उसे इसके लिए कांग्रेस की सरकारें ही क्यों न गिरानी पड़े। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में जितनी भी योजनाएं बनाई गई सब खराब पतियों के लिए ही बनाई गई। आम जनता की सुविधा का इसमें कोई ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि खराब पतियों के कर्ज माफ करने के लिए सरकार के पास 16 लाख करोड रुपए निकल जाते हैं मगर जहां ओ पी एस की बात आए तो उस समय सरकार के पास पैसे नहीं होते। इस सरकार में किसान एबेरोजगार जूझ रहा है जनता महंगाई से जूझ रही है पिछले 10 वर्षों के मोदी राज में बेरोजगारों की संख्या 70 करोड़ हो चुकी है 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सहित भाजपा के नेता ऊलजुल बातें कर वोट मांग रहे हैं जिसमें कहा जा रहा है कि कांग्रेस आपकी भैंस चुरा लेगी मंगलसूत्र चुरा लेगी। वह कांग्रेस को भ्रष्टाचारी पार्टी बता रहे हैं। कांग्रेस ने 55 वर्षों तक देश पर राज किया मगर वह दुनिया की सबसे अमीर पार्टी नहीं बन पाई मगर भारतीय जनता पार्टी ने तो मात्र 10 वर्षों में ही यह कारनामा करके दिखा दिया तो इस में भ्रष्टाचार में कौन लिप्त है यह आप सब जानते हैं।

**साधा निशाना**

▸▸ भारतीय जनता पार्टी सरकार की विदाई का समय अब आ चुका है, तथा इस सरकार का जाना निश्चित है

## यूपी से खत्म हुआ माफिया राजः योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजीपुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी से माफिया का सफाया करने के बाद अब प्रदेश में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ सोमवार को मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज



शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

**कृष्णानंद राय के हत्यारों को सपा ने दिया था संरक्षणः** मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की पावन धरा को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए स्वर्गीय कृष्णानंद राय जी के बहुत से सपने थे। यहां के विकास को लेकर वह अत्यंत चिंतित रहते हैं और लगातार प्रयास करते थे। जब भी कृष्णानंद राय जैसा कोई जनप्रतिनिधि विकास के लिए कोई प्रयास करता था सपा के लोग ऐसे नेताओं को माफियाओं की भेंट चढ़ा देते थे।

इन लोगों ने स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्या पर संवेदना व्यक्त करने की जगह हत्यारों को संरक्षण दिया और आज माफिया के मरने पर मातम मनाने आते हैं।

# संपत्ति कर न जमा करने पर कटेगा पानी और सीवर का कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** नगर निगम सीमा क्षेत्र में रह रहे 1.94 लाख करदाता ऐसे हैं, जिन पर 27.75 करोड़ रुपये से अधिक का संपत्ति कर बकाया है। नगर निगम द्वारा शत प्रतिशत करदाताओं से संपत्ति कर जमा कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में अभियान भी चलाया, लेकिन अब तक इन करदाताओं ने संपत्ति कर जमा नहीं कराया है। लोकसभा चुनाव आने के कारण संपत्ति कर की वसूली को लेकर चलाया जा रहा अभियान धीमा पड़ गया, चार जून को चुनाव के परिणाम आने के बाद पांचों जोन में बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा।

**शहर में विकास कार्य होते हैं प्रभावित**

पिछले चार साल के आंकड़ों पर गौर करें तो नगर निगम एक बार भी शत प्रतिशत संपत्ति कर की वसूली नहीं कर सका है। संपत्ति कर जमा न किए जाने के कारण शहर में विकास कार्य प्रभावित होते हैं। नगर निगम द्वारा संपत्ति कर जमा न करने वालों पर ब्याज लगाया जाता है,
लेकिन कुछ करदाता अपना संपत्ति कर जमा नहीं करते हैं। ऐसे करदाताओं के घरों से पानी और सीवर का कनेक्शन काटने का कार्य भी किया जाता है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा. संजीव सिन्हा ने बताया कि संपत्ति कर जमा न करने वाले करदाताओं से वसूली के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चलाने के बाद भी यदि संपत्ति कर जमा नहीं कराया गया तो बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए बकायेदार करदाताओं के घरों से पानी और सीवर का कनेक्शन भी काटा जाएगा।




# दिनदहाड़े पेट्रोल पंप कर्मी से लाखों की लूट




**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** कविनगर क्षेत्र की राजनगर सेक्टर 3 चौकी क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के आवास के पास सोमवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े पेट्रोल पंप कर्मी से करीब साढ़े नौ लाख रुपये लूट लिए। उस समय वह नवयुग मार्केट स्थित एसबीआई में नकदी जमा करने जा रहे थे। कर्मचारी ने पेट्रोलपंप मालिक को सूचना दी। मालिक ने इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मयंक राजपूत राजनगर एक्सटेंशन स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर मुंशी हैं। मयंक ने बताया कि सोमवार को बैंक में पैसे जमा करने जा रहे थे। जैसे ही वह राजनगर में सर्विस रोड पर पहुंचे तो पीछे से बाइक सवार दो बदमाश उनकी जेब से मोबाइल निकालने लगे। इसके बाद ओवरटेक करके उन्होंने स्कूटी साइड लगवा ली। एक बदमाश ने तमंचा तानकर स्कूटी की डिग्गी खोलकर नकदी से भरा बैग निकाल लिया और भाग गए। दोनों ने हेलमेट लगाए हुए थे।

# रुपये खोने पर किया अपहरण का नाटक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** शेयर मार्केट निवेश करने के लिए घर वालों से लिए एक लाख रुपये खोने पर सीए के छात्र ने खुद के अपहरण की झूठी साजिश रच ली और दिल्ली के एक होटल में कमरा किराए पर लेकर वहां से परिजनों को अपहरण के फर्जी मैसेज भेजकर फिरौती की रकम मांगी। मामले में छात्र के पिता ने कविनगर थाने में सूचना दी तो पुलिस ने जांच के बाद छात्र को दिल्ली से एक होटल से सकुशल बरामद कर लिया। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को थाने पर आकर अरुण कुमार नाम के व्यक्ति ने सूचना दी कि उनके बेटे अभिषेक कुमार का अपहरण हो गया है और उनके पास फिरौती के लिए मैसेज व कॉल आई है। पुलिस ने तत्काल मामले में जांच कर युवक का नंबर ट्रेस किया तो लोकेशन के आधार पर पुलिस ने उसे दिल्ली के होटल से सकुशल बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि उसने शेयर मार्केट में निवेश के लिए घर वालों से एक लाख रुपये लिए थे जो उसे कहीं खो गए। इस बात को छिपाने के लिए अभिषेक ने अपहरण की साजिश रची और दिल्ली के होटल में कमरा किराए पर लेकर वहां से फिरौती के फर्जी मैसेज भेजें।

# ईओ के निलंबन की संस्तुति का भेजा पत्र

**शांति**

**यमुना अथॉरिटी की अधिसूचित जमीनों पर नगर पंचायतों की शह पर काटी जा रहीं अवैध कालोनियां**

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** अधिसूचित जमीनों पर अवैध कालोनियों और निमार्णों को रोक पाने में नाकाम यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने अब नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी को निशाने पर लिया है। दनकौर में अधिसूचित जमीन पर नगर पंचायत की ओर से नक्शा स्वीकृत करने के मामले में अधिशासी अधिकारी (ईओ) के निलंबन की संस्तुति के साथ शासन को पत्र भेजा है। साथ ही ईओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की भी तैयारी है। उधर, जहांगीरपुर, रबूपुरा और दनकौर में 300 से ज्यादा अवैध निर्माण भी चिह्नित किए गए हैं, मगर कार्रवाई की जगह यीडा के अधिकारी कागजी खेल में ही जुटे हैं। यमुना अथॉरिटी की अधिसूचित जमीनों और नगर पंचायतों की सीमा में महज एक से डेढ़ मीटर का ही अंतर है। ऐसे में दनकौर के साथ ही अन्य नगर पंचायतों ने यीडा की अधिसूचित जमीनों पर कालोनी बसाने के लिए बकायदा सरकारी फीस जमाकर नक्शा स्वीकृत कर दिया है। उधर, इन्हीं चिह्नित जमीनों पर यमुना प्राधिकरण भी भूखंड योजना की तैयारी में है। मगर, इससे पहले ही यहां जमीनों की बिक्री आदि होने से योजना की बाधाएं बढ़ सकती हैं। उधर, अधिसूचित जमीनों पर अवैध कालोनी के विकसित होने की जानकारी के बावजूद प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर भी नहीं गए हैं।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं–

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | डी.एफ.सी.सी.आई.एल. के मार्ग पर सहारनपुर–अम्बाला सेक्शन पर सरसावा–कलानौर रेलवे स्टेशन के मध्य कि.मी. सं. 196/7–9 पर समपार फाटक संख्या 93–सी/2 के बदले पहुंच मार्ग सहित 2 लेन सड़क उपरी पुल का शेष कार्य (रेलवे स्पैन: 1x54.00 मीटर बो स्ट्रिंग गर्डर तथा 1x24.00 मी. स्टील कम्पोजिट गर्डर, नॉन रेलवे स्पैन: 4x24.00 मी. स्टील कम्पोजिट गर्डर का निर्माण तथा अम्बाला मण्डल के धुरी–बठिण्डा सेक्शन पर टापा रामपुरा फूल रेलवे स्टेशन के मध्य टी.पी. 140/11–12 पर समपार फाटक सं. 115–बी/2 टी के बदले 2 लेन सड़क उपरी पुल का निर्माण का कार्य करने हेतु। |
| अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | ₹3462.08 लाख |
| जमा की जाने वाली जमानती राशि | ₹18,81,100/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 09 माह |
| विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 28.05.2024 से 18.06.2024 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध होगी। |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा 11:30 बजे दिनांक 04.06.2024 से 18.06.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11:30 बजे दिनांक 18.06.2024 को खोला जाएगा। |
| निविदा खुलने की तिथि और समय | 18.06.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोली तदनुसार खोली जायेगी। जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी। |

स.: 74–डब्ल्यू/1/1/520/डब्ल्यू.ए/अम्बाला कैंट दिनांक: 24.05.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1584/2024

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18241251 | थर्मल टिकट रोल्स ऑफ 500 इच फॉर अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम | 185930 रोल्स | 19-06-24 |
| 02 | 09243032 | एनेमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग, वाइट | 39023 लीटर | 24-06-24 |
| 03 | 01241839 | ट्रांस्वर्स बॉन्ड 40 एम एम x 6 एम एम | 7043 नग | 24-06-24 |
| 04 | 09242597 | वियर प्लेट फॉर योक पिन सपोर्ट | 22064 नग | 01-07-24 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस स. 18/2024–2025 दिनांक 27.05.2024 1585/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | एलएचबी एसीसीएन और एसीसीडब्ल्यू कोचों में अतिरिक्त मोबाइल चार्जिंग पॉइंट का प्रावधान। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 19.06.2024 प्रातः 11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 27.05.2024 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 3,69,77,587.20 सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 3,34,900/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 36 months |
| बोली आरंभ तिथि | 05.06.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 19.06.2024 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

क्रमांक 56-डब्ल्यू/इलेक्ट/23–24/टी/11/RSP/मोबाइल चार्जिंग 1590/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## होलंबी कलां में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स टर्मिनल का निर्माण

### रूचि की अभिव्यक्ति

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के होलम्बी कलां रेलवे स्टेशन के पास पूर्णतः रेलवे भूमि पर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स टर्मिनल को विकसित करने के लिए इच्छुक कंसल्टेंसी संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है जिसमें व्यवहार्यता तलाशना, डीपीआर की तैयारी और रिटर्न की दर (ROR) की गणना शामिल है। रुचि की विस्तृत अभिव्यक्ति www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है

**मुख्य विशेषताएं :**

- इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य है:
  - औद्योगिक केंद्रों और आसपास के उद्योगों को रेलवे से जोड़ना।
  - वेयरहाउसिंग, पैकेजिंग, प्रसंस्करण सुविधाएं आदि प्रदान करना।
  - आस–पास के उद्योगों से कार्गो आकर्षित करना।
  - कार्गो हैंडलिंग क्षमता बढ़ाना और लोजिस्टिक्स लागत में कटौती करना।
  - थोक और तैयार कार्गो, खराब होने वाली वस्तुओं, समय के प्रति संवेदनशील कार्गो आदि के परिवहन को सक्षम करने और टर्न राउंड टाइम को कम करने के लिए।
- यह मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स टर्मिनल निम्न के निकट होगा:
  - नरेला औद्योगिक क्षेत्र
  - नरेला मंडी
  - बवाना औद्योगिक क्षेत्र
  - भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र
  - कुंडली औद्योगिक क्षेत्र
- इसे निर्माणाधीन अर्बन एक्सटेंशन रोड (UER II) से जोड़ने का प्रस्ताव है।
- यह UER II और NH-44 के माध्यम से KMP एक्सप्रेसवे से जुड़ा होगा।

इच्छुक कंसल्टेंसी संस्थायें कृपया अपनी रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्ताव 15:00 बजे तक 20.06.2024 वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कार्यालय, मं.रे.प्र. कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110055 पर भेज सकते हैं या ई–मेल आईडी srdomcdli@gmail.com पर भेज सकते हैं,
संपर्क विवरण :- पी एंड टी- 011-23743352, मो.-9717631901, 9717634799

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1573/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 60 साल, **कदः** 5'2", **लिंगः** पुरुष, **बरामदी स्थलः** जो लाल किला मैट्रो स्टेशन गेट नं. 1, चांदनी चौक, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया था। मृतक के शव को सब्ज़ी मंडी मोर्चरी में पहचान के लिए जमा कराया गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 10A, दिनांक 24.05.2024, पुलिस स्टेशनः कोतवाली, उत्तरी जिला, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः कोतवाली, उत्तरी जिला, दिल्ली
DP/6244/N/2024 फोनः 9289815971, 8750870121


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### शुद्धिपत्र

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 103/2023–2024 दिनांक 20.03.2024 क्र.सं. 13
निविदा संख्या 77239072RGC खुलने की तिथि 21.05.2024
उपरोक्त संदर्भित निविदा की खुलने की तिथि 21.05.2024 से बढ़ाकर 06.06.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांकः 27.05.2024 1580/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय भास्कर, पुत्रः वेद कुमार अग्रवाल, पताः 323, नर्मदा अपार्टमेंट, अलकनंदा, नई दिल्ली** ने **FIR No. 466/2023, dated 10.10.2023, U/s 419/420/467/468/471/120-B IPC, पुलिस थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजय भास्कर** मिल नही रहा है और मुझे समाधनप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **विजय भास्कर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 466/2023, dated 10.10.2023, U/s 419/420/467/468/471/120-B IPC, पुलिस थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली** के अभियुक्त **विजय भास्कर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निधीश कुमार मीना
महानगर दण्डाधिकारी–10
कमरा न. 316, तीसरी मंजिल
DP/6100/SW/2024 द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष **जिसका नामः विनीत,** (दुर्घटना से मृत्यु) **पुत्रः जगदीश, पताः** हर की पौड़ी, हरिद्वार, उत्तराखण्ड, जो कि **दिनांकः 23.05.2024 को बुराड़ी, दिल्ली** में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **FIR No.: 319/24, Dated 23.05.2024 U/S 279/337/304-A IPC पुलिस थाना बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। फोटो साफ नहीं है।

नीचे अज्ञात मृत पुरूष की पहचान दी गई है :
**नामः विनीत, उम्रः** 65 वर्ष, **कदः 5'7"** **रंगः** साफ **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** लम्बा **पहनावाः** भगवा वस्त्र धोती (साधु बाबा जैसा पहनावा)
अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना अध्यक्ष
पुलिस थाना बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली
DP/6232/N/2024 फोन नं.: 875087013 & 9868316042

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश


नरेंद्र कपूर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **नरेंद्र कपूर पुत्र विशेश्वरनाथ** निवासी E-15/14, दूसरी मंजिल, पूर्वी कृष्णा नगर, दिल्ली, जो अपने घर से दिनांक. 15.05.2024 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 80A दिनांक. 15.05.2024 थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** में दर्ज है। इस व्यक्ति का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है।
**उम्र-** 78 वर्ष, **रंग-** गेहुंआ, **कद-** 5'10", **चेहराः** लंबा, **शरीरः** पतला, **पहनावा-** पीली चेकदार रंग की शर्ट और नीली पैंट और काले रंग की चप्पल पहने है, स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** निम्नलिखित ई-मेलः cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

फोनः 011-24368638,24368641
फैक्स नं. 011- 24368639
DP/6029/SHD/2024
हस्ता/- थानाध्यक्ष
कृष्णा नगर, दिल्ली,
फोनः 9313302686

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## change of name

I Sunita W/o Rajesh Kumar R/o Rindal, Rindal (61), Karnal, Haryana-132041, have changed my name to Kunta Devi.

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# कांग्रेस विधायकों के हलकों में बढ़कर हुआ मतदान

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़/काजल रानी

**हरियाणा** में लोकसभा चुनाव के लिए पिछले 25मई को मतदान ने कई संकेत दे दिए है। प्रदेश की नायब सैनी सरकार के कुछ मंत्रियों के हलकों में कम मतदान हुआ वहीं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के कई विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में अधिक मतदान दर्ज किया गया। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा के विधानसभा क्षेत्र बड़खल में सिर्फ 51 प्रतिशत मतदान हुआ, जो न केवल फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश में सबसे कम है। उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा के हलके बल्लभगढ़ में मतदान 54 प्रतिशत हुआ। अंबाला संसदीय क्षेत्र में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. ज्ञानचंद गुप्ता के हलके पंचकूला में सबसे कम 56 प्रतिशत मतदान हुआ,



जबकि परिवहन मंत्री असीम गोयल के हलके अंबाला शहर और पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के हलके अंबाला कैंट में मतदान प्रतिशत 62 प्रतिशत पर रहा। अंबाला से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी के हलके मुलाना में 69 प्रतिशत मतदान हुआ है। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के हलके जगाधरी में 74 प्रतिशत मतदान हुआ। सढ़ोरा में 70 प्रतिशत मतदान हुआ। यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में 64 प्रतिशत मतदान हुआ है, जहां से भाजपा के विधायक घनश्यामदास अरोड़ा हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पैतृक हलके नारायणगढ़ में 69 प्रतिशत मतदान हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विधानसभा क्षेत्र रहे करनाल में 57 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। रोहतक

**मत प्रतिशत**

**बड़ौली के हलके राई में 67 प्रतिशत और विधायक इंदुराज के हलके बरोदा में 62 प्रतिशत मतदान हुआ**

लोकसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हलके गढ़ी-सांपला-किलोई और निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू के हलके महम में 79 प्रतिशत मतदान हुआ है।

सोनीपत संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के हलके राई में 67 प्रतिशत और कांग्रेस विधायक इंदुराज भालू के हलके बरोदा में 62 प्रतिशत मतदान हुआ। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के घराने की विरासत संभाल रही किरण चौधरी के हलके तोशाम में 57 प्रतिशत मतदान हो सका। पिछले लोकसभा चुनावों के मुकाबले इस बार कम मतदान को भाजपा अपने हक में मान रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ अधिक मतदान कांग्रेस को रास आ रहा है। किसान आंदोलन से सर्वाधिक प्रभावित अंबाला, सिरसा और कुरुक्षेत्र में मतदान अधिक हुआ है। सिरसा में भाजपा के अशोक तंवर और कांग्रेस की कुमारी सैलजा, अंबाला में कांग्रेस के वरुण मुलाना और भाजपा की बंतो कटारिया तथा कुरुक्षेत्र में भाजपा के नवीन जिंदल, आईएनडीआईए गठबंधन के डॉ. सुशील गुप्ता और इनेलो के अभय चौटाला में कड़ा मुकाबला है।

# लू से बचाव के लिए सरकार ने जारी की एडवाइजरी

टीम एक्शन इंडिया
चण्डीगढ़/दीपिका शर्मा

**हरियाणा** के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने गर्मी के मौसम को देखते हुए हरियाणा सिविल सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारियों को बिजली के उपकरणों, विशेषकर ए.सी., कूलर और पंखों इत्यादि के सम्बन्ध में खास एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा सभी शाखा प्रभारियों को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान कई विद्युत उपकरण जैसे ट्यूब लाइट, यू.पी.एस. दीवार पंखे, पेडस्टल फैन, सीलिंग पंखे और एयर कंडीशनर चलते हुए पाए गए। ऐसी लापरवाही के चलते बिजली की बबार्दी हो रही है जिससे बिजली का बिल बढ़ने के साथ-साथ बिजली उपकरण भी खराब हो सकते हैं। साथ ही इससे आग लगने की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए अधिकारी-कर्मचारी यह



सुनिश्चित करें कि उपयोग में न होने या कार्यालय छोड़ने से पहले बिजली के सभी प्वाइंट बंद हों। यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए शाखा प्रभारी उत्तरदायी होंगे। इसके अलावा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी इलाज से बचाव बेहतर है। इसलिए आमजन से आह्वान किया गया है कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें।
लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें।

## न्यूज फ्लैश

### गांव में भीषण आग लगने से 2 पशुओं की मौत

टीम एक्शन इंडिया
**पलवल**: जिले के हथीन उपमंडल के गांव मनकाकी में सोमवार को अचानक आग लगने से तीन पशु झुलस गए। जबकि दर्जन भर भूसा के बौंगे और बिटोड़ा सहित एक झोपड़ी जलकर राख हो गई। आग में झुलसे तीन पशुओं में से दो की मौत हुई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दो फायर बिग्रेड की गाडियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। मिली जानकारी के अनुसार मनकाकी गांव निवासी जुबैर नामक पशुपालक के भूसा के बौंगे और बिटोड़े में अचानक आग की लपटें उठने लगी। गर्मी अधिक होने के चलते आग के नजदीक जाने में हर कोई डर रहा था। लेकिन ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसी दौरान किसी ने फायर बिग्रेड को आग की सूचना दे दी। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन आग की चपेट में आने से दो पशुओं की मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रुप से झुलस गई।
**आग में झुलसे 3 पशु**: इसके बाद आग ने भंयकर रूप ले लिया और आस पास बने भूसा के बोंगों और बिटोड़ों के अलावा लकडियों और झोपड़ी ने आग पकड़ ली। आग इतनी भयानक थी कि आग के आसपास जाने में लोग डर रहे थे। जिससे आग की चपेट में आने से पशुपालक जुबैर के दो पशु और अजरु की एक भैंस झुलस गई। वहीं उनके ही गांव के निवासी अजरु, महबूब, अलीजान, अहमद, शाकिर व सलमू के भूसा के बोंगे और बिटोड़े जलकर राख हो गए। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस जांच में जुटी है। सूचना मिलने पर मौके पहुंच गए और घटना स्थल जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### काठ मंडी के लकड़ी गोदामों में लगी आग, करोड़ों का नुकसान

टीम एक्शन इंडिया
**जींद**: काठ मंडी स्थित लकड़ी के गोदाम में रविवार देर रात आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जाता। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक करोड़ों रुपये की लकड़ी व कीमती सामान जल कर राख हो चुका था। आग इतनी भीष्ण थी कि उसने आसपास की दुकानों को भी चपेट में ले लिया। काठ मंडी में महेश तथा कुलवंत का लकड़ी का गोदाम है। रविवार रात को गोदामों में आग लग गई। गोदाम से धुंआ व आग की भीष्ण लपटें उठती देख इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। गर्मी अधिक होने तथा लकड़ी होने के चलते आग लगातार फैलती चली गई। जिस पर आसपास क्षेत्र की अन्य फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी मौके पर बुलाया गया। सभी के भरसक प्रयास और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आशंका जताई जा रही है कि गोदाम में शॉर्ट सर्किट हुआ है और उससे लकड़ी में आग लगी है। आग से करोड़ों रुपये का नुकसान आंका जा रहा है। फायर अधिकारी सुखदेव ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाडि?ां मौके पर पहुंची थी। आग पर काबू पा लिया गया है। हादसे में किसी तरह की जान का नुकसान नही हुआ है।

### ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर आआपा कार्यकर्ताओं ने आधी रात को किया हंगामा

टीम एक्शन इंडिया
कैथल: आरकेएसजी कॉलेज में बने ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर रविवार आधी रात को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। पुलिस और प्रशासन की टीम ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को स्ट्रांग रूम से हटाने का प्रयास किया। जिसके बाद मामला दोनों पक्षों में बहस हो गई। कॉलेज में पहरा दे रहे पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें खदेड़ने की मंशा से रात भर परेशान करती रही। दरअसल, 25 मई को हुई लोकसभा चुनाव के बाद ईवीएम मशीनों को आरकेएसडी कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाया गया है। जहां 4 जून को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

# सभ्य समाज के निर्माण के लिए महिलाओं का आदर बहुत जरूरी : दत्तात्रेय

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़**: हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि भारत का युवा बहुत ही ऊर्जावान है। पूरे विश्व की निगाहें भारत की युवा पीढ़ी पर लगी हैं। यहां का युवा दुनिया के अन्य देशों की जरूरत बन रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं में नवाचार के साथ-साथ हर पल कुछ नया सीखने की भावना का होना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल महज अपने तक रोजगार पाने की न सोचकर अन्य को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें। इसके साथ ही अपने अंदर समाज और राष्ट्र सेवा की भावना रखकर देश को दुनिया का सुपर पावर देश बनाएं। उन्होंने समाज से महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने व पूरा




सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सभ्य समाज के निर्माण के लिए महिलाओं का आदर करना बहुत जरूरी है। महामहिम राज्यपाल श्री दत्तात्रेय सोमवार को स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश डॉ. सूर्यकांत भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। महामहिम राज्यपाल श्री दत्तात्रेय और न्यायधीश डॉ. सूर्यकांत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने दीक्षांत समारोह में 2021 से 2023 तक के 744 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान, जिनमें

**आह्वान**

**युवाओं में नवाचार के साथ-साथ हर पल कुछ नया सीखने की भावना का होना जरूरी: दत्तात्रेय**

509 छात्राएं शामिल थी। विभिन्न विषयों के 21 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए, जिनमें 18 छात्राएं शामिल रहीं। उन्होंने समारोह में शिक्षा के क्षेत्र के उल्लेखनीय योगदान देने वाले डीएवी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष पूनम सूरी को पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा। राज्यपाल ने डिग्री लेने व स्वर्ण पदक हासिल करने वालों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में महामहिम राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जहां भी जाएं, अपने अभिभावकों, समाज व राष्ट्र के साथ-साथ अपने विश्वविद्यालय को कभी न भूलें, जहां से उन्होंने शिक्षा-दीक्षा ली है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में हमेशा नई तकनीक सीखकर आगे बढने, नवाचार और नया शोध करने की भावना का होना जरूरी है। निपुणता जितनी बढ़ेगी, उतने ही रोजगार के अवसर अधिक मिलेंगे। उनहोंने कहा कि युवाओं में समाज के प्रति समपर्ण की भावना होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में पैसा सर्वोपरि नही मानना चाहिए।

## डायल 112 इंचार्ज महिला एएसआई के साथ हाथापाई

टीम एक्शन इंडिया

**जींद**: सदर थाना पुलिस ने झगड़े की सूचना पाकर गांव बरहा कलां पहुंची डायल 112 महिला इंचार्ज के साथ मां व बेटी द्वारा हाथापाई किए जाने पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को सदर थाना क्षेत्र में डायल 112 इंचार्ज एएसआई सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें गांव बरहा कलां निवासी प्रीती ने कॉल कर झगड़े की सूचना दी थी। जिस पर वह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की लेकिन मनजीत देवी तथा उसकी बेटी रितू उनसे उलझ गई।

# अवैध गर्भपात करवाने पर अस्पताल संचालक व महिला के खिलाफ मामला दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**जींद**: सफीदों स्थित खानसर चौक पर निजी अस्पताल में अवैध गर्भपात करवाने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी की शिकायत पर अस्पताल संचालक तथा वहां काम करने वाली एक महिला के खिलाफ एमपीटी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. पालेराम कटारिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया

**धोखाधड़ी**

**एमपीटी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है**

कि सफीदों के खानसर चौक पर अनुज मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पर भ्रूण हत्या, गैर कानूनी कार्य करने की सूचना पर गत दिवस छापेमारी की गई थी। जहां पर गांव जयपुर निवासी प्रवीन कुमारी दाखिल थी। जिसने छापामार टीम को बताया कि वह इस अस्पताल में दस मई को पेट दर्द का इलाज करवाने आई थी। जांचने पर अस्पताल में काम करने वाली सीमा ने बताया कि वह गर्भवती है। जिसे कुछ इंजेक्शन तथा दवाई दी गई। उसी दिन शाम दर्द होने फिर अस्पताल पहुंची। जिस पर सीमा ने उसकी सफाई कर दी। अगले दिन फिर ब्लीडिंग होने पर उसे फिर अस्पताल बुला, फिर से उसकी सफाई की गई। फिर 15 दिन बाद उसे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा। गत 25 मई को असंध में अल्ट्रासाउंड करवाने पर उसे गर्भवती बताया गया।

## तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल लिए बनाया 'ई-स्वास्थ्य धाम' ऐप

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़**: उत्तराखंड सरकार ने पवित्र चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल और निगरानी प्रणालियों में सुधार के लिए 'ई-स्वास्थ्य धाम' ऐप नामक पहल शुरू की है। यह ऐप एक विशेष ऑनलाइन टूल है, जिसे यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति को ट्रैक करने के लिए सावधानीपूर्वक बनाया गया है। 'ई-स्वास्थ्य धाम' ऐप वर्तमान में चार धाम पंजीकरण पोर्टल से निर्बाध रूप से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक भक्त को इस ऐप पर पंजीकरण करना और अपना मेडिकल रिकॉर्ड अपलोड करना जरूरी है।

# सेवा परमो धर्मः को चरितार्थ करती हरियाणा पुलिस



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़: सेवा परमो** धर्मः की भावना को चरितार्थ करती हरियाणा पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट इन दिनों उन सभी लोगों के लिए गहरे अंधकार में उम्मीद की किरण बन रही है जिन्होंने किसी न किसी कारणवश अपने बच्चों अथवा करीबी को दुनिया की भीड़ में खो दिया है क्योंकि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के एएसआई राजेश कुमार एवं अन्य कर्तव्य और मानवता धर्म का संयुक्त रूप से पालन करते हुए नियमित तौर पर परिवार से बिछड़े बच्चों को उनसे मिलवाने का नेक कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में राजेश कुमार ने 22 साल बाद लापता युवक अमित को उसके परिवार से मिलवाने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अमित 7 साल की छोटी उम्र में ही अपने परिवार से बिछड़ गया था। अमित की वर्तमान आयु 29 साल है। अमित अपने परिवार से मिलने के लिए पिछले कई सालों से संघर्ष कर रहा था। आखिरकार उसने राज्य अपराध शाखा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पंचकूला में कार्यरत एएसआई

**उम्मीद**

**एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने 22 साल से लापता बच्चे को अपने परिवार से मिलवाया**

राजेश कुमार से संपर्क किया और वर्षों बाद अपने परिवार से मिलने में कामयाब हुआ। एएचटीयू की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए पुलिस महानिदेशक ने एएसआई राजेश कुमार को बधाई देते हुए उसका मनोबल बढ़ाया।
**क्या था मामला**: अमित ने राजेश कुमार को बताया कि वह कई वर्षों से अपने परिवार की तलाश कर रहा है अमित ने बताया कि वह 7 वर्ष की आयु में अपने परिवार से बिछड़ गया था लेकिन होश संभालते ही उसने अपने परिवार को ढूंढना शुरू कर दिया। उसने बताया कि वह एक महीना नौकरी करता था और एक महीना अपने परिवार की तलाश में निकल पड़ता था।

# 'मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली' के मिले डिजाइन राइट्स

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़**: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,हिसार को 'मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली' नामक डिजाइन किए गए उत्पाद पर दस साल के डिजाइन राइट्स प्राप्त हुए हैं। भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से जारी डिजाइन प्रमाण पत्र में इस उत्पाद को 371981-001 पंजीकरण संख्या प्रदान की गई है। शोधार्थी खुशबू ने इस मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली का डिजाइन विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु मेहता की देखरेख में किया है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि




के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। अक्सर देखा गया है कि पशुपालन में महिलाओं को चारा डालने में सबसे ज्यादा समस्या होती है। इसलिए ऐसे कार्य को करने के लिए उपयुक्त साधन की जरूरत होती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए मोटाइल कैटल फीडिंग ट्राली (पशु चारा ट्राली) बनाई गई है।

यह ट्रॉली आयरन शीट और रबड़ से बनी हुई है। ट्रॉली का इस्तेमाल हम चारा डालने के साथ - साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए

**राइट्स प्राप्त**

**का इस्तेमाल हम चारा डालने के साथ - साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए कर सकते हैं**

कर सकते हैं। मोटाइल कैटल फीडिंग ट्राली ऐसा साधन है जिससे चारा आसानी से उठाया जा सकता है और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। इससे महिलाओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा उनके समय एवं ऊर्जा की बचत भी होगी।

# मतगणना के लिए संबंधित कर्मचारियों की करवाई जाए ट्रेनिंग: विक्रम सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद**: भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की तैयारियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बैठक लेते हुए विस्तृत चर्चा की। सुचारू रूप से मतगणना का कार्य संपन्न करवाने के लिए आयोग ने विशेष दिशा-निर्देश दिए। फरीदाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मौके पर ही लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विस्तार से मतगणना को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी

**चर्चा**

**भारत निर्वाचन आयोग ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से की मतगणना की तैयारियों पर चर्चा**

सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतगणना के लिए पूर्ण बंदोबस्त करें। सभी हिदायतों की अनुपालना करवाना सुनिश्चित करें। मतदान के उपरांत अब मतगणना बेहद महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही के लिए कोई स्थान नहीं है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य सेक्टर-16 स्थित पंजाबी भवन में होगा। इसी प्रकार फरीदाबाद एनआईटी की मतगणना लखानी धर्मशाला में, बडखल की मतगणना का कार्य दौलतराम खान धर्मशाला में, बल्लभगढ़ की मतगणना सुषमा स्वराज राजकीय महिला महाविद्यालय बल्लबगढ़ में तथा फरीदाबाद की मतगणना का कार्य सेक्टर-14 स्थित महात्मा हंसराज सभागार डीएवी स्कूल और तिगांव विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना के लिए सीसीटीवी कैमरों को स्थापित करवायें।

# छह दिन पूर्व हुए अपहरण व लूट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद**: करीब छह दिन पूर्व सेक्टर-11 एरिया से अपहरण व लूट के मुकदमें में अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने चार आरोपियो को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने इस मामले में बताया कि अपराध शाखा उंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज की टीम के द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियो में चरण सिंह,विक्की उर्फ विवेक, अनिल और भारत नागर उर्फ भालू नाम शामिल है। आरोपी चरण सिंह(39) वासी अभयपुर गुरुग्राम हाल डबुआ कॉलोनी एनआईटी का, आरोपी विक्की उर्फ विवेक(20) निवासी गांव कोट फरीदाबाद का, आरोपी अनिल(36) निवासी गांव किवाना



पानीपत, आरोपी भारत उर्फ भालू(24) निवासी गांव कचेडा गौतमबुध्द नगर हाल फ्रैंड्स कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपियो को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मौजपुर एरिया से काबू किया है। आरोपियो से मौके पर गाडी, देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रोंद बरामद किए गए है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चरण का आरोपी भारत भांजा है। आरोपी अनिल व विक्की दोस्त है। आरोपी चरण सिंह स देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रोंद बरामद हुए है। आरोपी देसी पिस्तौल को ऋषिकेश की व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी चरण प्रोप्रटी डीलर का काम तथा आरोपी अनिल ओयो होटल चलाने का काम करता है। आरोपियो ने वारदात को पैसे के लिए अंजाम दिया है। आरोपियो द्वारा देर रात को सेक्टर-11 पैट्रोल पम्प के पास से स्कॉर्पियों गाडी मे आते हुए व्यक्ति को अपनी स्कूटी से टक्कर मारी जिसको लेकर स्कॉर्पियो गाडी में से व्यक्ति उतरा तो उसका उसकी गाडी मे अपहरण कर ग्रेटर नोएडा ले गए। आरोपियो द्वारा व्यक्ति से 2500 रुपये नगद, सोने की चेन व एटीएम कार्ड स्नैचिग किए गए तथा एटीएम कार्ड को प्रयोग कर पैसे निकालने की कोशिश की गई। पिन गलत होने पर पैसे नही निकले। आरोपियो से गाडी गलगोटिया कॉलेज के पास हड़बड़ाहट में डिवाइडर पर चढ़ गई और तार फेंसिंग में फंस गई। आरोपी डर से कार छोडकर भाग गए। जहां से स्थानीय पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो गाडी को बरामद कर कारोबारी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी चरण सिंह पर पूर्व में 7 मुकदमें लूट, स्नैचिंग और. मार-पीट के थाना एसजीएम नगर,सुरजकुण्ड, एनआईटी, कोतवाली में दर्ज है। आरोपी भारत के खिलाफ थाना शहर बल्लबगढ में 2 मुकदमें लडाई-झगडे के दर्ज है।

**सफलता**

**आरोपी चरण प्रोप्रटी डीलर का काम तथा आरोपी अनिल ओयो होटल चलाने का काम करता है**

## न्यूज फ्लैश

### गर्मी के मौसम में नहर में नहाने वाले सावधान, पुलिस करेगी कारवाई: पुलिस अधीक्षक




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : गर्मी का मौसम शुरू होते ही युवाओं में नहर में नहाने का क्रेज बढ जाता है । गर्मी के मौसम में नहरों में नहाने के दौरान हादसे रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है । नहरों के आस-पास नहाने वालों को चेतावनी दी जा रही है कि नहर में नहाने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी। इस सम्बन्ध में नहर के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाये गये हैं तथा आस-पास के गांव के लोगों की सहायता के लिए आमजन का भी सहयोग लिया जा रहा हैं । पंचायतों से आग्रह किया जा रहा है कि गांव में मुनियादी करवाएं कि नहर में नहाना वर्जित है और पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । पुलिस द्वारा एक मुहिम के तहत आमजन को जागरुक किया जा रहा है कि नहरों में डूबने से कई घरों के चिराग बुझ चुके हैं। किसी का घर बर्बाद न हो इसलिए पुलिस द्वारा यह जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। गर्मी के मौसम में युवा नहरों पर अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने के लिए नहर के किनारे आ जाते हैं और अक्सर देखने में आया है कि नहर के किनारे बैठकर शराब वगैरा की सेवन भी करते हैं । उसके बाद नहर में नहाते हैं,नशा होने के कारण अक्सर नहर में डूबने से मौत हो जाती है। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो उसको रोकने के लिए पुलिस द्वारा भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। थाना केयूके ने पुलिस गर्मी का मौसम शुरू होते ही नहरों के किनारे साईन बोर्ड लगवाये हैं और नहरों के आस-पास लगने वाले गांव के प्रमुख लोगों से भी तालमेल करके आमजन को जागरुक किया गया है ।

### निर्वाचन आयुक्त ने वीसी के माध्यम से की चुनांवों की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर समीक्षा की। वीसी के माध्यम से उन्होनें देश के विभिन्न राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों तथा विभिन्न राज्यों के लोकसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए छठे चरण तक के चुनाव के निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सही प्रकार से सम्पन्न करवाने के लिए उनकी सराहना की। अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन भी वीसी के माध्यम से जुड़े। वीसी में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने कहा कि जिन राज्यों में चुनाव सम्पन्न हो चूके है, वहां पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शानुसार मतगणना कार्य की तैयारी करें तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को प्रतिदिन चैक किया जाए। उन्होनें यह भी कहा कि मतगणना केन्द्रों एवं स्ट्रॉग रूम में अग्रिशमन यत्रों का भी प्रबधं किया जाए तथा मतगणना से सम्बधिंत जो भी तैयारियां करनी है उन्हें समय रहते पूरी कर ली जाए।

# विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को किया प्रेरित

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में एक दिवसीय 317वां जागरूकता कार्यक्रम किया, 36 छात्राओं ने भाग लिया



**जागरूक किया**

**श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्स स्कूल में 318वां दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में एक दिवसीय 317वां जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमे 36 छात्राओं ने भाग लिया। इसके पश्चात श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 318वां एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 40 शिक्षकों, बस चालकों और कर्मियों ने भाग लिया। दोनों स्थानों पर अलग अलग कार्यक्रमों में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर सवार होकर पहुंचे हुए थे। प्रथम जागरूकता कार्यक्रम औद्योगिक संस्थान में संस्थान प्रभारी उर्मिला की उपस्थिति में हुआ जिसमें ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि एक और जहां प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए घातक है वहीं दूसरी और तम्बाकू उत्पाद और मदिरा आदि भी समाज और राष्ट्र के लिए एक बुराई है। नशे के प्रभाव में व्यक्ति कोई भी अपराध कर सकता है। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। दूसरा कार्यक्रम विद्यालय के प्रधान रमनदीप सिंह और प्राचार्या दीपांश कौर की उपस्थिति में हुआ जिसमें शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ. वर्मा ने शिक्षकों के साथ वातार्लाप और व्याख्यान के माध्यम से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सुचना 9050891508 पर देकर देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

### धर्मशाला के लिए जमीन की सौगात मिलने पर जताई खुशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** महर्षि कश्यप एकता संघ की ओर से समशीपुर गांव में कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सदस्यों ने हिस्सा लिया और धूमधाम से इस पर्व को मनाया। लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस खुशी के पर्व पर गांव के सरपंच हरजिंदर सिंह द्वारा कश्यप धर्मशाला बनाने के लिए जमीन मुहैया कराई गई, जिसको लेकर समाज के लोगों का उत्साह दोगुना हो गया। उसके बाद उसी जमीन पर कालू बाबा का पूजन किया गया और भगवा लहराया गया। समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ उठी और मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। उन्होंने इस सौगात के लिए सरपंच का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पंच कृष्ण कुमार, श्याम लाल, बलवंत सिंह, जसबीर सिंह, प्रकाश कुरुक्षेत्री, रोशल लाल, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, गुरमेल सिंह, करण कुमार, भगवान दास, संजीव कुमार सहित अन्य कश्यप समाज के सदस्य मौजूद रहे।

### बाल सलाह परामर्श सेमिनार का आयोजन

**सोनीपत:** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थापित राज्य के 47वें बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान सेमिनार में अध्ययनरत किशोर विद्यार्थियों के लिए जीवन लक्ष्य पर ध्यान दें - अच्छी आदतें बनाएं, बाधाओं को जाने और उनसे पार पाएं विषय पर विशेष चर्चा की गई। आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि किशोर युवा विद्यार्थी जीवन अवसरों विकास उज्जवल भविष्य को आकार देने की क्षमता से परिपूर्ण महत्वपूर्ण चरण है।

## लो आ गया अब तो श्याम.....पर झूमें श्याम भक्त



**श्याम के रंग में**

**लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.....,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी......**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा श्याम मंदिर में रविवार देर सांय श्री श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि सभी भक्तों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। गौरी-गणेश पूजन से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक हिमांशु सैनी ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.....,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी......, श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया पहचान ले प्यारे...... और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि वे मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की।संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा व राजेश मौदगिल, एल डी कंबोज, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,राकेश चौहान,अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,ललित अत्री,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार और नरेश सैनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

### अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट से रहे सावधान: शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आमजन शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें। लोगों को चाहिए कि वे अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्राय: देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। अनाधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं।

## डीपीएस में एनईपी पर आधारित कार्यशाला का आयोजन



**मार्गदर्शन**

**जिसमें वे रटने की बजाय हर बात को तर्क के आधार पर सोचने के लिए तैयार हो सके**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**
डी पी एस पानीपत सिटी में शिक्षकों के लिए नई शिक्षण नीतियों को विकसित करने और सीखने में मदद करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सी ई ओ पंचकुला द्वारा आयोजित करवाई गई। इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल सोनीपत के प्रिंसिपल रोहित पांडा एवम सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल पानीपत के कॉमर्स विभाग के प्राध्यापक धीरज बरेजा थे। इस कार्यशाला में अध्यापकों को नई एजुकेशन पॉलिसी सें परिचित करवाया गया ताकि इन नियमों को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों का बेहतर विकास किया जा सके । अध्यापकों के साथ न केवल नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के सिद्धांतों पर चर्चा की गई बल्कि उन सिद्धांतों को असली रूप देने के लिए प्रेरित किया गया । उन्होंने बताया इस नई शिक्षा नीति का उद्देश्य प्राथमिक से माध्यमिक स्तर की शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाना, प्राद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना , सभी छात्रों के लिए समान अवसर प्रदान करके सभी स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करवाना हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा ऐसा पाठ्यक्रम तैयार किया जाए जिसमें शिक्षण प्रक्रिया आनंदमयी और अंतर्मन को आकर्षित करने वाली होनी चाहिए। डिजिटल और ऑनलाइन शिक्षा सीखने पर बल देना चाहिए। विद्यार्थियों को ऐसे मौके दिए जाने चाहिए जिसमें वे रटने की बजाय हर बात को तर्क के आधार पर सोचने के लिए तैयार हो सके।

## बीड़ बबरान धाम के अर्जी संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार** : महाभारत काल के साक्ष्यों को संजोने वाले प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में आयोजित अर्जी संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान श्याम बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं ने अर्जी लगाई और सच्चे मन से आराधना की। अर्जी संकीर्तन के दौरान भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान भी किया गया। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने श्याम गुण गा ले बंदे बेड़ा तेरा पार है, ये बीड़ वाले श्याम बाबा बड़े दिलदार हैं भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐसे भजन सुनकर श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में लीन होकर झूमने व नाचने लगे।

निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम की मान्यता दूर-दूर तक है। विशेष अवसरों व त्योहारों पर यहां माथा टेकने के लिए विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से लगाई गई अर्जी श्याम बाबा अवश्य स्वीकार करते हैं और बिगड़े काम अपने आप बनते चले जाते हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम बर्बरीक के शौर्य व पराक्रम से जुड़ा है। भगवान श्रीकृष्ण ने वीर बर्बरीक की परीक्षा ली और बर्बरीक ने अपने एक ही तीर से पीपल के सभी पत्तों को बेंध दिया।

### निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अध्यापक करें विशेष प्रयास- सुधीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/शहजादपुर:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मजबूती प्रदान करने के लिए शहजादपुर के प्राथमिक शिक्षकों के लिए चल रहे चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम का सफल समापन किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दो दिन हिंदी साक्षरता, उसके बाद गणित और अंग्रेजी विषय पर सत्रों को रखा गया । कार्यक्रम हरियाणा प्रदेश में कक्षा 1 से 3 के लिए चलाया जा रहा है अब इसे आगे कक्षा 4 और 5 के लिए भी जारी किया जाएगा।

## भावांजलि कला एवं साहित्य मंच द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित



**गोष्ठी**

**मुख्य अतिथि के तौर पर अम्बाला के सुविख्यात कवि व लेखक सुदर्शन गासो मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भावांजलि कला एवं साहित्य मंच द्वारा मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अम्बाला शहर और छावनी के कवियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोष्ठी में मौजूद सबसे सीनियर साथी हंसराज माही की रही और मुख्य अतिथि के तौर पर अम्बाला के सुविख्यात कवि व लेखक सुदर्शन गासो जी मौजूद रहे। मंच के सदस्यों के साथ साथ अम्बाला से भारत भूषण , परवीन खिप्पल , रचना बनमाली , सुरेंद्र, आकाश और मण्डावर से अकीमुद्दीन की विशेष उपस्थिति रही। सुदर्शन गासो ने अपनी रचनाओं से समां बाँध दिया और सबकी हौसला अफजाई करने के साथ साथ मंच की सहयोग राशि देकर हौसला अफजाई की। मंच की संस्थापक अंजलि सिफर ने बताया कि मंच द्वारा हर माह गोष्ठी की जाती है जिसमे अम्बाला और आसपास के नए और स्थापित कवि भागीदारी करते हैं। कवियों की पंक्तियाँ इस प्रकार रहीं

पांच साल के बाद जब जब चुनाव का मौसम आता है
नेताओं को तेजी से रंग पलटते देख बेचारा गिरगिट भी शर्मा जाला है- ओम बनमाली
रूह का भी आप कुछ तो कीजिए
सिर्फ तन की चाँदनी अच्छी नहीं
-डॉ किरण जैन
करने दर्शन तीर्थ हरिद्वार
पचास यात्री हुए बस पे सवार
पाप पुण्य का करते विचार
कैसे मिलेगा मोक्ष होगा कैसे भवसागर पार-नीरजा जायसवाल
जब आंख में ही तेरी मुरव्वत नही रही।
जीने की फिर हमें भी वो चाहत नही रही- जगमाल सिंह।

## जिला मुख्यालय पर ईवीएम की कैमरे से हो रही निगरानी: डॉ मनोज



**ईवीएम सुरक्षित**

**काउंटिंग के दौरान स्ट्रांग रूम से ईवीएम बाहर लाकर उसी टेबल पर रखी जाए, जहां उसकी गणना होनी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने जिला की छह विधानसभाओं 28-गन्नौर, 29-राई, 30-खरखौदा, 31-सोनीपत, 32-गोहाना और 33-बरोदा की ईवीएम और वीवीपीपेट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए बीआईटीएस मोहाना कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की निगरानी में रखा गया है। इसके अलावा जींद की तीन विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम और वीवीपीपेट मशीनों को जींद में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि बीआईटीएस मोहाना कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए तिथिवार ओवरआल इंचार्ज व ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भी नियुक्त किए गए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा में शनिवार को मतदान होने के बाद जिला की ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए कुल छह स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ही स्ट्रॉन्ग रूम तैयार किए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर अर्धसैनिक बल और पुलिस तैनात रहेगी और कमरों के अंदर कैमरों से नजर रहेगी।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि ईवीएम व वीवीपैट की निगरानी के लिए जहां ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं वहीं कैमरों से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी भी लगाए गए हैं, इसके अलावा यहां आने-जाने वाले की गुप्त कैमरों से भी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के प्रबंधों के मद्देनजर स्ट्रांग रूम का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड व अन्य पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें यह भी निर्देश दिए गए हैं कि काउंटिंग के दौरान स्ट्रांग रूम से ईवीएम बाहर लाकर उसी टेबल पर रखी जाए, जहां उसकी गणना होनी है। मतों की गिनती के बाद ईवीएम को वापस स्ट्रांग रूम में उसी स्थान पर रखवाना सुनिश्चित किया जाए।

## विद्यार्थियों को एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ाने के बताए उपाय



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने एवं श्रेष्ठ करियर की दिशा में अग्रसर करने के लिए इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। हिसार के बस स्टैंड के पास ऋषि नगर में स्थापित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सभागार में ब्रेन साइंटिस्ट जितेंद्र ने विद्यार्थियों को एकाग्रता व याददाश्त बढ़ाने के उपाय बताए। डॉ. जितेंद्र ने कहा कि एकाग्रता से कम समय में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इसलिए अपनी दिशा निर्धारित कर-के निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अक्सर विद्यार्थियों को सही करियर के चुनाव में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हर विद्यार्थी के पास कई विकल्प होते हैं लेकिन उसे स्वयं के अनुरूप सबसे बेहतर विकल्प को चुनना होता है। यदि सही समय पर विद्यार्थियों को सही राह मिल जाए तो वे आश्चर्यजनक प्रदर्शन कर सकते हैं। डॉ. जितेंद्र ने कहा कि इसके लिए अपनी क्षमताओं व योग्यताओं को समझना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बहुत से बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हुए डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया से भी अवरोध पैदा होते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने स्मार्टफोन प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए लॉन्च किया 'वी गारंटी' प्रोग्राम

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने प्रीपेड यूजर्स के लिए लिमिटेड पीरियड ऑफर वी गारंटी प्रोग्राम का लॉन्च किया है। यह नई पहल सभी 5 जी एवं नए 4 जी स्मार्टफोन उपभोक्ताओं को बिना किसी रूकावट के हाई स्पीड डेटा उपलब्ध कराएगी। वी के गांरटी प्रोग्राम के तहत, वी के यूजर एक साल के लिए 130 जीबी गारंटीड एक्स्ट्रा डेटा ओवर का लाभ उठा सकेंगे, यानि लगातार 13 सायकल्स के लिए हर 28वें दिन 10 जीबी डेटा उनके अकाउन्ट में ऑटोमेटिकली क्रेडिट हो जाएगा। इस एक्स्ट्रा डेटा ऑफर का लाभ उठाने के लिए वी के यूजर्स को रु 239 या अधिक का डेली डेटा अनलिमिटेड प्लान लेना होगा। यूजर मौजूदा डेटा कोटा खत्म होने के बाद ही इस एक्स्ट्रा डेटा का उपयोग कर सकेंगे। यह ऑफर वी के उन उपभोक्ताओं के लिए वैद्य है जिनके पास 5 जी स्मार्टफोन है या जिन्होंने हाल में नए 4 जी स्मार्टफोन पर अपग्रेड किया है। अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, आज की डिजिटल दुनिया में उपभोक्ताओं को हमेशा कनेक्टेड, उत्पादक बने रहने और मनोरंजन के लिए अतिरिक्त डेटा की जरूरत होती है। वी गारंटी प्रोग्राम को उनकी इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, ताकि वे बिना किसी रूकावट के हाई स्पीड डेटा का लाभ उठा सकें। यह पहल सही मायने में अनलिमिटेड डेटा उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है और सुनिश्चित करती है कि हमारे उपभोक्ता डेटा की चिंता किए बिना इंटरनेट का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें।

### कॉम्फीन अपने ऑफिशियल लॉन्च के साथ मैन्स्ट्रुअल केयर में बदलाव लाने के लिए तैयार

**गाजियाबाद।** माहवारी के दौरान हाइजीन को बढ़ावा देने के प्रयास में मैन्स्ट्रुअल हाइजीन से जुड़े नए ब्राण्ड कॉम्फीन ने विश्व माहवारी हाइजीन दिवस के मौके पर




अपने आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की। ब्लू ओशन लैब्स द्वारा समर्थित कॉम्फीन कैरीयोरकॉन्फिडेंस की अवधारणा के साथ हर महिला को आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाते हुए इनोवेशन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनने जा रहा है। कॉम्फीन के सह-संस्थापक श्री सिद्धार्थ भवसर ने कहा, कॉम्फीन मैन्स्ट्रुअल केयर टेक्नोलॉजी एक बड़ी प्रगति है। यह गहन अनुसंधान और विकास के बाद आधुनिक मैन्स्ट्रुअल हाइजीन प्रोडक्ट लेकर आया है। हम कॉम्फीन रेंज की सुरक्षा, प्रभाविता और उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मॉलीक्युलर संरचना के अनुकूलन से लेकर आधुनिक निर्माण प्रक्रियाओं तक, हर चरण में महिलाओं के लिए हाइजीन को सर्वोच्च स्तर तक ले जाने का प्रयास किया गया है। कॉम्फीन के सह-संस्थापक श्री मंजीत विशाल ने कहा, माहवारी के दौरान हाइजीन आज भी एक संवेदनशील मुद्दा है जो हर स्थान की महिलाओं और लड़कियों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। यही कारण है कि विश्व माहवारी हाइजीन दिवस के मौके पर हम एक अग्रणी शक्ति के रूप में कॉम्फीन का लॉन्च करने जा रहे हैं। कॉम्फीन द्वारा पेश की गई सैनिटरी पैड्स की रेंज माहवारी के दौरान महिलाओं को विशेष आराम प्रदान करेगी। इस रेंज में मेन-स्ट्रीम पैड्स के साथ-साथ ग्राफीन-इन्फ्यूज्ड सैनिटरी पैड भी शामिल हैं, जिनका लॉन्च जल्द किया जाएगा। सैनिटरी पैड्स में नोबेल पुरस्कार विजेता टेक्नोलॉजी, ग्राफीन के इस्तेमाल की शुरूआत कर, ब्राण्ड मैन्स्ट्रुअल वैलनैस में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। ये आधुनिक पैड एक अनूठी खोज के साथ पेश किए गए हैं।

# छात्रों ने दूसरे संस्थानों को भी अपने नक्शे कदम पर चलने के लिए प्रेरित किया: सुदेश

**भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय महिला विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डा. सुदेश छिक्कारा ने शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई: ग्रेजुएट शो का** आयोजन सोमवार को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी आफ डिजाइन में किया गया। संस्थान से ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों ने अपनी बेमिसाल प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय महिला विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डा. सुदेश छिक्कारा ने शिरकत की। डा. छिक कारा ने संबोधित करते हुए कहा कि मेड इन डब्ल्यू.यू.डी. उत्सव का हिस्सा बनना बड़े सम्मान की बात है।




ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों की बेमिसाल प्रतिभा और रचनात्मकता को देखा। डा. सुदेश ने कहा कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन ने हमेशा शिक्षा और इनोवेशन के असाधारण मानकों को बढ़ावा दिया है। जब ग्रेजुएशन करने वाले ये सभी होनहार छात्र एक प्रोफेशनल के तौर पर अपने सफर की शुरूआत करेंगे, तब वे अपने उत्कृष्टता के जज्बे को भी को आगे बढ़ाएंगे। डिजाइन उद्योग में उनके बेमिसाल योगदान को देखने के लिए बेहद उत्सुक हुं। छात्रों ने डिजाइन शिक्षा में एक नया मानक स्थापित किया और दूसरे संस्थानों को भी अपने नक्शे कदम पर चलने के लिए प्रेरित किया। छात्रों की प्रदर्शनी में इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल लोगों तथा डिजाइन से लगाव रखने वाले लोगों के साथ-साथ आम जनता का भी ध्यान अपनी ओर खींचा। निफटम के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबराई, चंद्रशेखर भेड़ा, स्पाइडर डिजाइन के क्रिएटिव हेड ने भी शिरकत की।

## 125 परिवार को दिया गया राशन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
तहसील कैंप के जटू राम चौक स्थित जट्टू धर्मशाला में श्री संकट मोचन सेवा समिति द्वारा मासिक राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राशन वितरण कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध उद्योगपति विनोद बंसल ने संस्था के साथ मिलकर 125 गरीब परिवारों को राशन दिया गया। संस्था हर महीने के आखिरी रविवार को जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित करती है और इसके साथ कई अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित करती रहती है।इस अवसर पर प्रेम प्रकाश गोस्वामी, बंसी लाल तनेजा, शाम सुंदर राजपाल, धर्मबीर लठवाल, संजय सहगल, अशोक कपूर, प्रधान अमित मदान, सन्नी बोगरा उपस्थित रहे।

## मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर जारी किया अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : मौसम विभाग द्वारा क्षेत्र** में गर्मी के मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। अगले दो दिनों तक जिले में शुष्क मौसम रहने व लू चलने की संभावना जताई गई है जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि जिले में आने वाले दो से तीन दिनों तक शुष्क मौसम व लू का प्रकोप जारी रहने का अलर्ट जारी किया गया है। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि क्षेत्र के लोग अनावश्यक धूप में निकलने से बचे व हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। अगर धूप में घर से निकलते हैं तो सिर पर टोपी रखें या फिर छतरी का इस्तेमाल करें ताकि गर्मी से बचाव रहे। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में लोगों से अपने रोजमर्रा के कार्य सुबह व शाम के समय समायोजित करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल में भी पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि गर्मी के मौसम में आमजन के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए। डीसी ने बताया कि आगामी 28 मई तक जिले में भीषण गर्मी व लू (सिवियर हीट वेव) का अलर्ट है व रात के समय भी तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इसके अलावा 29 मई व 30 मई के दिन भी तापमान गर्म रहेगा इन दोनों दिनों के लिए सचेत व निगरानी का अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

# सरीना ने नेपाल में लहराया भारत का परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) की प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी सरीना गहलोत ने काठमांडू, नेपाल में 20 से 24 मई तक आयोजित साउथ एशियन टेनिस टीम (अंडर-12) चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का परचम लहराया । लड़कियों के टीम मुकाबले में सरीना के दमदार खेल की बदौलत भारत ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया । सरीना को उसके शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल में उसका जोरदार स्वागत किया गया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने सरीना को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। भारतीय टीम में शामिल सरीना गहलोत, सृष्टि किरण व खुशी कादियान ने



चैंपियनशिप में प्रभावशाली खेल दिखाया। भारतीय टीम ने राउंड रोबिन लीग में शीर्ष स्थान प्राप्त कर खिताब जीता। भारतीय टीम ने चैंपियनशिप में श्रीलंका के अलावा मालदीव, बांग्लादेश और नेपाल को हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की । इस प्रतियोगिता के आधार पर भारतीय टीम एशियाई अंडर-12 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर गई ,जिसका आयोजन कजाकिस्तान में किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने भरोसा जताया कि सरीना एशियाई अंडर-12 चैंपियनशिप में भी अपनी कामयाबी का सिलसिला जारी रखेगी और देश का नाम रोशन करेगी। सीईओ संजय जैन ने कहा कि सातवीं कक्षा की छात्रा सरीना ने अपनी मेहनत की बदौलत एक मुकाम हासिल किया है। उन्होंने इस सफलता के लिए सरीना के कोच व अभिभावकों को भी बधाई दी। सरीना के पिता कृष्ण गहलोत ने भी अपनी लाडली की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता शर्मा, बीना, ज्योति शर्मा, पीटीआई ज्योति, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी सरीना को बधाई दी ।

**सफलता**

**सरीना के कोच व अभिभावकों को भी बधाई दी। पिता कृष्ण ने भी लाडली की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की**

# बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, 2 बाइकें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए थ्री पुलिस टीम** ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर को सनौली रोड पर काला आंब मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपियों से बाइक चोरी की 2 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान दिलशाद निवासी बलजीत नगर हाल राजा खेड़ी व शाहरूख पुत्र जाने आलम निवास बबैल रोड के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए दोनों आरोपियों ने मिलकर एकाएक बाइक चोरी की 2 वारदातों को अंजाम दिया। आरोपियों ने चोरीशुदा एक बाइक राजाखेड़ी गांव के खेतों में छुपा रखी थी। पुलिस आरोपियों के कब्जे से चोरी की 2 बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद सोमवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सीआईए थ्री पुलिस टीम को रविवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की सदिग्ध किस्म के दो युवक एक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर सनौली रोड पर काला आंब मोड़ के पास घूम रहे है। युवको के पास बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान दिलशाद उर्फ नोनू पुत्र इरसाद निवासी बलजीत नगर हाल राजा खेड़ी व शाहरूख उर्फ बोना पुत्र जाने आलम निवासी बबैल रोड के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर दोनों युवक बहाने बाजी करने लगे। गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त बाइक बीती 4 मई की देर शाम सेक्टर 12 में एक घर के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में सतपाल पुत्र टेकचंद निवासी सलारगंज गेट की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सघन पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी की 1 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

आरोपियों ने उक्त बाइक नशे की हालत में चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा उक्त अपाचे बाइक राजा खेड़ी गांव के खेतों से बरामद कर बाइक के मालिक की पहचान ना होने पर बाइक को 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस में लिया।



**चोरी का खुलासा**

**सघन पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी की 1 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा**

## एक सप्ताह बाद भी ठीक नही हुई ट्रेनों की स्थिति




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी: किसानों** को अंबाला-लुधियाना रेल सेक्शन के शंभू रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक से हटे आठ दिन बीत चुके हैं। इसके बावजूद वंदे भारत सहित मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की चाल सुधर नहीं पाई है जो कि दो से तीन घंटे की देरी से गंतव्य स्टेशनों पर पहुंच रही हैं। वहीं स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। न इन ट्रेनों के आने की सही जानकारी मिलती है और न जाने की। रेलवे ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को देखते हुए लगभग 10 स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की थी, जबकि कुछ अन्य स्पेशल ट्रेनों के संचालन का यात्री बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। करीब एक माह तक चले किसान आंदोलन के बाद उम्मीद की जा रही थी कि ट्रेनों का संचालन अब सुचारु हो जाएगा, लेकिन एक सप्ताह बाद ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी से रेलयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के देरी से चलने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी हो रही है बल्कि रेलवे को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है।समस्या के समाधान को लेकर रेलवे अधिकारी लगातार मंथन कर रहे हैं कि वंदे भारत सहित अन्य ट्रेनों की चाल को किस प्रकार सुधारा जाए। इसके लिए पहले आउटर पर खड़े होने वाली ट्रेनों को बिना रुके अब प्लेटफार्म पर भेजना और पांच मिनट की जगह दो मिनट का ठहराव देकर ट्रेनों को गंतव्य की तरफ भेजना अहम है।

## लोक अदालत को लेकर एडीआर सेंटर में बैठक का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : एडीआर सेंटर में** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित होने वाली लोक अदालत को लेकर एक मीटिंग रखी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वो इस लोक अदालत से संबंधित ज्यादा से ज्यादा केस



उपलब्ध करवाए ताकि ज्यादा से ज्यादा केस सुलझाए जा सकें। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# प्राइमरी स्कूलों में 31 मई तक अवकाश: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: मई के महीने** में गर्मी पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। हर दिन के साथ तापमान में वृद्धि हो रही है। ऐसे में बारिश ही एकमात्र सहारा है लेकिन मौसम विभाग के अनुसार अभी 1 सप्ताह तक राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवतियों व किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रोगियों के लिए है।
डीसी डॉ. शालीन ने प्राइमरी



स्कूलों में 31 मई तक छुट्टियां कर दी थी लेकिन अब भीषण गर्मी के चलते हरियाणा के सभी स्कूलों में 28 मई से छुट्टियां कर दी गई हैं। शिक्षा विभाग का यह आदेश प्रदेश के सभी स्कूलों पर लागू होगा।डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल इसकी अनुपालना करने के निर्देश जारी किए। लिहाजा प्रशासन की एडवाइजरी में बताया है कि बिना किसी जरूरी काम से घर से बाहर निकलने से परहेज करें। रविवार को अम्बाला में गर्मी ने 10 साल का नया रिकॉर्ड बना दिया। तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डीसी ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए सभी निजी व सरकारी स्कूलों में 31 मई तक 5वीं कक्षा तक छुट्टियां कर दी हैं। साल 2014 के बाद रविवार को अधिकतम 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले साल 2014 से मई 2024 में साल 2019 में ही 44.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि, 2013 में 26 मई को तापमान 45.1 डिग्री तक पहुंच गया था। तापमान शिखर पर होने से लू के थपेड़ों ने जनजीवन को खूब झुलसाया। सुबह से ही गर्मी की तपिश महसूस की जाने लगी थी और दोपहर में हीट वेव ने घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया था। दोपहर में गर्मी का कर्फ्यू नजर आ रहा था।

# समारोह में मैरिट प्राप्त विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**राजकीय आरोही माड़ल** स्कूज छाजपूर कलां में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं और 12वीं कक्षा में मैरिट प्राप्त विद्यार्थियों को स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह में सममानित किया गया। इस दौरान बीआरसी बिजेन्द्र नरवाल, प्रिंसिपल हेमलता बालियान ने मैडल व स्मृति चिन्ह दे कर समानित किया । इस दैरान बिजेन्द्र नरवाल ने कहा कि जो बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में या खेलो के क्षेत्र मेहनत करते हैं वह जीवन में कामयाब हो जाते हैं । इसलिए हमें पढ़ाई को प्राथमिकता देनी चाहिए और अपने बच्चों की पढ़ाई की ओर सबको ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में





ऐसी प्रतिभाएं उभर कर बाहर आ रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर प्रिंसिपल हेमलता बालियान ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई में विशेष रुचि लेने लगे हैं। इसीलिए अनेक विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में मैरिट हासिल कर रहे हैं। जो बच्चे पढ़ाई के माध्यम से आगे बढ़ते हुए देश की तरक्की में हिस्सा बनते हैं और अपने माता-पिता के लिए और अपने दूसरे साथियों के लिए एक मिसाल कायम करते हैं । ऐसे बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढने हर मंजिल हासिल करते हैं। सममानित किए गए मैरिट प्राप्त विद्यार्थी अकांशी, हर्षिता, अंशू, शीतल, अमनिता, भूमिका, दीपांशी, मोनिका, मुस्कान, माही, दंदनी, पायन, तन्नू, वंशिका, अदित्य, चीराग, जतिन, साक्षी, काजल, तनिशा, हिमांशी, अन्नू, कशिश आदि को श्रेष्ट अंक लेने पर सममानित किया गया।

# महंत राजेंद्र पुरी कर रहे हैं अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, : तीर्थों की** संगमस्थली धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में विश्व शांति एवं सर्वजन कल्याण के लिए जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी की अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या आसमान से सूरज की उगलती आग और तपती धरती पर भी भारी पड़ रही है। अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या कर जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी के दर्शनों के लिए पांचवें दिन भी भारी श्रद्धालु जुटे। श्रद्धालुओं ने दर्शन करने के उपरांत विधिवत पूजा अर्चना भी की। उल्लेखनीय है कि महंत राजेंद्र पुरी पिछले करीब दो दशक से भीषण



गर्मी में हर वर्ष कठोर अग्नि तपस्या करते हैं। उन्होंने बताया कि चारों ओर जलते अग्नि कुंडों के बीच 45 डिग्री से अधिक तापमान में वे विश्व कल्याण एवं शांति के लिए ही कठोर अग्नि तपस्या करते हैं। ऐसे में इसे संतों की हठधर्मी कहें या धर्म की आस्था कि महंत राजेंद्र पुरी की अग्नि तपस्या में भीषण गर्मी व गर्म हवाएं भी कुछ नहीं बिगाड़ रही हैं।

# संपादकीय

## परिवार खुशहाल तभी जब स्वस्थ रहेंगी स्त्रियां

**स्वस्थ** जिन्दगी हर किसी की पहली जरूरत होती है लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है। महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए तभी डाक्टर के पास ले जाएं जैसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। इसी सोच को परवान चढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितना बच्चा चाहिए।

प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए यह निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ च्वाइस में से अपना मनपसन्द गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं। इसमें पति से लेकर माता-पिता, सास-ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है। महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस को हर साल मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को उनकी सेहत से जुड़े मुद्दों के बारे में पूर्ण रूप से शिक्षित करने के साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है। महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनायेंगे। सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे । युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लायेंगे। इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए। महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए। घरेलू हिंसा और संभावित मानव तस्करी पर चर्चा हो । कम उम्र में शादी और शादी के तुरंत बाद गर्भ धारण जैसी सोच को बदला जाए। करियर में उन्नति के लिए समान रास्ते विकसित करने के साथ ही वेतन असमानता को दूर करने की तरफ और पर्याप्त प्रयास हों।

# सड़कों की दुर्व्यवस्था व अनुशासित परिचालन का अभाव



प्रियंका सौरभ

> "उदाहरण के लिए, हैदराबाद में स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्ट निर्धारण। सिंगापुर और लंदन जैसे शहरों में देखा गया है कि व्यस्त समय के दौरान उच्च यातायात वाले क्षेत्रों में वाहन चलाने के लिए शुल्क लिया जाए, जिससे अनावश्यक कार उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है और सार्वजनिक परिवहन में सुधार के लिए धन जुटाया जा सकता है। विप्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों ने कार पूलिंग और कंपनी बस सेवाएं शुरू की हैं, जिससे सड़क पर निजी वाहनों की संख्या कम हुई है। इन पहलों से यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आई है। सब्सिडी और कर लाभ के माध्यम से कार पूलिंग और राइड शेयरिंग के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने से इनके अपनाने को और बढ़ावा मिल सकता है। सार्वजनिक परिवहन केंद्रों के पास पार्क-ऐंड-राइड सुविधाएं स्थापित करने से शहर के भीतरी इलाकों में यातायात कम हो सकता है"

**सड़क** जाम जैसी समस्या पहले महानगरों के हिस्से ही थी। छोटे शहर व कस्बे इससे मुक्त थे। मगर अब छोटे-बड़े नगर भी इससे पस्त होने लगे हैं। मध्यम श्रेणी के शहरों में भी सड़कों पर गाड़ियां रेंगती नजर आती हैं। स्थिति यह है कि जो चौक-चौराहे कभी इन शहरों की पहचान हुआ करते थे, आज वे जाम के कुख्यात केंद्र बन गए हैं। महानगरों में एलीवेटेड रोड, फ्लाई ओवर, अंडरपास जैसे नव-निर्माण से जाम की समस्या का कुछ हद तक हल निकाला जा सकता है, निकाला जाता भी है, मगर मध्यम व छोटे शहर बडे. पैमाने पर ऐसा नहीं कर पा रहे। फिर इन नगरों में जाम का चरित्र भी अलग-अलग है। भारत में सड़क जाम की समस्या व्यापक है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले नगर इससे सर्वाधिक पीड़ित हैं। अमूमन सड़कों की दुर्व्यवस्था व अनुशासित परिचालन के अभाव के कारण ऐसा होता है। पहिये के पीछे फंसे हुए निराश होकर हम घोंघे की गति से आगे बढ़ते हैं। दुर्भाग्य से, यातायात सड़क पर जीवन का एक अपरिहार्य हिस्सा है और अधिकांश समय ऐसा महसूस होता है कि जिस भीड़भाड़ में हम खुद को फँसा हुआ पाते हैं, उससे बचने के लिए हम बहुत काम कर सकते हैं। बीआरटी सिस्टम लागू करने से बस सेवाएं सुव्यवस्थित हो सकती हैं, जिससे तेज और अधिक विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हो सकता है।

उदाहरण के लिए, अहमदाबाद में बीआरटी ने यातायात की भीड़ और यात्रा के समय को सफलतापूर्वक कम किया है। मजबूत लाइट रेल नेटवर्क विकसित करने से सड़क परिवहन के लिए कुशल विकल्प मिल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहरों को दिल्ली मेट्रो से लाभ हुआ है, जिससे सड़क पर कारों की संख्या में काफी कमी आई है। बस कवरेज का विस्तार और समर्पित बस लेन बनाने से अधिक लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। बेंगलुरु में उच्च गुणवत्ता वाली बस सेवाओं की शुरूआत ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। कार्यक्रम लागू किए हैं, जो परिवहन के एक व्यवहार्य साधन के रूप में साइकिलिंग को बढ़ावा देते हैं तथा वाहनों की भीड़ को कम करते हैं।



**निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय यदि लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, साइकिल का उपयोग करें, पैदल चलें आदि। इससे न केवल यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि पर्यावरण संबंधी समस्या भी हल होगी और भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होगी**

सुरक्षित और सुलभ पैदल यात्री मार्ग बनाने से पैदल चलने को बढ़ावा मिलता है, जिससे मोटर वाहनों पर निर्भरता कम होती है। भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन में पैदल यात्री अवसंरचना को बढ़ाने की योजनाएं शामिल हैं। ट्रैफिक सिग्नल को प्रबंधित करने और भीड़भाड़ का पूवार्नुमान लगाने के लिए रीयल-टाइम डेटा का उपयोग करके ट्रैफिक प्रवाह को अनुकूलित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, हैदराबाद में स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्ट निर्धारण। सिंगापुर और लंदन जैसे शहरों में देखा गया है कि व्यस्त समय के दौरान उच्च यातायात वाले क्षेत्रों में वाहन चलाने के लिए शुल्क लिया जाए, जिससे अनावश्यक कार उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है और सार्वजनिक परिवहन में सुधार के लिए धन जुटाया जा सकता है। विप्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों ने कार पूलिंग और कंपनी बस सेवाएं शुरू की हैं, जिससे सड़क पर निजी वाहनों की संख्या कम हुई है। इन पहलों से यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आई है। सब्सिडी और कर लाभ के माध्यम से कार पूलिंग और राइड शेयरिंग के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने से इनके अपनाने को और बढ़ावा मिल सकता है। सार्वजनिक परिवहन केंद्रों के पास पार्क-ऐंड-राइड सुविधाएं स्थापित करने से शहर के भीतरी इलाकों में यातायात कम हो सकता है। बेंगलुरु जैसे शहरों में ऐसी पहलों से सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं, पार्किंग की कमी दूर हुई है और सड़क पर भीड़भाड़ कम हुई है।

निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय यदि लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, साइकिल का उपयोग करें, पैदल चलें आदि। इससे न केवल यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि पर्यावरण संबंधी समस्या भी हल होगी और भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होगी।

अपने यहां सड़कों की मरम्मत ही तभी की जाती है, जब वे धंसती या टूटती हैं, जबकि यह काम नियमित तौर पर होना चाहिए। हालांकि, फुटपाथ का न होना या उस पर अतिक्रमण भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण पैदल यात्री सड़कों पर चलने को मजबूर होते हैं। सड़क जाम हमें कई तरह से प्रभावित करता है। इससे शहरों की आबोहवा तो प्रदूषित होती ही है, अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अवैध कॉलोनियों का बेतरतीब विस्तार हो रहा है। शहरी नियोजन के अभाव में छोटी-छोटी गलियां बन जाती हैं, जो मुख्य सड़कों को प्रभावित करती हैं। यहां सार्वजनिक परिवहन में सुधार करना होगा। अमूमन जब कभी सार्वजनिक परिवहन की बेहतरी की बात उठती है, तो हर शहर मेट्रो मांगने लगता है। मगर मेट्रो के बजाय आवासन और शहरी कार्यमंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का इस्तेमाल अधिक व्यावहारिक है, जिसमें अलग-अलग शहरों की जरूरतों के मद्देनजर अलग-अलग सार्वजनिक परिवहन को विस्तार देने की बात कही गई है। ये परिवहन-माध्यम बस, लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी), मोनो रेल, मेट्रो कुछ भी हो सकते हैं।

प्रमुख भारतीय शहरों में यातायात की भीड़भाड़ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है। इसमें सार्वजनिक परिवहन को बढ़ाना, गैर-मोटर चालित परिवहन को बढ़ावा देना, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन तकनीकों को लागू करना, कार पूलिंग और राइड शेयरिंग को प्रोत्साहित करना और पार्क-ऐंड-राइड सुविधाओं का विकास करना शामिल है।

भविष्य की शहरी योजना को सतत और एकीकृत परिवहन समाधानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शहर रहने योग्य और पर्यावरण के अनुकूल बने रहें। इन उपायों को लागू करने से अधिक कुशल और कम भीड़भाड़ वाली शहरी परिवहन प्रणाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कविता

## एक पिता की बेटी

पता नहीं मां के जज्बातों में
क्या स्थान रखती हो बेटी,
पर बाप के लिए तुम जान हो,
कुदरत का दिया हुआ प्यारी चीज
दो सौ प्रतिशत महान हो,
पता नहीं बेटी से महरूम लोग
बेटी के बिना कितना तड़पते हैं,
वो क्रूर हैं जो उनका हिस्सा हड़पते हैं,
बेटी बाप के लिए जान है,
कुदरत का दिया सबसे बड़ा वरदान है,
तुम्हारे बिना मेरी जिंदगी खाली है,
तुम हो तो मेरा हर दिन दीवाली है,
तुम जब भी किसी बाप की जिंदगी में आती हो,
ताउम्र के लिए छा जाती हो,
जो कहते हैं कि बेटी पराई है,
उस मूर्ख को कौन समझाए कि
वो तो पिता की उम्र बढ़ाने आयी है,
पर बेटी तुम बड़ी होती क्यों हो,
पापा के लिए सबसे ज्यादा रोती क्यों हो,
पिता से दूर होकर भी क्यों पास होती हो,
मेरे बिना क्यों उदास होती हो,
बेटी मेरे रग रग में बसा विश्वास है,
बेटी के साथ का हर लम्हा खास है,
लोग कब समझेंगे दुनियादारी को,
बेटी के बिना होती दुश्वारी को,
मैंने दिया है तुझे उड़ने को सारा आसमां,
तू जहां चाहे बना ले आशियां,
मुझे सिर्फ तेरा हंसता वजूद चाहिए,
मुझे तू और तेरा मकदूद चाहिए,
जानता हूं तुझे तेरे पिता का स्वाभिमान चाहिए,
पर मुझे तेरा जगमगाता अरमान चाहिए।

राजेन्द्र लाहिरी

## चुनावी चक्रवात का रेमल असंवेदनशील

**मानसून** से पहले बंगाल में चक्रवात रेमल का असर दिखाई दे रहा है ,लेकिन मै देश में चौतरफा राजनीति के चक्रवात की बढ़ती असंवेदनशीलता देखकर हैरान हूँ। राजनीति के चक्रवात में जो उजड़ेगा सो उजड़ेगा लेकिन सबसे पहले संवेदनशीलता राख होती दिखाई दे रही है । सत्ता हासिल करने के लिए राजनीति में मुजरे तक आ पहुंचे हमारे नेताओं को न राजकोट के गेम जोन में राख हुई जिंदगियों को लेकर को रंज है और न दिल्ली के एक अस्पताल के शिशु विभाग में हुयी नवजातों की मौत से कोई मतलब है। रैलियों और रोड शो पर करोड़ों रुपए खर्च करने वाले हमारे भाग्यविधाता एक दिन के लिए अपना चुनावी अभियान बंद कर न राजकोट गए और न दिल्ली के विवेक बिहार। गुजरात के राजकोट स्थित गेमिंग जोन में ढाई दर्जन से अधिक बच्चे और अन्य लोग जलकर राख हो गए ,लेकिन हमारे राजनेताओं का रोम तक नहीं फड़का । कागजी और औपचारिक संवेदनाओं से आगे नहीं बढ़े हमारे नेता। प्रधानमंत्री से लेकर राहुल गाँधी और दीगर दलों के नेताओं के लिए एक सामान्य दुर्घटना है। किसी दल का कोई नेता राजकोट सिर्फ इसलिए नहीं गया क्योंकि इससे उनके चुनावी दौरे में खलल पड़ता । उन्हें अपने रोड शो और रैलियां स्थगित करना पड़तीं। हमारी सरकारें बच्चों को देश की धरोहर मानती ही नहीं हैं,यदि मानती होतीं तो कम से कम एक दिन का राष्ट्रिय शोक तो मनाती ! हमारी सरकार के लिए मारे गए बच्चों और उनके परिजनों की कीमत ईरान के राष्ट्रपति रईसी के मुकाबले शून्य है। आपको बता दें कि राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में लगी आग के मामले में अब तक 27 शव बरामद किए गए हैं। सिविल अस्पताल में मृतकों का डीएनए लिया गया है। शनिवार शाम पांच बजे भीड़भाड़ वाले गेम जोन में भीषण आग लग गई थी। 25 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स को बताया कि घायल व्यक्तियों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार सुबह घटना स्थल और अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

देश की राजधानी दिल्ली में पूर्वी दिल्ली के विवेक विहारइलाके में एक बेबी केयर सेंटर में आग लगने से 7 नवजात बच्चों की जान चली गई और 5 अस्पताल में भर्ती है. केयर सेंटर के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है.

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. इस हादसे के बाद बच्चों के घर वालों को कोई जानकारी नहीं दी गई उन्हें तब पता चला जब उन्होंने सुबह अखबार पढ़े और टीवी पर न्यूज सुनी और उसके अपने बच्चों को ढूंढते हुए बेबी केयर सेंटर पहुंच। यहाँ नवजात शुशुओं की देखभाल के लिए एक दिन का किराया 15 हजार रुपया लिया जाता था।

# विचार

## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री क्यों देखना चाहते हैं देशवासी?

-प्रो. महेश चंद गुप्ता-

**हमारे** विशाल और विविधताओं वाले देश के लोग सत्ता के शीर्ष पद पर कोई बदलाव नहीं करना चाहते हैं, यह अपने आपमें अनोखा उदाहरण है। लोकसभा चुनाव के दौरान तमाम तरह की अटकलबाजियों, अनुमानों, पूवार्नुमानों, आरोप-प्रत्यारोपों के बावजूद देश के लोग प्रधानमंत्री पद पर नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देखने के लिए लालायित दिखते हैं। विभिन्न मुद्दों पर लोगों की राय अलग हो सकती है लेकिन प्रधानमंत्री के लिहाज से आम राय मोदी के पक्ष में ही जा रही है।

सवाल उठता है कि आखिर क्यों देश के लोग मोदी को तीसरी बार पीएम देखना चाहते हैं? पिछले चुनाव में भाजपा के 303 सांसद जीतकर आए। उनमें से किसी के खिलाफ मतदाताओं में नाराजगी न हो, ऐसा तो संभव ही नहीं है लेकिन विपक्षी दल इस ओर ध्यान न लगाकर मोदी की निंदा में ही लग गए। विपक्ष के पास मोदी विरोध के अलावा कोई एजेंडा ही नहीं है। माहौल ऐसा बन गया है, जिसमें लोगों को इस बात से सरोकार ही नहीं रहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार कौन है, उन्होंने मोदी को वोट देने का मन बना लिया। जिससे यह चुनाव भी 2014 और 2019 के चुनावों की तरह मोदी केन्द्रीत होकर रह गया है। चुनाव प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और मतदाता इस फैसले पर कायम है कि उसे वोट मोदी को देना है। लोग मोदी के जरिए विकसित भारत का सपना देख रहे हैं।

हर सरकार की कुछ खूबियां होती हैं तो कुछ कमियां होना भी लाजिमी है। विपक्षी दल अगर उदाहरण सहित सरकार की कमियां लेकर मतदाताओं के बीच जाते तो शायद कुछ हद तक फायदे में रहते लेकिन उन्होंने सिर्फ मोदी को निशाना बनाया, जो मतदाताओं को पसंद नहीं आया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश में आज भी मोदी लहर है और लोग मोदी के खिलाफ सुनना पसंद नहीं करते हैं। मोदी की यही कमाई है। मोदी ने बतौर पीएम दस साल पूरे कर लिए हैं और इस दौरान उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली से देशवासियों के दिलों पर छाप छोड़ी है। दस साल पहले जब मोदी प्रधानमंत्री बने, तब देश की हालत क्या थी और अब उसमें क्या बदलाव आया है, यह साफ तौर पर दिखता है। देश, निराशा और हताशा के वातावरण से बाहर आया है। देश में सकारात्मक वातावरण बना है। लोग आत्मविश्वास से लबरेज हैं। पूरी दुनिया में भारत की धाक है। मोदी की बदौलत देश की राजनीति, सत्ता के चरित्र और प्रशासन के काम करने की शैली में आमूलचूल बदलाव आया है। मोदी सरकार का 10 साल का बेदाग कार्यकाल सराहनीय है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इस बात पर मुहर लगाई है। देश को महाघोटालों और आतंक से मुक्ति मिली है, गरीबों का जीवन बेहतर करने की दिशा में कदम बढ़े हैं। एक ओर जहां विपक्षी दलों के नेता अपने परिवार के विकास पर ध्यान देते रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मोदी ने ह्यसबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकासह्ण के तहत देश के 140 करोड़ लोगों का ख्याल रखा है। मोदी ने शासन व्यवस्था में परिवर्तन की अलख जगाई, उससे समावेशी, विकासोन्मुख और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की ओर कदम बढ़ाना संभव हुआ है। यह मोदी की दूरदर्शिता की है, जिससे अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने में कामयाबी मिली है। मोदी ने देश में सांस्कृतिक विकास और पर्यटन विकास को पंख लगा दिए हैं। ऊर्जा, विदेश नीति, सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा, आर्थिक उन्नति, गरीब कल्याण, महिला उत्थान समेत हर वर्ग के लिए समर्पित भाव से काम किया गया है। वह एक तपस्वी की तरह काम कर रहे हैं। वह देश के 140 करोड़ लोगों को अपना आराध्य मानकर काम कर रहे हैं। उनके इसी भाव से देश आगे बढ़ रहा है।

पिछले दस सालों में मोदी ने लक्ष्यबद्ध तरीके से काम किया है, जिससे आम आदमी की हालत सुधरी है। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। विपक्षी दलों की तरह मोदी गरीबी हटाओं का नारा नहीं देते बल्कि वह गरीब की आमदनी बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## किसकी बनेगी सरकार, किसको खारिज करेगी देश की जनता?

आर.के. सिन्हा

**लोकसभा चुनाव** 2024 के लिए मतदान का छठा चरण 25 मई को संपन्न होने के साथ ही देश के राजनीतिक विश्लेषक, आमजन, चौक-चौराहों के चौपाल विशेषज्ञ, छोटे - बड़े ज्योतिषि वगैरह, सभी अपने-अपने तरीके से चुनाव नतीजों को लेकर अपना निष्कर्ष देने लगे हैं। अब तो सिर्फ एक चरण का मतदान ही शेष हैं। आगामी 1 जून को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद, देश को 4 जून की दोपहर तक ही पता चल जाएगा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, कौन सी राजनीतिक पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी और एनडीए को या इंडिया ब्लॉक को अधिक सीटें मिल रही हैं। हालांकि अभी तक अधिकतर जानकारों का यह दावा है कि देश में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भारत के लोगों बीते दस सालों के दौरान जो तरक़्क़ी देश में देखी है इतनी तरक्की सत्तर साल में नहीं देखी। भाजपा को इस चुनाव में कुल 42 से 45 प्रतिशत तक वोट मिल सकते हैं। ज्यादा भी मिल जायें तो कोई आश्चर्य नहीं ? जाहिर है, अगर भाजपा और उसके मित्र दलों को इतने फीसद वोट मिले तो सरकार तो उनकी ही बनेगी। अब बात कर ले अपने को महान राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेन्द्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। डॉ. लोहिया के विचारों को मानने वाले योगेन्द्र यादव के मुताबिक, इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। मतलब भाजपा / एनडीए को 275 से 305 के बीच सीटें मिलने जा रही हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए और जारी लोकसभा चुनाव में भाजपा / एनडीए की 303/323 सीटें हैं। यह तो राहुल समर्थक योगेन्द्र जी की भविष्यवाणी है ।हालांकि, मेरा मत है कि एनडीए गठबंधन को योगेन्द्र यादव के दावे से कहीं अधिक सीटें मिल रही हैं। मैं भी 1967 से लेकर अबतक के सभी चुनावों को करीब से देखता रहा हूँ और अपने अनुभव के आधार पर यह कह रहा हूँ कि इसबार भाजपा और सहयोगी दलों का प्रदर्शन अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाला होगा।

## सूरज चाचा! इतना गुस्सा ठीक नहीं

डॉ. सुरेश कुमार

**हो न हो** चाचा मामा से बड़े गुस्सैले होते हैं, नहीं तो चंदा को मामा और सूरज को चाचा क्यों कते। कभी-कभी तो उसका गुस्सा देख दादा भी कह उठते हैं। ब्रह्मांड में कई अनगिनत आकाशगंगा है। उनमें से एक आकाशगंगा का एक छोटा सा भाग है हमारा सौर्य मंडल और सौर्य मंडल का प्रधान है हमारे सूरज चाचा। सूरज चाचा एक ही स्थान पर टिके हैं। वे किसी के आगे-पीछे चिरौरी करने नहीं घूमते। बल्कि दुनिया के लोग उन्हें गर्मी की सेटिंग करने की सलाह दे डालते हैं। हाँ यह अलग बात है कि वे किसी की नहीं सूनचे। उनमें 72% पेड़ों को काटने का हाइड्रोजन वाला गुस्सा, 26% बचे-खुचे पेड़ों को पानी न डालने वाला हिलियम गुस्सा, 2 % पर्यावपरण के नाम पर नौटंकी करने और मुँह काला करवाने वाला कार्बनी गुस्सा, और कभी-कभी किसी के पुण्य पर ऑक्सीजन बनकर प्रेम लुटाने का काम करते हैं। सूरज चाचा का रंग अभी भी सफेद है, इसलिए कि वे किसी खादी की दुकान से कपड़ा नहीं लेते। सूरज चाचा पृथ्वी से 150 मिलीयन किलोमीटर दूरी पर अपने गर्मदार विला में रहते हैं। दूरी बनाए रखने का एक कारण यह भी है कि कहीं कोई नेता उनकी जमीन न हड़प ले। आजकल इनकी किरणें आवश्यकतानुसार धरती पर नहीं पड़ती। हो न हो सूरज चाचा किसी अर्थशास्त्री से ब्लैक मार्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। ऐसा करने से उनका डिमांड हमेशा बना रहता है। गर्मी के दिनों में तो वातानुकूलित यंत्र बेचने वाली कंपनियों से सांठ-गांठ बनाए रखते हैं। सुना है वे उन्हें कमीशन भी अच्छा देते हैं। सूरज चाचा के प्रकाश में अन्य तारे चमकते है। गरदिश वाले तारे पैसों की चमक से चमकते हैं। चाचा जी आग का गोला हैं। धरती के लोग उन्हीं की आग से सोलार-सोलार खेलते हैं और उनके सामने डरने की नौटंकी करते हैं। वे इंसानों की तरह अंदर-बाहर से अलग नहीं हैं। वे जैसा दिखते हैं, वैसा होते हैं। वैसा करते हैं। गर्मी होना, गर्म करना, गर्म फेंकना इनकी फितरत है। इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं करते। सूरज चाचा का गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी से 28 गुना ज्यादा है। बावजूद इसके वे नेताओं की खरीद-फरोख्त वाले गुरुत्वाकर्षण शक्ति में अभी भी बच्चे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पंजाबी सेंसेशन शहत ने लेटेस्ट सिंगल 'ओजी' पेश किया, जिसमें स्वैगर और स्टाईल का है मिश्रण




**नई दिल्ली।** पंजाबी संगीत उद्योग में हुलारे और पागल ए जैसे बैंगर्स के साथ हलचल मचाने के बाद ग्लैमरस पॉप स्टार शहत गिल अपना लेटेस्ट सिंगल ओजी! ल्रकर आई हैं। अपने नाम के मुताबिक ओजी में चुलबुले शब्दों और प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ आकर्षक व्यक्तित्व और स्ट्रीट स्मार्ट्स पेश किए गए हैं। यह गीत आपको रोमांचित करके आपकी प्लेलिस्ट में शामिल हो जाएगा! इसे कप्तान (तरनजीत सिंह, मनप्रीत सिंह) ने लिखा व कंपोज किया है। इसका निर्माण एन वी ने किया है। ओजी अपनी ऊर्जा से भरी लिरिक्स और डायनामिक बीट्स के साथ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। शहत गिल के हाथों में माईक हो, तो उन्हें कोई नहीं रोक सकता। अपनी सुगम राईम और हुक्स के साथ वो अपने प्रेमी के बारे में स्वैगर और आत्मविश्वास की तस्वीर पेश कर रही हैं। इस बैंगर ट्रैक में आधुनिक बीट्स के साथ पारंपरिक पंजाबी तत्वों को शामिल किया गया है, जो परिचित होने के बाद भी अत्याधुनिक है। ओजी के बारे में सिंगर शहत गिल ने बताया, ह्यह्यसबसे पहले मैं हुलारे और पागल ए को अपना प्यार देने के लिए अपने श्रोताओं को धन्यवाद देती हूँ। मेरे लेटेस्ट सिंगल ओजी के साथ मैं एक ऐसा ट्रैक बनाना चाहती थी, जो श्रोताओं को अपने वाईब में रहने, आकर्षण के साथ रॉक करने, और अपने ओजी रूप में रहने के लिए प्रोत्साहित करे। यह ट्रैक एक वाईब है, और मैं श्रोताओं के साथ यह साझा करने के लिए उत्साहित हूँ। मुझे उम्मीद है कि मेरे इस सफर में आप सभी श्रोताओं का प्यार मुझे मिलता रहेगा

### 5 जून से स्नैक एंड बेकटेक और अन्नपूर्णा इंटर फूड के साथ तीसरी इंटर फूडटेक प्रदर्शनी का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत में फूड-प्रोसेसिंग उद्योग का बड़ी तेजी से विकास हो रहा है, इसलिए फूड-प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग मशीनरी में टेक्नोलॉजी से संबंधित नवीनतम ट्रेंड्स तथा इनोवेशन पर विशेष ध्यान देते हुए मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए, नई दिल्ली में द्वारका स्थित यशोभूमि (आईआईसीसी) में 05 से 07 जून, 2024 के दौरान इंटर फूडटेक – प्रीमियर टेक्नोलॉजी सप्लायर फेयर फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इंटर फूडटेक का आयोजन इस क्षेत्र से संबंधित ट्रेड-शो के साथ एक ही स्थान पर किया जाएगा, जिनमें स्नैक्स, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी प्रोसेसिंग और पैकेजिंग टेक्नोलॉजी व सेवाओं से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयरद्द स्नैक एंड बेकटेक, तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई), वीए एक्जीबिशन एंड फोरम ऑफ इंडिया फूड इंपोर्टर्स (एफआईएफआई) द्वारा सम्मिलित रूप से आयोजित इंटरनेशनल फूड एंड बेवरेज ट्रेड एक्सपो-अन्नपूर्णा इंटर फूड शामिल हैं। इसी वजह से यह देश में खाद्य-पदार्थों के कारोबार से संबंधित सबसे बड़ा फूड प्रोसेसिंग प्लेटफार्म बन गया है। इंटर फूडटेक और स्नैक एंड बेकटेक प्रदर्शनियां अव्वल दर्जे की प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग मशीनरी के आपूर्तिकताओं, समाधान एवं सेवा प्रदाताओं को एक-साथ लाती हैं, जो हर तरह के प्रोसेस्ड फूड एवं बेवरेज के उत्पादन के लिए जरूरी है। 20,000 वर्ग-मीटर के प्रदर्शनी क्षेत्र में लगभग 20 देशों की 400 से अधिक कंपनियों द्वारा फूड-प्रोसेसिंग उद्योग के लिए अपने समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा। वीए एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, और इन व्यापार मेलों के आयोजक, अश्विनी पांडे कहते हैं, अपने तीसरे एडिशन में ही इंटर फूडटेक और स्नैक एंड बेकटेक साथ मिलकर फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण ट्रेड फेयर बन गए हैं, जिसने दुनिया भर के प्रतिभाशाली लोगों के साथ-साथ बेमिसाल प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग समाधानों को एकजुट किया है। भविष्य के ट्रेंड्स के लिए रोडमैप तैयार करना, प्रतिनिधित्व के जरिये नीति-निर्माण को प्रभावित करना, नए बाजार खोलना, संयुक्त उद्यमों को सक्षम बनाना और जानकारी के आदान-प्रदान हेतु सर्वोत्तम मंच की भूमिका निभाना ही इसका उद्देश्य है। अन्नपूर्णा इंटर फूड-इंटरनेशनल फूड एंड बेवरेज ट्रेड एक्सपो, एक-साथ किए जाने वाले व्यापार से संबंधित है, जो उद्योग जगत के बीच आपसी संबंध बनाने के साथ-साथ फूड एवं बेवरेज ब्रांडों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह भारत में फूड एंड बेवरेज (एफ एण्ड बी) इंडस्ट्री में सफलता हासिल करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति की मंजिल है, क्योंकि यह नेटवर्किंग के बेमिसाल अवसर प्रदान करता है; साथ ही इस उद्योग से जुड़ी प्रभावशाली कंपनियों को एफ एण्ड बी प्रोडक्ट्स प्रदर्शित करने के अलावा अलग-अलग इंडस्ट्री सर्कल के बीच फूड एवं बेवरेज ब्रांडों को ऊपर उठाने का अवसर देता है।

## चुनावी नतीजों से पहले पंचकूला में हुई भाजपा की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला: चुनावी नतीजों से** पहले ही अपनी जीत से आश्वस्त भाजपा ने सोमवार को पंचकूला में समीक्षा बैठक की। पार्टी कार्यालय पंचकमल में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला, तीनों महामंत्री के अलावा कलस्टर इंचार्ज, लोकसभा संयोजक तथा लोकसभा के उम्मीदवार सहित अन्य पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी सीटों पर चुनाव का फीडबैक लिया। नेताओं और पदाधिकारियों ने चुनाव से संबंधित सभी बातें और आंकड़े विस्तारपूर्वक बैठक में रखे। पार्टी के आला नेताओं ने आंकड़ों और मिले फीडबैक पर लगभग तीन घंटे मंथन किया। बैठक शुरू होने से पहले सभी नेताओं ने बादशाहपुर विधानसभा से विधायक रहे राकेश दौलताबाद के निधन पर दुख जताया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक के बाद सीएम नायब सैनी ने मीडिया को बताया कि लोकसभा चुनाव में हुए मतदान की समीक्षा से उत्साहजनक संकेत उभरकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में चुनाव की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को हरियाणा में 11 कमल खिलने जा रहे हैं और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम सैनी ने 25 मई को भयानक गर्मी होने के बावजूद मतदान करने पर प्रदेशवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने पीएम मोदी को एकतरफा वोट दिया जिसके लिए वे जनता के आभारी हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कार्यकताओं ने चुनाव में मजबूती से काम किया है। कार्यकताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से 10 की 10 लोकसभाओं और करनाल विधानसभा में कमल खिलने जा रहा है। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन जनसभाएं हुई और लोगों ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया है, इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के सीएम भजनलाल, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के अलावा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा में जनसभाएं कर माहौल को एकतरफा बनाया है।



## युवक ने की आत्महत्या



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के दिल्ली** रोड,वार्ड संख्या 6 निवासी अभिषेक पुत्र महाबीर सिंह उम्र करीब 25 वर्ष ने घर मे बने बरामदे में बीती रात को फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजनों का कहना है कि रात करीब 12 बजे तक तो अभिषेक ने उनके साथ बाते की है। लेकिन उसके बाद उसने कब फाँसी लगा ली उसका नही पता है। परिजनों का कहना है कि सुबह 4 बजे जब वो उठे तो बाहर से उनके कमरों की कुंडी बंद की गई थी। और उनके बेटा फाँसी के फंदे पर झूल रहा था। वही आपको बतादे कि अभिषेक एकलौता बेटा था। जबकि उसकी 2 बहने है। वही मौके पर मौजूद लोगों का आरोप था कि कोई व्यक्ति अभिषेक को पैसों के लिए परेशान कर रहा था। जिसके कारण उसके ऐसा कदम उठाया है। फिलहाल मौके पर खरखौदा पुलिस व एफएसएल की टीम पहुँची है। एफएसएल की टीम ने मौके से सबूत जुटाए और खरखौदा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सामान्य अस्पताल भिजवा दिया है। शिकायत के आधार पर ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### क्वालिटी एश्योरेंस टीम ने केंद्र का किया निरीक्षण

**सोनीपत: नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस** स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) की टीम सोमवार को बैंयापुर स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने अस्पताल की व्यवस्था, मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के अलावा चिकित्सकीय व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही स्टाफ सदस्यों का इंटरव्यू भी किया। केंद्र द्वारा भेजी गई दो सदस्यीय टीम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से डा. राजीव और दिल्ली से डा. सुनीता शामिल रहीं। एनक्यूएएस का निरीक्षण होने से बैंयापुर उप स्वास्थ्य केंद्र पहला आयुष्मान आरोग्य केंद्र बन गया है। टीम ने यहां ओपीडी और दवा वितरण की व्यवस्था को जांचा।

## रेलवे स्टेशन पर टिकट काट रहे क्लर्क का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गन्नौर रेलवे स्टेशन** पर टिकट बुकिंग क्लर्क 50 वर्षीय जयराम यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की पर टिकट काट रहे थे। जब रेलयात्री टिकट लेने के लिए टिकट खिड़की पर गए तो क्लर्क जयराम यादव बेसुध हालत में फर्श पर गिरे हुए थे। उन्होंने इसकी सूचना जीआरपी चौकी में दी। सूचना मिलने के बाद जीआरपी इंचार्ज सुरेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और टिकट कक्ष का दरवाजा तोड़ कर जयराम यादव को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से गन्नौर सामुदायिक केंद्र में लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवाया। जीआरपी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सोनीपत निवासी टिकट बुकिंग क्लर्क जयराम यादव सुबह डयूटी पर ठीक-ठाक आए थे। सोमवार को दोपहर टिकट कक्ष में टिकट खिड़की पर कुर्सी पर बैठ कर टिकट काट रहे थे। जब पानीपत से दिल्ली की तरफ जाने वाली 303 पैसेंजर सवारी गाड़ी का समय हुआ तो यात्री टिकट लेने खिड़की पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि जयराम यादव नीचे गिरा हुआ था।

जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या में लग रहा है कि जयराम यादव की मौत हृद्यघात से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सहीकारणों का पता लग पाएगा।



**दुखद**

संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की पर टिकट काट रहे थे

### डंफर चालक ने बाइक चालक को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री रोड पर दरड-कुराली** मेन अड्डे पर एक तेज रफ्तार डंफर ने बाइक चालक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। व्यक्ति अपनी बाइक से ड्यूटी पर गया था और ड्यूटी पर पहुंचने के बाद उसे मिल से ही किसी काम के लिए भेजा गया था। मृतक के भाई ने बताया कि 43 वर्षीय सुखविंद्र सिंह सुबह करीब साढ़े सात बजे अपने घर से काम के लिए निकला था। वह बाइक पर था। मिल से करीब 100 मीटर की दूरी पर ही हादसा हुआ था। सुखविंद्र मिल में पहुंच चुका था और उसके बाद मिल की तरफ से उसे किसी काम के लिए भेजा गया था। इंद्री रोड पर दरड कुराली मेन अड्डे पर डंफर ने बाइक को टक्कर मारी थी। टक्कर मारने के बाद डंफर चालक मौके से फरार हो गया। सुखविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसका कहना है कि डंफर वाले और कंपनी की तरफ से मृतक के बच्चों को मुआवजा मिलना चाहिए और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी डंफर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली फॉल्ट ठीक करने के लिए परमिट नहीं देने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**कर्मचारियों** को 220 पावर हाउस में तैनात कर्मियों द्वारा परमिट नहीं देने का आरोप नगरपालिका के विभिन्न पार्षदों द्वारा लगाया गया है। इसको लेकर पार्षद अधिकारी से मिले और अपनी समस्या से अवगत कराया। पार्षद अनिल रमन, विपिन छाबड़ा, रेणू धीमान, विनोद बाल्मीकि, पियूष मित्तल, कप्तान छौक्कर, विकास कुहाड़ ने बताया कि वो सभी अपने वार्ड का प्रतिनिधित्व करते हैं और वार्ड में किसी तरह की समस्या आने पर उसके निदान की उनकी जिम्मेदारी है। बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की समस्या हो रही है और कई बार फाल्ट, तार टूटने आदि के कारण सप्लाई बाधित होती है। वो मुश्किल से लाईनमैन को बुलाकर फाल्ट ठीक करवाने का प्रयास करते हैं लेकिन 220 पावर हाउस से उन्हें काफी देर तक परमिट नहीं मिलता है। जिसके कारण सम्बंधित एरिया की लाईन बंद किए बिना लाईनमैन काम नहीं कर पाता है। पार्षदों ने बताया कि बीती रात को रमन व अनाज मंडी फीडर पर फाल्ट आ गया था। इसे ठीक कराने के लिए लाईनमैन को परमिट चाहिए था लेकिन करीब एक घंटे तक परमिट नहीं दिया जबकि केवल दस मिनट का काम था।

इस बारे में पावर हाउस के अधिकारी राजेश जाखड़ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के कहने पर लाईन बंद करने के लिए परमिट नहीं दिया जा सकता। अगर कर्मी के कहने पर परमिट दिया जाता है और बिजली कर्मी जब भी परमिट मांगेगे दे दिया जाएगा।



## मारपीट करने व लाखों रुपये की राशि सहित कार लूटने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27 थाना क्षेत्र** के सोनीपत-बहालगढ़ सड़क मार्ग पर घर लौट रहे युवक की गाड़ी के आगे गाड़ी रूकवा ली। उसके बाद हथियार के बल पर कार चालक से मारपीट कर घायल कर दिया। चालक का आरोप है कि हथियार के बल पर उससे सोने की चैन, लाखों रुपये की राशि सहित कार के छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। मालवीय नगर निवासी नवीन लाकड़ा ने बताया कि वह अपने किसी काम से सोनीपत-बहालगढ़ की तरफ जा रहा था। वह ट्रक मार्केट के पास पहुंचा। उसी दौरान स्कार्पियों कार चालक ने अपनी गाड़ी आगे लगा दी। उसके बाद कार से योगेश व उसकी बहन व मां सहित दो दोस्त नीचे उतरे। उन्होंने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसके गले से दो सोने की चेन, चेन के अंदर लॉकेट, मोबाइल फोन, व गाड़ी के अंदर रखा बैग जिसमें एक लाख 42 हजार रुपये की राशि भी थी। योगेश के पास हथियार भी था। हमलावर सब कुछ छीनकर बहालगढ़ की तरफ फरार हो गए। मामले को लेकर उसने पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मोबाइल व दो हजार रुपये छीने

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र** के गांव बाघड़ू-बड़वासनी रोड पर फैक्टरी कर्मी के थप्पड़ मारकर तीन युवक उनका मोबाइल व दो हजार रुपये छीनकर भाग गए। युवक बिना नंबर प्लेट लगी बाइक पर सवार थे और उनमें से एक ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। पीड़ित ने मामले से सदर थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव सरस्वती खगरिया बिहार निवासी अमित ने बताया कि वह फिलहाल आरकेजी लखानी कंपनी बाघडू में नौकरी करता है। वह रविवार को गांव बाघडू से बड़वासनी होते हुए सोनीपत आ रहे था। जब वह गांव बाघडू-बड़वासनी रोड पर आ रहा था तो इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक उनके पास आए। उनमें से एक ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। उनकी बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

## एक माह के बच्चे के हाथ के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार: हांसी के नागरिक** अस्पताल में तैनात सर्जन द्वारा एक महीने के मासूम बच्चे के हाथ के ट्यूमर का सफल आपरेशन किया गया। बच्चे के हाथ को बचाने के लिए उसे इमरजेंसी में दाखिल कर उसकी सर्जरी करनी पड़ी। डॉ. एमके ढींगरा ने सोमवार को बताया कि निकटवर्ती रामायण गांव के एक माह के बच्चे के हाथ में ट्यूमर टाइप की गांठ हो गई थी और वह ट्यूमर अपने स्थान पर ही घूम गई थी। इस वजह से बच्चे के हाथ में इन्फेक्शन होना शुरू हो गया था। एक माह के बच्चे की सर्जरी में सबसे चैलेंजिंग काम उसको एनस्थीसिया देना होता है, लेकिन नागरिक अस्पताल की सीनियर एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट डॉ. मोना दुआ ने सही मात्रा में एनेस्थीसिया डोज देकर शांत किया। जिसके बाद उनकी टीम ने मात्र 15 मिनट में सफल सर्जरी कर बच्चे के हाथ में बढ़ रहे इन्फेक्शन को काबू कर लिया। सर्जरी के 24 घंटे बाद बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अब बच्चा बिल्कुल स्वस्थ है और अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा है। डॉ ढींगरा ने बताया कि अगर सर्जरी में देरी की जाती तो बच्चे के हाथ में इन्फेक्शन बढ़ सकता था और इन्फेक्शन बढ़ने पर हाथ काटने की नौबत आ सकती थी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति या बच्चे के शरीर में कहीं भी किसी भी प्रकार की गांठ है तो वह उसे तुरंत सर्जन चिकित्सक से संपर्क करें। एक सर्जन ही शरीर में बन रही गांठ को चैक कर उसका सही से उपचार कर सकता है।



**सफलता**

एक माह के बच्चे के हाथ में ट्यूमर टाइप की गांठ हो गई थी और वह ट्यूमर अपने स्थान पर ही घूम गई थी

## पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी: डॉ. राजन शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर: देश के प्रथम प्रधानमंत्री** स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर सोमवार को शहर के इंटक हाल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस के चिकित्सक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राजन शर्मा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पहुंचे कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस नेता डॉ. राजन शर्मा ने बताया कि हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रधानमंत्री बनने के बाद कई दूरगामी बुनियादी फैसले लिए और देश को आगे ले जाने का काम किया। पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी और देश में बांध, एआईआईएमएस, आईआईटी, आईआईएम, इसरो, पांच वर्षीय योजना, भरण पोषण और एक सद्दढ़ व सर्वधर्म भारत की नींव रखी। आज उनकी 60वीं पुण्यतिथि मनाई जा रही है, जिस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 इलाहाबाद के एक धनढ् परिवार में हुआ था। वह स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। बच्चों के प्यारे 'चाचा नेहरू' के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले खास पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी विश्व स्तर के सर्वमान्य नेता रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के बाद आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के तौर पर आधुनिक भारत का निर्माण करते हुए कृषि, शिक्षा, चिकित्सा के साथ भारत को मजबूत आर्थिक व औद्योगिक विकास किया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। आज अन्य राजनीतिक पार्टियों ने देश को धर्म के नाम पर बांटने का काम




## किवाना कृषि फीडर की सप्लाई 20 दिन से बाधित, पौध व हरा चारा सूखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**किवाना के कृषि फीडर** की सप्लाई करीब 20 दिन से बंद होने के कारण किसानों के लिए समस्या बन गई है। इससे जहां पौध सूख गई है वहीं हरे चारे की किल्लत भी हो गई है। किसान नीटू शर्मा, रामपाल, मदन, मुकेश, कमल, कूल, मोहित, देवी सिंह, धौला आदि ने बताया कि किवाना एपी फीडर पर करीब 20 ट्यूबवैल हैं। जिन्हें छदिया पावर हाउस से बिजली सप्लाई होती थी। करीब 20 दिन पहले आए तूफान के कारण उक्त फीडर की सप्लाई बंद है। जिसके कारण किसान पौध में पानी नहीं दे पा रहे और सिंचाई के अभाव में हरा चारा भी सूख रहा है। पारा लगातार बढ़ रहा है और जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इस बारे में कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।



# सीएम के पीए की जमानत याचिका खारिज

## मालीवाल ने कहा था- बिभव का रसूख मंत्रियों जैसा, उसे बेल मिली तो मुझे खतरा, कोर्ट में दलीलें सुनकर रो पड़ीं स्वाति

**मांग ठुकराई**

**▶▶ न ही बिभव का स्वाति को निर्वस्त्र करने का कोई इरादा था। ये चोटें खुद को पहुंचाई जा सकती है**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** स्वाति मालीवाल से मारपीट केस में सोमवार को केजरीवाल के पीएम बिभव कुमार की जमानत याचिका पर तीस हजारी कोर्ट में सुनवाई हुई। बिभव ने 25 मई को कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुनवाई के दौरान स्वाति भी कोर्ट में मौजूद रहीं। बिभव के वकील हरिहरन ने सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि जब सेंसेटिव बॉडी पार्ट्स पर चोट के निशान नहीं मिले तो गैर इरादतन हत्या की कोशिश का सवाल ही नहीं है। न ही बिभव का स्वाति को निर्वस्त्र करने का कोई इरादा था। ये चोटें खुद को पहुंचाई जा सकती हैं। बिभव के वकील ने यह भी कहा कि पुराने जमाने में ऐसे आरोप कौरवों पर लगे थे, जिन्होंने द्रौपदी का चीरहरण किया था। स्वाति ने यह एफआईआर पूरी प्लानिंग करके 3 दिन बाद दर्ज कराई है। ये दलीलें सुनकर स्वाति कोर्ट रूम में ही रो पड़ीं। स्वाति ने बताया कि बिभव कोई आम आदमी नहीं है, वह मंत्रियों को मिलने वाली सुविधाएं इस्तेमाल करता है। उसे जमानत मिली तो मुझे खतरा होगा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मेट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने बिभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल के पीए बिभव को 18 मई को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने उन्हें 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया।

**बिभव के वकील बोले- केवल जमानत मांगी, बरी करने की अपील नहीं की**

कोर्ट में बिभव के वकील ने कहा कि सीएम हाउस से सीसीटी पहले ही बरामद कर लिया गया है, इसलिए उसमें टेम्परिंग या छेड़छाड़ का कोई सवाल ही नहीं है। पुलिस जांच के लिए बिभव पहले दिन से मौजूद रहे हैं। हम केवल जमानत की मांग कर रहे हैं, बरी करने के लिए हमारी अपील नहीं है।

**स्वाति का दावा- बिभव की जमानत से मुझे और मेरे परिवार को खतरा:** स्वाति मालीवाल ने कोर्ट को बताया कि मेरा बयान दर्ज करने के बाद आप नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

मुझे बीजेपी का एजेंट कहा गया। उनके पास एक बड़ी ट्रोल मशीनरी है, उन्होंने मशीनरी को पंप किया है। आरोपी को पार्टी के नेता ही मुंबई ले गए। अगर उसे जमानत पर रिहा किया गया तो मुझे और मेरे परिवार को खतरा होगा। मार्च 2024 में बिभव को सीएम के पर्सनल सेक्रेटरी के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। स्पेशल सेक्रेटरी विजिलेंस वाईवीवीजे राजशेखर ने आदेश जारी कर कहा था कि बिभव की सेवाएं तत्काल प्रभाव से खत्म कर दी गई हैं। उनकी नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया और नियमों का पालन नहीं किया गया। इसलिए ये नियुक्ति अवैध और शून्य करार दी जाती है। राजशेखर ने ये आदेश 2007 के एक मामले के आधार पर दिया।

दरअसल, 2007 में बिभव पर एक सरकारी अधिकारी के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप लगा था। नोएडा विकास प्राधिकरण में तैनात महेश पाल ने बिभव पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता (एक पब्लिक सर्वेंट) को उसकी ड्यूटी करने से रोका, उसे गाली और धमकी दी। महेश ने 25 जनवरी 2007 को नोएडा सेक्टर-20 के पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी।

### स्वाति मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिखा पुलिस आयुक्त को पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सोमवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर आरोपितों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने पुलिस आयुक्त से आरोपित के साथ मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित व्यक्तियों की कॉल डीटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच करने को भी कहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को ट्वीट करके कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले का आयोग ने संज्ञान लिया है। सोमवार को आयोग ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर मामले के आरोपित बिभव और मुख्यमंत्री केजरीवाल सहित सभी संबंधित लोगों की सीडीआर की जांच करने को कहा है और स्वाति मालीवाल के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकियों की जांच करने के साथ आरोपितों के साथ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आयोग ने इस मामले में की गई सभी कार्रवाइयों की रिपोर्ट तीन दिन में सौंपने को कहा है। उल्लेखनीय है कि स्वाति मालीवाल ने रविवार को दावा किया कि आप नेता और इसके वॉलंटियर्स ने उनके खिलाफ जिस तरह से कथित तौर पर 'चरित्र हनन' अभियान चलाया, इसके बाद अब उन्हें बलात्कार और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यूट्यूबर ध्रुव राठी पर उनके खिलाफ 'एकतरफा' वीडियो पोस्ट करके नफरत भरे अभियान को और बढ़ाने का आरोप लगाया।



# विवेक विहार बेबी केयर में दम घुटने से हुई थी नवजात बच्चों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विवेक विहार बेबी केयर अस्पताल में हादसे में मृत नवजात बच्चों की पोस्टमार्टम में मौत की वजह सामने आ गई है। सूत्रों के मुताबिक नवजात की मौत दम घुटने की वजह से हुई है। इसके अलावा कुछ बच्चों के शरीर पर जलने के निशान भी पाए गए हैं। इससे साफ है कि आग की लपटें बच्चों के वार्ड तक भी पहुंच गई थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम की शुरूआती रिपोर्ट आ गई है। हालांकि फाइनल रिपोर्ट आना अभी बाकी है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने केस दर्ज कर अस्पताल के मालिक और एक अन्य डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान डॉ. नवीन खीची (45) और बीएएमएस डॉक्टर आकाश (26) के रूप में हुई है। डॉ. आकाश चरखी दादरी का रहने वाला है। शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान टीम ने जब अस्पताल की लाइसेंस की जांच की तो उसकी अवधि समाप्त मिली। इसके अलावा दिल्ली सरकार के डीजीएचएस विभाग की ओर से अस्पताल को महज पांच बेड का अस्पताल चलाने की अनुमति थीं। उसका उल्लंघन कर 12 बेड का अस्पताल चलाया जा रहा था। दूसरी ओर बच्चों के अस्पताल के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत होती है लेकिन डॉ. नवीन ने आयुर्वेदिक डॉक्टर आकाश को रखा हुआ था।



## सफदरजंग अस्पताल में ग्रीन जोन की शुरूआत

**नई दिल्ली:** इमरजेंसी में तुरंत गंभीर रूप से बीमार मरीजों को त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिए वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल में सोमवार को ट्राइएज और ग्रीन जोन का उद्घाटन किया गया। विश्व आपातकाल दिवस के अवसर पर आपातकालीन ब्लॉक में ट्राइएज का उद्घाटन डीजीएचएस, डॉ. अतुल गोयल ने किया । इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार, प्रिंसिपल डॉ. गीतिका खन्ना और अतिरिक्त एमएस, डॉ. पी.एस. भाटिया मौजूद थे। इस ग्रीन जोन का उद्देश्य रोगी प्रवाह को सुव्यवस्थित करने के साथ गंभीर मामलों को प्राथमिकता देना, त्वरित और कुशल आपातकालीन देखभाल सुनिश्चित करना है।

# आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरणः राष्ट्रपति




**आध्यात्मिक**

**▶▶ विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आध्यात्मिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। राष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रह्मा कुमारी संस्थान द्वारा आयोजित स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तीकरण कार्यक्रम के राष्ट्रीय शुभारंभ पर सभा को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं। विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा करके केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध हुआ है। स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है। ऐसे व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज, राष्ट्र एवं विश्व समुदाय का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। जब किसी धर्म और पंथ के मानने वाले अध्यात्म के मार्ग से भटक जाते हैं तो वे धर्मान्धता (कट्टरता) का शिकार हो जाते हैं और अस्वस्थ मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं। आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण की भावना के साथ काम करना, आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति है। जनता की भलाई के लिए दान करना सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मूल्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में भय, आतंक और युद्ध को बढ़ावा देने वाली ताकतें बहुत सक्रिय हैं। ऐसे माहौल में ब्रह्माकुमारी संस्था ने 100 से अधिक देशों में कई केंद्रों के माध्यम से मानवता के सशक्तीकरण के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया है।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल की टीम ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास सजा पा चुके पैरोल जंपर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान टिंकू सिंह के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर मनमीत मलिक, हेड कांस्टेबल राजेश की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। लगभग 10 साल पहले 2014 में न्यू उस्मानपुर थाने में दर्ज हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस को इसकी तलाश थी। इसको पिछले साल 8 अप्रैल को जेल में सरेंडर करना था। क्योंकि कोविड के दौरान इसे 15 अप्रैल 2020 में पैरोल मिला था।



सरेंडर करने की बजाय यह फरार हो गया। फिर इसकी तलाश के लिए क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल की टीम को लगाया गया था। पुलिस के अनुसार टिंकू सिंह ने अपने दोस्त और गर्लफ्रेंड शशि बाला के साथ मिलकर उसके पति इंद्रपाल की हत्या कर दी थी। इंद्रपाल और शशि बाला जब शास्त्री पार्क उस्मानपुर में रहने आए थे।

# अस्पताल अग्निकांड पर सौरभ ने बुलाई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बीते शनिवार की रात बेबी केयर न्यू बॉर्न अस्पताल में आग भीषण आग लग गई। इस हादसे में सात मासूमों की मौत हो गई। हादसे के बाद राष्ट्रपति, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने दुख जताया। एलजी वीके सक्सेना और स्वास्थ्य मंत्री ने जांच के आदेश दे दिए हैं। दिल्ली स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, विवेक विहार अस्पताल में आग लगने की घटना को लेकर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सचिवालय में बैठक बुलाई है। बैठक में दिल्ली में बढ़ती गर्मी को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे।




**फरिश्ते योजना से होगा घायल मासूमों का फ्री इलाजः** आग में सुरक्षित बचाए गए सभी नवजात का दिल्ली के निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज होगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आदेश दिया कि घटना में बचाए गए बच्चों को दिल्ली के बेहतर निजी अस्पताल में निशुल्क उपचार दिया जाए। उन्होंने फरिश्ते योजना के तहत सुविधा देने का निर्देश दिया है। इसे लेकर उन्होंने स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार और मुख्य सचिव नरेश कुमार को निर्देश भेजे हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि इस गंभीर घटना के बारे में सूचना लेने के लिए कॉल करने पर फोन नहीं उठाया। स्वास्थ्य सचिव द्वारा फोन कॉल और संदेशों का जवाब न दिए जाने के कारण मुख्य सचिव को प्रति सहित ईमेल के माध्यम से निर्देश भेजना पड़ा। इसमें निर्देश दिया गया है कि इस घटना की शीघ्र जांच करें। साथ ही इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों या निजी व्यक्तियों के नाम और पदनाम उपलब्ध कराएं। बचाए गए बच्चों को फरिश्ते योजना के तहत इलाज दिया जाए। मृतकों और झुलसने वालों के परिवारों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए।

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों या निजी व्यक्तियों के नाम और पदनाम उपलब्ध कराए**

**हादसे के वक्त 12 नवजात थे भर्तीः** जानकारी के लिए बता दें कि विवेक विहार सी-54 में बेबी केयर न्यू बॉर्न अस्पताल के नाम से छोटा सा अस्पताल है। जिसमें झुलसकर सात मासूमों की मौत हो गई।

# याचिकाकर्ता पर लगा एक लाख रुपये का जुर्माना माफ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मीडिया रिपोर्टिंग और राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों को बयान देने से रोकने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाया गया एक लाख रुपये का जुर्माना माफ कर दिया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता के माफी मांगे जाने के बाद जुर्माने को माफ करने का आदेश दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता श्रीकांत प्रसाद को निर्देश दिया कि वो इस आदेश की प्रति आगे किसी भी याचिका को दायर करते समय संलग्न करेगा। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट से जुर्माने की सजा माफ करने की मांग करते हुए कहा कि उसकी याचिका कानून सम्मत नहीं थी। इससे पहले 8 मई को हाई कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर एक लाख का जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा था कि ये किस तरह की मांग है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा था कि हम प्रेस का या प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों का मुंह कैसे बंद कर दें।




## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुनर्विकास के दौरान बंद नहीं होगा

**नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को पुनर्विकास के दौरान बंद नहीं किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया के कुछ वर्गों ने इस आशय का समाचार दिया है कि पुनर्विकास कार्य के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को इस साल के अंत तक बंद कर दिया जाएगा। इसलिए इस बारे में आम जनता को जागरूक करना जरूरी हो गया है।मंत्रालय ने अपने ताजा बयान में ऐलान किया है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन कभी बंद नहीं होगा।

# अग्निकांडः दोनों आरोपित पुलिस रिमांड पर भेजे गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने विवेक विहार बेबी केयर सेंटर अग्निकांड मामले के दोनों आरोपितों को 30 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दोनों आरोपितों को दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में पेश कर हिरासत की मांग की। विवेक विहार बेबी केयर सेंटर में 25 मई को आग लगने से सात बच्चों की मौत हो गई थी। इस अस्पताल में 12 मासूम भर्ती थे। आग लगने पर पुलिस, दमकल विभाग, अस्पताल, स्टाफ और आम लोगों ने किसी तरह अस्पताल की इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद खिड़की के रास्ते सभी 12 बच्चों को निकाला। इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने अस्पताल के मालिक डॉक्टर नवीन कीची और एक डॉक्टर आकाश को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने नवीन कीची के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 और 304 ए के तहत एफआईआर दर्ज की है। डॉक्टर आकाश के पास बीएएमएस की डिग्री है। अस्पताल चलाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत होती है लेकिन उसके बावजूद अस्पताल के मालिक डॉक्टर नवीन कीची ने आयुर्वेदिक डॉक्टर आकाश को रखा हुआ था।




दिल्ली पुलिस के मुताबिक इस अस्पताल के पास केवल पांच बेड की अनुमति थी लेकिन ये 12 बेड का अस्पताल चलाया जा रहा था। जांच के दौरान अस्पताल परिसर में आग बुझाने वाला एक भी सिलेंडर नहीं मिला। अस्पताल में आपातकालीन स्थिति में इमरजेंसी एग्जिट गेट भी नहीं बनाया गया था। अस्पताल का लाइसेंस भी समाप्त हो गया था। हादसे के वक्त अस्पताल में दो डॉक्टर्स, छह नर्स और एक सुरक्षाकर्मी मौजूद था।

**हिरासत में**

**▶▶ विवेक विहार बेबी केयर सेंटर में 25 मई को आग लगने से सात बच्चों की मौत हो गई थी**

**सावधानी बरतें**

**नौतपा का असर दिल्ली एनसीआर में भी देखने को मिल रहा, बेजुबान भी त्राहिमाम**

# गर्मी से 'धधक' रहा दिल्ली-एनसीआर, तीन दिन हीट वेव का अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** उत्तर भारत इन दिनों प्रचंड गर्मी से त्राहिमाम कर रहा है। नौतपा का असर दिल्ली एनसीआर में भी देखने को मिल रहा है। आसमान से आग बरस रही है। मौसन विभाग के मुताबिक, सोमवार से बुधवार यानी 29 मई तक लू का अलर्ट जारी कर दिया गया है। दिल्ली के कई इलाकों में पानी के लिए लोग परेशन हैं तो वहीं कई जगहों से गर्मी में आग लगने की खबरें भी सामने आ चुकी हैं। बिजली की मांग बढ़ चुकी है। बीते सूरज की तपिश और भीषण लू के थपेड़ों से लोग बेहाल नजर आए। मौसम विभग ने कहा कि दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा है। दिल्ली में नौ साल बाद 26 मई के दिन पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा।। यही नहीं, यह इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। इससे पहले 2015 में इस दिन अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए लू का रेड अलर्ट जारी किया है। ऐसे में कई इलाकों में भीषण लू चलने का अनुमान है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य चार डिग्री अधिक 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम आर्द्रता का स्तर 64 फीसदी रहा।




**राहत नहीं**

**▶▶ तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा है। नौ साल बाद 26 मई के दिन पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा**

**गर्मी से अभी नहीं मिलेगी राहतः** मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि फिलहाल गर्मी से अभी राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। तापमान में वृद्धि होने से आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। ऐसे में गर्मी लोगों की काफी दिक्कत बढ़ा सकती है। मौसम विभाग ने लू का रेड अलर्ट जारी किया है।

**नौ साल बाद 26 मई रहा सबसे गर्मी दिनः** सूरज की तपिश और भीषण लू के थपेड़ों से लोग बेहाल नजर आए। मौसम विभाग के मुताबिक, 9 साल बाद 26 मई के दिन पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। यही नहीं, यह इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। इससे पहले 2015 में इस दिन अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिल्ली शहरी केंद्रों में मुंगेशपुर व नजफगढ़ इलाके में 48 डिग्री सेल्सियस के पार पारा पहुंचा।

# अनधिकृत रूप से चल रहा था शिशु अस्पतालः वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि विवेक विहार स्थित जिस शिशु अस्पताल में शनिवार की रात आग लगने से बच्चों की मौत हुई, उसे दिल्ली सरकार का संरक्षण प्राप्त था। नतीजतन, यह अस्पताल अनधिकृत रूप से चल रहा था। इस अस्पताल को आगे बढ़ाने में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी एवं 2021 में मेडिकल सुपरिटेंडेंट (नर्सिंग होम्स) रहे डॉ आरएन दास की भूमिका बेहद संदिग्ध है। वर्ष 2021 में स्वास्थ्य विभाग ने एक इंस्पेक्शन में इस शिशु अस्पताल को केवल पांच बच्चों की देखभाल योग्य पाया था परन्तु तब डा. आरएन दास ने अस्पताल मालिक के आवेदन के आधार पर बिना जांच 10 बच्चों के इलाज की क्षमता स्वीकृत करने का प्रयास किया था और फीस जमा भी करवा दी थी। सोमवार को मीडिया से बातचीत में वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि इसके बावजूद आग के समय अस्पताल में 12 बच्चे भर्ती थे, जो साफ बताता है कि कैसे नियमों को ताक रख कर अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। अस्पताल लगातार अनधिकृत रूप से चल रहा था और इसे दिल्ली सरकार का संरक्षण प्राप्त था, इसलिए कभी स्थानीय आरडब्ल्यूए की शिकायतों पर भी सुनवाई नहीं हुई।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि डा. आरएन दास 2021 के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन से लेकर वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के बेहद नजदीकी रहे हैं।

# भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में हुई समीक्षा बैठक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। करनाल में 25 मई** को सम्पन्न हुए लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में समीक्षा बैठक हुई। जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, एडवोकेट संजय मदान, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, जिला महामंत्री सुनील गोयल एवं जयभगवान सीकरी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया है और चुनावों के दौरान सभी बड़े नेताओं के कार्यक्रम प्रदेश में हुए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान कार्यकताओं ने बड़ी मजबूती से काम किया, जिसके लिए उनका आभार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में लोकहित काम किए हैं। बीजेपी की सरकार काम करने वाली सरकार हैए,बीजेपी ने गरीबों के लिए काम किया है। पिछले 10 सालों में देश को बदलने का काम किया है। गरीब किसानों और हर वर्ग पर प्रधानमंत्री ने ध्यान दिया। पीएम मोदी ने दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। प्रदेश वासियों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि 11 सीटों पर प्रदेश में कमल खिल रहा है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, इसके लिए मैं सभी कार्यकत्र्ताओं का धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

# नागरिकों को लू के प्रकोप से बचाने के लिए बरतनी होगी विशेष सावधानी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने तापमान में हो रही एकाएक बढ़ोतरी के चलते नागरिकों से हीट-वेव यानि लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उपायुक्त ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। ऐसे में नागरिकों को विशेष सावधानी व बचाव करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुरूप तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके



अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबोर्नेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचानें। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीएं और भले ही प्यास न लगी हो। हल्के रंग के, ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दुपहरी में घर से बाहर न निकलें। यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें। शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय से बचें। यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का उपयोग करें पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

## न्यूज फ्लैश

### चिरस्मी में अत्याधुनिक मशीन द्वारा धान की सीधी बिजाई के बारे में जागरूक किया

**गन्नौर। जल बचाने की सरकार** व कृषि विभाग की मुहिम में किसान अब बढ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। गांव चिरस्मी में खंड कृषि अधिकारी ने धान की सीधी बिजाई के बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीधी बिजाई के लिए ये सही समय है। किसान यदि धान की सीधी बिजाई करना चाहते है वो जून के दूसरे सप्ताह तक बिजाई कर दे व प्रति एकड़ 8 किलो बीज अवश्य लें। इससे पानी की बचत तो होगी ही साथ में किसान का खर्च भी कम होगा। विभाग द्वारा धान की सीधी रोपाई करने पार किसानों को सब्सिडी भी दी जाएगी। उन्होंने किसानों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान चिरस्मी में धान की अत्याधुनिक मशीन द्वारा बिजाई की गई। किसान मुकेश, कृष्ण आदि ने लगभग 50 एकड़ में धान की सीधी बिजाई करवाई। इस मौके पर विभाग से दिनेश रापड़िया व हेमंत कौशिक मौजूद रहे।

### कार पर कंटेनर पलटने से घायल हुए रामलाल ने भी तोड़ा दम

**गन्नौर। जीटी रोड पर** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के पास गत वीरवार को कार पर कंटेनर पलटने से घायल हुए 65 वर्षीय रामलाल की सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। रामलाल का दिल्ली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां पांच दिन दाखिल रहने के बाद उनकी मौत हो गई। बता दें कि 23 मई को पंजाबी बाग, दिल्ली के रहने वाल जगमोहन सहगल, दिल्ली निवासी मोहनलाल व रामलाल के साथ कार में सवार होकर दिल्ली की तरफ आ रहे थे। जब वे बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचे तो अचानक से एक तेज रफ्तार कंटेनर ओवरटेक करते समय सीधे उनकी कार पर पलट गया, जिससे उनके कार कैंटर के नीचे बुरी तरह से दब गई। इस हादसे में जगमोहन सहगल की मौत हो गई जबकि उनके साथी मोहनलाल व रामलाल घायल हो गए थे, लेकिन पांच दिन बाद उपचार के दौरान रामलाल की भी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक जगमोहन सहगल के बेटे प्रतीक की शिकायत पर अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर रखा है।

### पवित्र चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल लिए बनाया ई-स्वास्थ्य धाम ऐप

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि उत्तराखंड सरकार ने पवित्र चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल और निगरानी प्रणालियों में सुधार के लिए ई-स्वास्थ्य धाम ऐप नामक पहल शुरू की है। यह ऐप एक विशेष ऑनलाइन टूल है, जिसे यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति को ट्रैक करने के लिए सावधानीपूर्वक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ई-स्वास्थ्य धाम ऐप वर्तमान में चार धाम पंजीकरण पोर्टल से निर्बाध रूप से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक भक्त को इस ऐप पर पंजीकरण करना और अपना मेडिकल रिकॉर्ड अपलोड करना जरूरी है। उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग पूरी तीर्थ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट स्वास्थ्य जांच प्रदान करेगा।

### मिशन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा का परिणाम घोषित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मिशन बुनियाद** लेवल 3 की परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है, जिसमें करनाल जिले के 210 बच्चों का सिलेक्शन 2024-2026 के सेशन के लिए चयन हुआ है। इसमें 79 बच्चे अभी वेटिंग लिस्ट में शामिल है।बुनियाद नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने बताया कि पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर बच्चों का एडमिशन होगा। बच्चे मिशन बुनियाद में एडमिशन लेकर कक्षा 9वी व 10वीं की पढ़ाई ऑनलाइन करेंगे। बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं, जिसके लिए बच्चों को स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, फैमिली आईडी, स्टूडेंट आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, क्लास आठवीं की मार्कशीट, मिशन बुनियाद लेवल 3 रिजल्ट शीट, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक कॉपी की फोटो कॉपी, जन्म प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र (एससी, बीसी) आदि जरूर जरूरी दस्तावेज लाने होंगे।

# चुनावों के दौरान नकदी, शराब और ड्रग्स सीज

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव 2024 के दौरान आयकर विभाग, पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा 2 करोड़ 23 लाख 41 हजार 713 रुपए की नकदी, शराब व ड्रग्स के साथ-साथ अन्य वस्तुएं सीज की है। अहम पहलू है कि इस राशि में से 1 करोड़ 57 लाख 67 हजार रुपए की नकद राशि शामिल है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव में एसएसटी व एफएसटी टीमों द्वारा सीज किये गए सामान को लेकर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव की गैर कानूनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एसएसटी व एफएसटी टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने नाकाबंदी करके और मिली सूचना के आधार पर दबिश देकर शराब, ड्रग्स, नकदी को सीज किया। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सभी विभागों की टीमें भी मुस्तैदी के साथ काम किया। इन चुनावों में अभी तक पुलिस विभाग की तरफ से 1 करोड़ 21 लाख 67 हजार 690 रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। इसके अलावा पुलिस ने 15 हजार 551 लीटर शराब बरामद की। इस शराब की कीमत 20 लाख 12 हजार 73 रुपए बताई गई है। पुलिस ने 380. 387 ग्राम ड्रग्स बरामद की है। इस ड्रग्स की कीमत 35 लाख 23 हजार 675 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने इसके अलावा 42 अन्य वस्तुएं भी बरामद की गई है। इन वस्तुओं की कीमत 1 लाख 35 हजार 800 रुपए बताई गई है।

इस प्रकार पुलिस ने अब तक कुल 1 करोड़ 78 लाख 39 हजार 238 रुपए की शराब, ड्रग्स व अन्य वस्तुएं बरामद की है। उपायुक्त ने कहा कि आयकर विभाग ने 36 लाख रुपए की नकद राशि लोकसभा व विधानसभा उप चुनाव के दौरान सीज किये है। इसी तरह आबकारी विभाग ने 15 हजार 551.47 लीटर शराब बरामद की है। इस शराब की कीमत 9 लाख 2 हजार 475 रुपए बताई गई है। इसके अलावा आयकर विभाग, सीजीएसटी, राज्य जीएसटी विभाग, जीआरआई विभाग, ईडी विभाग सहित अन्य विभाग भी चुनावों की तमाम गतिविधियों पर नजरे बनाकर रखी। उन्होंने कहा कि करनाल जिला में किसी भी राजनैतिक दल या प्रत्याशी को आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना नहीं होने दी गई। सभी राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव सम्पन्न करवाने में योगदान दिया है।

# रौनक पब्लिक स्कूल में दांतों एवं उनकी सुरक्षा विषय पर किया जागरुक

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर: रौनक पब्लिक स्कूल** में दांतों एवं उनकी सुरक्षा विषय पर विद्यालय की पूर्व छात्रा डा. आशिमा त्यागी ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। डा. आशिमा त्यागी का विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य रजनी शर्मा ने बुका भेंट कर स्वागत किया। डा. आशिमा ने स्कूल के छात्रों को खाने के पहले दांतो को ब्रश करना, कितनी देर ब्रश करना, 45 डिग्री से ब्रश करने के फायदे, जीह्वा की सफाई करने, माउथवाश करने, मीठा खाने के बाद दांतों की सुरक्षा के बारे में जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में टूटे हुए दांत



को 1 घंटे तक सुरक्षित रख के पुनः उनको जोड़ा जा सकता है। ऐसी जानकारी निश्चय ही हम सभी को होनी चाहिए। प्राचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्रा डा. आशिमा त्यागी द्वारा दांतो की विषय में सांझा की गई जानकारी छात्रों के लिए प्रेरणादाई साबित होगी। उन्होंने आशिमा त्यागी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# गांव कारसा डोड में हुई हत्या के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। सीआइए टू की** टीम ने जिले के गांव कारसा डोड में हुई हत्या के मामले में दूसरे आरोपी टोनी शर्मा पुत्र सुरेश कुमार वासी गांव कारसा डोड थाना निगदू को कस्बा नीलोखेड़ी से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस टीम द्वारा 20 मई को एक आरोपी लवली उर्फ प्रमोद उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया गया था और उक्त आरोपी से पूछताछ के आधार पर ही मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सीआइए टू के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक



दीपक सहारन के निदेर्शानुसार कार्य करते हुए उनकी टीम ने मामले में एक आरोपी को 20 मई को गिरफ्तार किया था, जिसे अदालत में पेश कर उसका 7 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया था।

# गर्मी के बीच बिजली कटों से जनजीवन प्रभावित

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर: गर्मी बढ़ने के साथ** ही क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लग रहे अघोषित बिजली के कटों से लोगों को असुविधा हो रही है। शहर और गांवो में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है। गर्मी एवं उमस के बीच बिजली के अघोषित कटों से लोग पसीने से तरबतर होते रहे। लंबे बिजली के कट की वजह से कई बार लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर ठप्प पड़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ छह से सात घंटे तक बिजली के कटों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच खपत बढ़ने से फीडरों का लोड



बढ़ गया है और जिन उपकेंद्रों पर भार अधिक है, वहां पर कटौती के साथ ट्रिपिंग की समस्या आ रही है। शहरवासियों का कहना है कि बिजली के अघोषित कटों के कारण कालोनियों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

**लोग परेशान**

**लंबे बिजली के कट की वजह से कई बार लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर ठप्प पड़ रहे हैं**

अघोषित कटों से परेशान लोगों ने कहा कि बिजली के कटों के कारण रोजमर्रा के काम पूरे नहीं हो रहे हैं।

उनका कहना है कि रोस्टर के मुताबिक शहर में 24 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली की आपूर्ति होनी चाहिए। उन्होंने सरकार व प्रशासन से बिजली के स्थाई समाधान की मांग की है।

**गर्मी में बढ़ी बिजली की खपत : एसडीओ**

जितनी बिजली मिल रही है, उसी के अनुरूप बिजली की आपूर्ति हो रही है। गर्मी के में बिजली की खपत बढ़ी है।

तापमान भी काफी बढ़ रहा है, जिससे ट्रांसफार्मर भी गर्म हो जाती है। ऐसे में बिजली कट की समस्या बढ़ रही है। बिजली सप्लाई सुचारू चलती रहे इसके लिए निगम के कर्मचारियों को हर समय तैयार रहने की निर्देश दिए गए हैं। जहां भी बिजली कट की शिकायत मिलती है, उसका तुरंत समाधान करवाया जा रहा है।

# नालियों का गंदा पानी गली व प्लाटों में भरा

## नगरपालिका प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी नही हो रहा कोई समाधान

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर: हरिनगर में अनाज** मंडी की दिवार के साथ लगती गली में नालियों के गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण नालियों का गंदा पानी गली व खाली पड़े प्लाटों में भरने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हरिनगर के लोगों का कहना कि नालियों से ओवरफ्लों होकर खाली प्लाट में भर रहा है। गली में गंदे पानी के जमाव के कारण पैदल आवागमन करने वाले लोगों को आसपास की दूसरी गलियों से होकर जाना



पड़ता है। दुपहिया वाहन व अन्य वाहन चालक तो गंदे पानी के अन्दर से निकल जाते है। स्थानीय दुकानदार सतीश, विकास, महेन्द्र आदि ने बताया कि उनकी गली में जब से नालियों में प्लास्टिक के पाईप दबाए गए है। उसके बाद से नालियों का पानी गली व प्लाटों में भरने की समस्या आई है। इस बारे में वे नगरपालिका के अधिकारियों को भी अवगत करवा चुके है लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नही होता। उन्होंने बताया कि यह गढ़ी केसरी से रेलवे रोड पर जाने के लिए अनाज मंडी की दिवार से लगते हुए मुख्य गली है। प्रतिदिन काफी संख्या में लोग इधर-उधर जाते है लेकिन उनकी समस्या का समाधान नही होता। गली के लोगों ने प्रशासन से गंदे पानी की निकासी के स्थाई समाधान की मांग की है।

# नाले-सीवरेज जाम, जीटी रोड पर भरा गंदा पानी, लोग परेशान

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )

**नालों की सफाई** नहीं होने और सीवरेज जाम होने के कारण जीटी रोड पर इंडस्ट्रियल एरिया के मोड़ से पहले गंदा पानी भर गया है। इससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ फैक्ट्री मालिक भी रोड पर गंदा पानी छोड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालों की पिछले काफी समय से सफाई नहीं होने के कारण वह गंदगी से अटे पड़े हैं इसके कारण निकासी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण ये ओवर फ्लो हो गए हैं और गंदा पानी रोड पर भर गया है। साथ ही सिवरेज भी जाम हो गए हैं। निकासी ठप्प होने



के कारण गंदा पानी रोड पर भर रहा है। वहीं इसके बावजूद भी कुछ फैक्ट्री मालिकों ने रोड पर ही गंदे पानी के पाईप खोले हुए हैं। वो भी अपने फैक्ट्री व कमर्शियल प्लेस का गंदा पानी इन पाईपों के जरिए रोड पर डाल रहे हैं। लोगों का कहना है कि नालों की निकासी व सीवरेज खुलवाए जाएं साथ ही रोड की तरफ खुले फैक्ट्री के पाईपों को भी बंद कराया जाए।

# पानी और गंदगी से भरा लोहे का पाइप नीचो गिरा,कई घायल

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**सोमवार दोपहर शहर** के सबसे व्यस्त संजय चौक पर एक बड़ा हादसा हो गया। एलिवेटेड हाईवे से पानी और गंदगी से भरा लोहे का पाइप अचानक नीचे गिर गया। इससे नीचे हाईवे-44 से गुजर रहे कई वाहनों क्षतिग्रस्त हो गए और राहगीर घायल हो गए। इस हादसे से मौके पर भगदड़ मच गई। मौके पर स्थानीय लोग भी पहुंचे। उन्होंने पाइप के नीचे दबे लोगों को निकालना शुरू किया, लेकिन पाइप ज्यादा वजनदार होने की वजह लोगों को राहत कार्य में दिक्कत आ रही है। मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद मौके पर बचाव कार्य टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रैफिक



व्यवस्था भी सुचारु करवाना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, यह ड्रेनेज पाइप एलिवेटेड हाईवे के बरसाती पानी की निकासी को लेकर लगाया गया था। यह करीब 50 फीट ऊंचाई से गिरा है। हादसे के बाद ऋळ रोड पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मशक्कत के बाद वाहनों को एक तरफ किया और ट्रैफिक सामान्य करवाया।

**कार सवार 2 लोग घायल हुए**

दोपहर करीब ढाई बजे रोड पर यह हादसा हुआ, जिसमें 2 लोग घायल हुए हैं। ये दोनों लोग कार में सवार थे। वहीं, करीब 6 गाड़ियां और बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। एक घायल को नजदीक के निजी अस्पताल में दाखिल कराया है। पाइप कैसे गिर गया, यह जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पाइप में काफी समय से पानी और गंदगी जमा थी। इसकी साफ-सफाई और रख रखाव का जिम्मा छ&ळ कंपनी का है।

**लोग बोले** - L&T प्रबंधन की लापरवाही, केस हो दर्ज लासर्न एंड टूब्रो यानी L&T कंपनी ने यहां फ्लाईओवर बनाया है। उसके रखरखाव का जिम्मा भी कंपनी का ही है। हादसे के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बताया है कि कंपनी यहां आम लोगों से टोल टैक्स वसूलती है। जो लोग फ्लाईओवर का इस्तेमाल नहीं करते, वे भी टोल टैक्स देकर ही निकलते हैं। लाखों रुपए का टैक्स वसूलने के बावजूद प्रबंधन के ये हालात हैं। कंपनी प्रबंधन पर केस दर्ज होना चाहिए। हादसे सूचना मिलते ही शहरी विधायक प्रमोद विज भी मौके पर पहुंचे उन्होंने हादसे में घायल हुए घायलों का अस्पताल में जाकर हाल-
चाल जाना और डॉक्टर को कहां की इनके इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। वही विधायक ने कहा कि यह हादसा को छोटी बात नहीं है इसी विषय को लेकर बैठक बुलाई गई है सबसे पहले तो फूलों के सभी पाइपों को जांच करवा कर पक्का करवाया जाएगा।

# ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल करनो पर मानसी त्यागी का किया सम्मान

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर: गांव घसौली स्थित** लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल के छात्र शीलू ने गोवा में 16 से 20 मई तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय स्केटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है। इसके अलावा छात्रा मानसी त्यागी ने एयरफोर्स व्हाई ग्रुप भर्ती परीक्षा में आल इंडिया प्रथम रैंक हासिल कर परचम लहराया है। गन्नौर फ्लाईओवर के नीचे पहुंचने पर शीलू व मानसी त्यागी को देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने सम्मानित किया। साथ ही



खुली गाड़ी में बैठाकर शहर में जुलूस निकाला। कादियान ने कहा कि खिलाड़ी शीलू ने स्केटिंग में रजत पदक और मानसी त्यागी ने एयरफोर्स व्हाई ग्रुप भर्ती परीक्षा में आल इंडिया प्रथम रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल हो सकती है।

# टोंगा में भूकंप के जोरदार झटके

एजेंसी

**नुकू'आलोफा।** टोंगा के फंगले'उंगा के 70 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने कहा कि सोमवार को स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 09:47 बजे महसूस किये गये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गयी। भूकंप के कारण हताहत या क्षति की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। यूएसजीएस के अनुसार भूकंप का केंद्र 112.2 किमी की गहराई में 19.377 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 174.869 डिग्री पश्चिम देशांतर में था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि भूकंप राजधानी में भी महसूस किया गया। टोंगन के अधिकारियों ने लोगों को अंदरूनी इलाकों को खाली करने और ऊंचे स्थानों पर जाने को कहा है। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने भूकंप के आधार पर तुरंत सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की है।

फिजी, टोंगा और वानुअतु जैसे प्रशांत द्वीप देश तथाकथित प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित हैं, जो भूकंप और ज्वालामुखीय क्षेत्रों का एक चाप है जहां महाद्वीपीय प्लेटें अक्सर भूकंपीय गतिविधियों का कारण बनती हैं। 'उत्तर कोरिया के खिलाफ जासूसी तेज कर रहे हैं अमेरिका, दक्षिण कोरिया'

# 'उत्तर कोरिया के खिलाफ जासूसी तेज कर रहे हैं अमेरिका, दक्षिण कोरिया'

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के उप रक्षा मंत्री किम कांग इल ने कहा है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया के खिलाफ अपनी हवाई जासूसी तेज कर रहे हैं, जो देश की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है।



कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने उप मंत्री के हवाले से रविवार को कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरियाई वायु सेना के विभिन्न हवाई जासूसी साधन हाल ही में उत्तर कोरिया के खिलाफ अपनी शत्रुतापूर्ण हवाई जासूसी को खुलेआम तेज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया ने 13 से 24 मई के बीच 16 अमेरिकी विमानों की गणना की जो उसके खिलाफ टोही गतिविधियों में कथित रूप से शामिल थे। उप मंत्री ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल होकर, अमेरिका और दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया की संप्रभुता और सुरक्षा का अतिक्रमण कर रहे हैं।

# नेपाल में भी दिखा रेमल चक्रवात का असर

**काठमांडू।** रेमल चक्रवात का असर नेपाल के पूर्वी हिस्से में भी दिखा है। नेपाल के कोशी प्रदेश में मोरंग, सुनसरी और झापा में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक रेमल चक्रवात का असर सोमवार सुबह तक पश्चिम बंगाल से जुड़े जिलों में तेज आंधी के साथ लगातार बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख गोविन्द झा ने कहा है कि धीरे-धीरे रेमल चक्रवात का असर देश के बाकी हिस्सों में भी दिखेगा। कोशी प्रदेश के साथ ही बागमती और मधेश प्रदेश में भी दोपहर बाद भारी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा है कि मंगलवार तक रेमल चक्रवात का प्रभाव रहेगा। विभाग ने विशेष बुलेटिन में बागमती और कोशी सहित अन्य नदियों के तट पर रहने वालों को सतर्क रहने को कहा गया है।

# हमास ने तेल अवीव पर मिसाइल से किया हमला, इजराइल ने की जवाबी कार्रवाई

एजेंसी

**काहिरा/येरूशलम।** इजराइल और हमास के बीच पिछले कई महीनों से जारी जंग के बीच हमास ने एक बार फिर तेल अवीव पर बड़ा मिसाइल हमला किया है जिसके जवाब में इजराइल ने कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक करीब चार महीने बाद हमास ने रविवार को इजराइल पर राकेटों से हमला किया। गाजा के रफाह से किए गए हमास के हमले के चलते तेल अवीव सहित कई इजरायली शहरों में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए सतर्क करने वाले सायरन बजे।

इजराइल पर हमले में हमास ने लंबी दूरी तक मार करने वाले राकेटों का इस्तेमाल किया। इस हमले से इजराइल में किसी के हताहत होने या बड़ा नुकसान होने की फिलहाल सूचना नहीं है। इजराइली सेना ने बताया है कि गाजा से आठ राककेट छोड़े गए, इनमें से ज्यादातर को एयर डिफेंस सिस्टम से आकाश में ही नष्ट कर दिया गया।

हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने कहा कि उसने तेल अवीव पर एक बड़ा मिसाइल हमला किया। बताया जा रहा है कि इजरायली सेना ने संभावित आने वाले रॉकेटों की चेतावनी के लिए शहर में सायरन बजाया। इजराइली आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं ने कहा कि उन्हें किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

गाजा में इजराइली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच इस लड़ाई में अभी तक लगभग 36 हजार फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने जबालिया में इजराइली सैनिकों को पकड़कर बंदी बना लिया है लेकिन इजराइली सेना ने हमास के इस दावे का खंडन किया है। हमास ने यह नहीं बताया कि उसने कितने सैनिकों को बंदी बनाया है और अपने दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किए हैं।

हमास के प्रवक्ता अबू उबैदा ने बताया कि लड़ाकों ने एक सुरंग में घात लगाकर इजराइली सैनिकों को पकड़ा। ये सैनिक हमास लड़ाकों की तलाश में सुरंग में घुसे थे। इस बीच मिस्र ने बदले रास्ते से गाजा को राहत सामग्री से भरे ट्रक फिर से भेजने शुरू कर दिए हैं।

# अमेरिका के कई राज्यों में आया भयंकर तूफान, 18 लोगों की मौत...बड़ी संख्या में घर तबाह

एजेंसी

**ह्यूस्टन।** मध्य अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में आए शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों सहित कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, कई मकान तबाह हो गये और बढ़ते तापमान के बीच हजारों लोगों को बिजली के बिना रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ओक्लाहोमा सीमा के समीप टेक्सास की कुक काउंटी में सात लोगों के मारे जाने की सूचना प्राप्त हुई, जहां शनिवार रात को आए तूफान ने एक ग्रामीण इलाके में भारी तबाही मचाई। कुक काउंटी के शेरिफ रे सैप्पिंगटन ने कहा, यहां सिर्फ मलबे का ढेर बचा है। भारी तबाही हुई है। शेरिफ ने बताया कि मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी उम्र दो और पांच वर्ष थी।

उन्होंने बताया कि एक परिवार के



तीन सदस्यों की भी तूफान से हुई तबाही में मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि लापता लोगों को ढूंढने के लिए खोज व बचाव अभियान अब भी जारी है। खबर के मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने रविवार को बताया कि शनिवार को आए तूफान की वजह से करीब 100 लोग घायल हो गये हालांकि सटीक आंकड़ा बता पाना थोड़ा मुश्किल है। गवर्नर ने कहा कि 200 से ज्यादा मकान व अन्य इमारतें पूरी तरह से तबाह हो गयीं और 100 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। एबॉट ने कहा, अगर संख्या नहीं बढ़ती है तो मुझे हैरानी होगी। तूफान की वजह से कई मकान और व्यवसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और कई इलाकों में पेड़ एवं बिजली के खंभे भी उखड़ गये। वैली व्यू के आस-पास के इलाके तूफान से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। बिजली समस्या से जुड़ी एक वेबसाइट के मुताबिक, टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अर्कांसस, टेनिसी और केनटकी तक 4,70,000 से ज्यादा लोगों को बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# द. कोरिया ने लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली एल-एसएएम विकसित की



एजेंसी

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एल-एसएएम) प्रणाली का विकास पूरा कर लिया है, जो 50 से 60 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है।

योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरियाई रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि एल-एसएएम का उत्पादन अगले साल शुरू होने की उम्मीद है और सशस्त्र बलों को यह प्रणाली 2028 में प्राप्त होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रणाली को देश की व्यापक वायु और मिसाइल रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिण कोरियाई सशस्त्र बल वर्तमान में घरेलू मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और यूएस पैट्रियट एडवांस्ड कैपेबिलिटी -3 प्रणाली का उपयोग करते हैं, जो एल-एसएएम की तुलना में कम ऊंचाई पर मिसाइलों को रोक सकती है।

# अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़, 15 लोगों की मौत...फसलें भी नष्ट

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से एक ही परिवार के 10 सदस्यों समेत 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश देश के कई हिस्सों में कहर बरपा रही है, जिससे सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के मामलों के चलते संपत्ति और फसलें भी नष्ट हो गई हैं। रात आई बाढ़ के कारण उत्तर-पूर्व स्थित बदख्शां और उत्तरी बगलान प्रांत प्रभावित हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में भारी बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। बदख्शां में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक मोहम्मद अकरम अकबरी ने कहा कि प्रांत की राजधानी फैजाबाद में बाढ़ की चपेट में आकर एक दंपति और उनके आठ बच्चों की मौत हो गई। बगलान



प्रांत में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के प्रांतीय निदेशक इदायतुल्ला हमदर्द ने कहा कि बाढ़ के कारण दोशी जिले में कम से कम 40 घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग मारे गए हैं। हालांकि, उन्होंने मृतकों की संख्या के संबंध में अधिक विवरण नहीं दिया। हालांकि, एक स्थानीय अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रांत में बचाव दलों को अब तक पांच शव मिले हैं।

# चक्रवात 'रेमल' बांग्लादेश तट से टकराया, अधिकारियों ने आठ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी

**ढाका।** भीषण चक्रवाती तूफान रेमल ने रात बांग्लादेश तट पर दस्तक दी और अधिकारियों ने देश के निचले दक्षिण-पश्चिमी तटीय इलाकों से आठ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। मौसम कार्यालय के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, ''चक्रवात ने रात लगभग 8:30 बजे (स्थानीय समय) बांग्लादेश के मोंगला और खेपुपारा तट के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से से होते हुए भारत के पश्चिम बंगाल तट को पार करना शुरू कर दिया।''

उन्होंने कहा कि तूफान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी तटीय इलाकों और पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप से उत्तरी दिशा की ओर बढ़ रहा है तथा अगले पांच से सात घंटों में इसके समुद्र तट रेखाओं को पार करने की संभावना है। चक्रवाती तूफान के रात 12:00-1:00 बजे के बीच बांग्लादेश को पार करने का अनुमान है, जिसके बाद इसके



कमजोर होने की उम्मीद है।

अधिकारियों ने कहा कि माना जाता है कि तूफान से एक युवक की मौत हो गई, क्योंकि समुद्री लहरें उसे बहा ले गई और दक्षिण-पूर्वी पटुआखाली में कई लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, क्षमता से दोगुने, 50 से अधिक यात्रियों से भरी एक नौका तूफान के रास्ते में मोंगला बंदरगाह के पास डूब गई। इसमें सवार लोग सुरक्षित स्थान की ओर भाग रहे थे। हालाँकि, लोगों को बचा लिया गया जिन्हें कुछ चोट आई है।

# ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 169 हुयी



एजेंसी

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में 29 अप्रैल को आए तूफान के बाद से रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 169 हो गयी है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, पिछले 24 घंटों में तीन और शव बरामद किए गए, जबकि राज्य में अब तक देखी गई सबसे खराब प्राकृतिक आपदा के कारण 56 लोग लापता हैं। बाढ़ और उफनती नदियों के कारण 23 लाख से अधिक निवासी विस्थापित हुए हैं। रियो ग्रांडे डो सुल के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा है कि राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे और अन्य 469 नगर पालिकाओं में क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में कम से कम एक साल लगेगा।

मौसम पूर्वानुमान में पोर्टो एलेग्रे और राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में इस आगामी सप्ताह में अधिक बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है, जोखिम को कम करने के लिए स्कूल 48 घंटों के लिए बंद रहेंगे। रियो ग्रांडे डो सुल अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा पर है और यह ब्राजील में एक महत्वपूर्ण कृषि केंद्र और लैटिन अमेरिका में चावल का शीर्ष उत्पादक क्षेत्र है।

# ब्रिटेन में अनिवार्य सैन्य सेवा शुरू की जाएगी : सुनक

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि यदि कंजरवेटिव पार्टी 04 जुलाई को होने वाला अगला आम चुनाव जीतती है, तो वह युवाओं के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा या वैकल्पिक सेवा शुरू करने की योजना बना रहे हैं। श्री सुनक ने डेली मेल के लिए लिखे लेख में कहा, हम आज के ब्रिटेन के लिए राष्ट्रीय सेवा को फिर से शुरू करेंगे।

यह हमारे युवाओं के लिए जीवन बदलने वाले अवसर प्रदान करेगा, उन्हें वास्तविक दुनिया के कौशल सीखने, नई चीजें करने और अपने समुदाय तथा हमारे देश में योगदान करने का मौका देगा... सभी 18-वर्षीय युवा इस नई राष्ट्रीय सेवा को करेंगे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो और वे ब्रिटेन में कहीं भी रहें।

उन्होंने कहा कि युवाओं के पास ब्रिटिश सशस्त्र बलों में एक वर्ष के लिए पूर्णकालिक सैन्य सेवा और 25 दिनों के लिए बचाव सेवा तथा अन्य संरचनाओं में स्वयंसेवा के रूप में वैकल्पिक सेवा चुनने का विकल्प होगा। उन्होंने कहा, उन लोगों के लिए जो शिकायत करते हैं कि इसे अनिवार्य बनाना अनुचित है, मैं कहना चाहता हूं कि नागरिकता अधिकार के साथ-साथ दायित्वों को भी लाती है। ब्रिटिश होना पासपोर्ट नियंत्रण में शामिल होने वाली कतार से कहीं अधिक है। स्पष्ट तौर पर हमारी नई राष्ट्रीय सेवा भर्ती नीति नहीं है। ऐसा करने वालों में से अधिकांश हमारे सशस्त्र बलों में सेवा नहीं करेंगे, सिर्फ कठिन प्रवेश परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले लोग ही सशस्त्र बलों में भर्ती होंगे।

उल्लेखनीय है कि जनवरी में ब्रिटेन के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ जनरल पैट्रिक सैंडर्स ने ब्रिटिश नागरिकों से



रूस के साथ संघर्ष की स्थिति में सशस्त्र बलों में सेवा करने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उसी समय ब्रिटिश सरकार ने वादा किया कि वह भर्ती की शुरुआत नहीं करेगी।

# ब्रिटेन में विमान दुर्घटना, आरएएफ पायलट की मौत

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के लिंकनशायर में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) बेस के पास स्पिटफायर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आरएएफ के एक पायलट की मौत हो गयी। आरएएफ के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, बड़े दुख के साथ हमें आज आरएएफ कोनिंग्सबी के पास दुर्घटना में आरएएफ के एक पायलट की मौत की पुष्टि करनी पड़ रही है। इससे पहले लिंकनशायर पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा था कि एक 'एकल यात्री विमान' दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और इसमें किसी और के होने की संभावना नहीं है। वहीं, ब्रिटिश मीडिया ने बताया कि विमान अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक 12.20 बजे से कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त स्पिटफ़ायर ब्रिटेन के युद्ध स्मारक कार्यक्रम में भाग ले रहा था। गौरतलब है कि आरएएफ कॉनिंग्सबी बैटल ऑफ़ ब्रिटेन मेमोरियल फ़्लाइट का अड्डा है।

# 'संरा न्यायालय के फैसले को लागू करते हुए राफा में अभियान समाप्त करे इजरायल'

एजेंसी

**मैड्रिड।** स्पेन ने इजरायल से संयुक्त राष्ट्र के न्यायालय के फैसले को लागू करते हुए राफा में सैन्य अभियान को समाप्त करने की अपील की है। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने इज़राइल से राफा में इज़रायल के सैन्य अभियान को समाप्त करने के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले को लागू करने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि आईसीजे के अध्यक्ष नवाफ सलाम ने शुक्रवार को कहा कि इजरायल को दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में अपना सैन्य अभियान बंद करना होगा। न्यायाधीश ने कहा, नरसंहार के आरोपों की जांच कर रहे मिशनों के साथ-साथ मानवीय सहायता के लिए एन्क्लेव तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करानी चाहिए। राफा में इजरायल के आक्रामक को समाप्त करने सहित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के एहतियाती उपाय अनिवार्य हैं। यही बात युद्धविराम, बंधकों की रिहाई और मानवीय पहुंच पर भी लागू होती है,



गाजावासियों की पीड़ा समाप्त होनी चाहिए और हिंसा रुकनी चाहिए।

वहीं, स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि गाजा की स्थिति 'वास्तविक नरसंहार' है। स्पेन के न्यूज चैनल आरटीवीई के साथ साक्षात्कार उन्होंने कहा, दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, स्पेन की हमेशा उस पर नजर है। हम यह नहीं भूल सकते कि यूक्रेन में लोग मर रहे हैं, एक भयानक युद्ध चल रहा है और गाजा में जो हो रहा है, उसे भी नजरअंदाज न करें, जो एक वास्तविक नरसंहार है।÷। उन्होंने कहा कि स्पेन और उसके सशस्त्र बल 'दृढ़ता से और मजबूती के साथ शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस समर्थित प्रस्ताव को खारिज किया

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है। सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं। वहीं



रूस के प्रस्ताव में सभी प्रकार के हथियारों पर चर्चा की गयी। अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि 15 सदस्यीय परिषद में जिस प्रस्ताव पर चर्चा हुई उसका मकसद सिर्फ और सिर्फ रूस की अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती की वास्तविक मंशा से विश्व का ध्यान भटकाना है।

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया, आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है। चीन और अन्य देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

नेबेंजिया ने कहा, अगर वे इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनका मुख्य मकसद खुद को बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती के संबंध में आजाद रखने का है। हर राष्ट्र कहता है कि वे हथियारों को अंतरिक्ष से दूर रखना चाहते हैं और परिषद के सदस्य देशों ने भी इसे दोहराया है। लेकिन जब बात मतदान की आती है तो परिषद रूस और अमेरिका के प्रस्तावों पर दो भागों में बंट गया और स्विट्जरलैंड मतदान प्रक्रिया से नदारद रहा। यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के नियमों के तहत गिर गया क्योंकि उसे जरूरी नौ मत नहीं प्राप्त हुए।

# पापुआ न्यू गिनी में भीषण भूस्खलन, 670 लोगों की मौत होने की आशंका

एजेंसी

**पापुआ न्यू गिनी।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने अनुमान जताया कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया था कि भूस्खलन के कारण 100 लोगों की मौत होने की आशंका है। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मौत का संशोधित आंकड़ा यमबली गांव और एंगा प्रांतीय अधिकारियों की इस गणना पर आधारित है कि भूस्खलन के कारण 150 से अधिक मकान दब गए हैं, जबकि पहले 60 मकान दबने का अनुमान जताया गया था। एक्टोप्राक ने 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) कहा, ''वे अनुमान लगा रहे हैं कि 670 से अधिक लोग मिट्टी के नीचे दबे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने भूस्खलन के कारण 100 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी। रविवार तक केवल पांच शव और एक अन्य व्यक्ति का एक पैर बरामद किया गया था। पापुआ न्यू गिनी में रविवार को भी राहत कार्य जारी है और बचावकर्मी जीवित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। एक्टोप्राक ने कहा कि सहायताकर्मियों ने छह से आठ मीटर (20 से 26 फुट) गहराई में जमीन और मलबे के नीचे लोगों के जीवित मिलने की उम्मीद छोड़ दी है।

# गाजा के रफह में इजराइल की एयर स्ट्राइक, 35 लोगों की मौत


एजेंसी

**दीर अल बलह (गाजा पट्टी)।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि गाजा के दक्षिणी शहर रफह में विस्थापित लोगों के लिए बने तंबुओं पर इजराइल द्वारा किये गये हवाई हमलों में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के अब भी मलबे में फंसे होने की आशंका है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, इस हवाई हमले में दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत ने इजराइल को रफह में अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने का आदेश दिया था, जिसके दो दिन बाद रविवार को यह हमला किया गया। इस महीने की शुरुआत में इजराइल के हमले से पहले तक रफह में गाजा की आधी से ज्यादा आबादी ने शरण ली हुई थी।

इलाके में हजारों लोग अब भी रह रहे हैं जबकि बहुत से लोग यहां से भाग निकले हैं। सबसे बड़े हवाई हमले की फुटेज से इलाके में भारी तबाही का मंजर दिखाई दे रहा है।

इजराइली सेना ने हमले की पुष्टि की और बताया कि उसने



हमास के एक ठिकाने को निशाना बनाया और इसमें हमास के दो चरमपंथी मारे गये। सेना ने बताया कि वह खबरों की जांच कर रही है कि नागरिकों को नुकसान पहुंचा है या नहीं। रक्षा मंत्री योव गैलेंट रविवार को रफह पहुंचे और उन्हें वहां तेज होते अभियान की जानकारी दी गई।

फलस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसायटी के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि रफह के तल अल सुल्तान में खोज एवं बचाव अभियान अभी जारी है। सोसायटी ने दोहराया कि इजराइल ने खुद इस इलाके को एक मानवीय क्षेत्र नामित किया था। यह इलाका उन क्षेत्रों में शामिल नहीं है, जिन्हें इजराइली सेना ने इस महीने की शुरुआत में खाली करने का आदेश दिया था।

# इन्हें मिला सिर्फ वोट का हक, योजनाओं में भागीदारी नहीं !

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** आजादी के बाद कुछ लोगों को वोट का हक तो मिला लेकिन सात दशक बाद भी सरकारी योजनाओं में भागीदारी नहीं मिल सकी है। हालांकि इसके लिए सरकारी योजनाएं कम कुछ प्रथाएं कहीं ज्यादा जिम्मेदार हैं। बावजूद इसके इन वंचितों तक सरकारी सुविधाओं के नहीं पहुंचने के पीछे जिम्मेदारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार भी बडी समस्या रहा है। ये कहीं कच्ची झोपड़ियों में रह रहे हैं तो कहीं खुले आसमान के नीचे पर किसी भी सरकार में इन्हें एक छत न मिल सकी। इन के बच्चों से अभी भी शिक्षा का उजियारा दूर है। यहां तक शौचालय जैसी सुविधाएं भी इन परिवारों तक नहीं पहुंची हैं। सरकारी राशन भी इन्हें नहीं मिलता है। इस सबके बीच इन्हें जो मिला है वह है वोट डालने का अधिकार, इनके वोट से जीतने वालों को कभी उनकी जिंदगी से सरोकार नहीं रहा। मथुरा जनपद में ये लोग कई जगह रह रहे हैं या कहें कि जगह जगह रह रहे हैं। गोवर्धन तहसील अंतर्गत पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान में मथुरा शहर सीट से विधायक श्रीकांत शर्मा के गांव का ... है। यहां भी भाट जाति के लोग जंगलों में नालों की पटरियों पर सड़क किनारे रह रहे हैं। घर के नाम पर सिर्फ फूंस की कच्ची झौंपडी हैं। इन लोगों का कहना है कि हम अपना वोट तो डालते हैं पर सरकार की अब तक किसर प्रकार की कोई सुविधा हम तक नहीं पहुंच पाई है। न तो हमारे पास रहने के लिए जमीन है न हमें सरकार की तरफ से पक्के घर मिले हैं। न शौचालय की सुविधा मिली है न हमारे बच्चों को पढ़ने की सुविधा मिलती है और न सही समय पर चिकित्सा सुविधा मिल पाती है। जिसके चलते कई दुखद हादसे भी हमारे साथ घट चुके हैं। नगला देविया के समीप नाले की पटरी पर और सौख में आजल गांव के समीप नाले पर निवास कर रहे इन लोगों की लगभग 45 डिग्री तापमान में

भयावह स्थिति देखी जा सकती है इन लोगों का शासन प्रशासन से अनुरोध है इन्हें आवास योजना के तहत पक्के मकान और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ दिया जाए। दूसरी सरकारी सुविधाओं का लाभ जब देश के अन्य लोगों को मिल रहा है तो उन्हें भी मिलना चाहिए।



**भयावह स्थिति**

- झोपड़ियों में जीवन जी रहे भाट जाति के लोग
- अब तक नहीं मिली किसी सरकारी योजना की सौगात

## वुशु प्रतियोगिता डीएवी बरमाणा आवासीय शाखा के 20 बच्चों ने हासिल किए 45 पदकः मोनिका

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** डीएवी पब्लिक स्कूल (आवासीय शाखा) बरमाना में 18वीं बालक तथा बालिका सब जूनियर, जूनियर और सीनियर जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश वुशु संघ के अध्यक्ष शिवपालमिन्हास ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा इंडियन वुशु संघ के उपाध्यक्ष व वुशु संघ हिमाचल प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी पीएन आजाद, पुलिस इंस्पेक्टर विजय वर्गीय पुलिस इंस्पेक्टर, बैंड हार्मनी ऑफ द पॉइंन्स और वुशु संघबिलासपुर की संयुक्त सचिव मंजू मिन्हास ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इसकी अतिरिक्त वुशु संघबिलासपुर के उपाध्यक्ष बलदेव शर्मा, वुशु एसोसिएशन बिलासपुर के संयुक्त सचिव रविंद्र ठाकुर, वुशु संघबिलासपुर के सदस्य कुबेर सिंह ठाकुर, विशाल रणावत, जिला मंडी वुशु संघ के जनरल सेक्रेटरी खेमचंद, जिला मंडी वुशु संघ के कोषाध्यक्ष पूर्ण चंद्र, जिला सोलन वुशु संघ के कोषाध्यक्ष श्याम लाल ठाकुर भी इस प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। इस जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर के लगभग 250 बच्चों ने भागलिया। डीएवी पब्लिक स्कूल आवासीय शाखा की प्रधानाचार्या और हिमाचल प्रदेश वुशु संघ की जनरल सेक्रेटरी मोनिका वात्सायन ने अपने विद्यालय प्रांगण में पधारने हेतु समस्त अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया।




## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल चोरी में पांच महिलाओं सहित सात पकड़े



**मथुरा।** पुलिस ने चोरी के पांच मोबाइल के साथ पांच महिलाओं सहित कुल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकडे गये दो पुरुष सदस्यों से तमंचा, कारतूस, ब्लेड के टुकडे बरामद किये गये हैं। सोमवार को पांच महिला अभियुक्तों के साथ घनश्याम पुत्र स्व. राधाकृष्ण निवासी गांव खैरार थाना कोसी जिला मथुरा, सुनील पुत्र बनवारी लाल निवासी पुरूशराम कालोनी थाना राया को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन आनन्द कुमार शाही के मुताबिक ये लोग भीड़ भाड़ वाले स्थानों मन्दिरों एवं बाजार आदि पर भीड़ का लाभ लेकर चोरी करते हैं तथा पीडितों को डराने धमकाने के लिए चाकू, तमंचा व ब्लेड रखते है।

### बाबा तेग सिंह जी के तपोस्थान गुरुद्वारा बारादरी में सालाना समागम आयोजित

**राजन पुरी**



**ऊना:** ऊना नगर के संस्थापक बाबा साहिब सिंह बेदी के मंझले पुत्र बाबा तेग सिंह के तप अस्थान गुरुद्वारा बारादरी हरडावाला बाग लोअर कोटला कलां में रविवार को सालाना गुरमत समागम का आयोजन हुआ। बाबा सरबजोत सिंह बेदी वइलाका निवासी समूह साध संगत द्वारा आयोजित समागम बड़े श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह ने बताया कि इस उपलक्ष्य में प्रारंभ की गई श्री अखंड पाठ साहिब की लड़ी के भोग के पश्चात गुरमत समागम का आयोजित किया गया। उन्होंने बताया की कीर्तन दरबार में संत बाबा ओंकार सिंह, संत बाबा बाल, बाबा दलवीर सिंह, बाबा अमनदीप सिंह, बलविंदर सिंह, हरदीप सिंह, अमर सिंह, गोपाल सिंह, सुरजीत सिंह, गगनदीप सिंह, भुपिंदर सिंह व कुलदीप सिंह सहित अन्य रागी जत्थों ने कथा कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने कहा कि संत महांपुरुष धरती पर जीवों के उधार के लिए आतें हैं और जीवों पर उपकार कर उनको धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा करते है। उन्होंने कहा की बाबा तेग सिंह ने अपने कायार्काल में दीन दुखियों की सहायता की और लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने समागम में श्री अखंड पाठ साहिब करवाने वाले और अन्य सेवाओं में योगदान देने वाले सेवादारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया।

### शराबपिलाकर 16 वर्षीय छात्रा के संग सामूहिक दुष्कर्म

**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला के गांव में रहने वाली 16 साल की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। पंजाब के एक युवक व उसके साथी ने छात्रा को शराबपिलाकर वारदात को अंजाम दियाहै। पुलिस ने घटना को लेकर दोनों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दिया आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद छात्रा को उसी के चाचा की कार की डिक्की में बंद करके आप युवक फरार हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित छात्रा जिला के एक सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्लस वन में पढ़ रही है। करीब तीन से चार हफ्ता पहले इस छात्र की दोस्ती पंजाब के सनी नामक युवक के साथ हुई, जो कि हरोली उपमंडल के एक गांव में वह ट्रक चलाने का काम कर रहा था।

## गर्मी में सहयोग करने का अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भीषण गर्मी पड़ रही है तो सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) की टीम अन्य संस्थाओं के सहयोग से संयुक्त रूप से अभियान चलाए हुए है। सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट की टीम निरंतर स्लम एरिया में पहुंच रही है और गरीब परिवारों के बच्चों को गर्मी से बचने के लिए जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के कपिल मित्तल, अशोक गर्ग एवं विनय गुप्ता ने विशेष सहयोग किया। मित्तल ने बताया कि बच्चों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए डाबर इंडिया के सहयोग से ग्लूकोज सी के पैकेट वितरित किए गए।

## चुनावी नतीजों से पहले पंचकूला में हुई भाजपा की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला।** चुनावी नतीजों से पहले ही अपनी जीत से आश्वस्त भाजपा ने सोमवार को पंचकूला में समीक्षा बैठक की। पार्टी कार्यालय पंचकमल में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला, तीनों महामंत्री के अलावा कलस्टर इंचार्ज, लोकसभा संयोजक तथा लोकसभा के उम्मीदवार सहित अन्य पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी सीटों पर चुनाव का फीडबैक लिया। नेताओं और पदाधिकारियों ने चुनाव से संबंधित सभी बातें और आंकड़े विस्तारपूर्वक बैठक में रखे। पार्टी के आला नेताओं ने आंकड़ों और मिले फीडबैक पर लगभग तीन घंटे मंथन किया। बैठक शुरू होने से पहले सभी नेताओं ने बादशाहपुर विधानसभा से विधायक रहे राकेश दौलताबाद के निधन पर दुख जताया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बैठक के बाद सीएम नायब सैनी ने मीडिया को बताया कि लोकसभा चुनाव में हुए मतदान की समीक्षा से उत्साहजनक संकेत उभरकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में चुनाव की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को हरियाणा में 11 कमल खिलने जा रहे हैं और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम सैनी ने 25 मई को भयानक गर्मी होने के बावजूद मतदान करने पर प्रदेशवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने पीएम मोदी को एकतरफा वोट दिया जिसके लिए वे जनता के आभारी हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कार्यकताओं ने चुनाव में मजबूती से काम किया है। कार्यकताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से 10 की 10 लोकसभाओं और करनाल विधानसभा में कमल खिलने जा रहा है। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन जनसभाएं हुई और लोगों ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया है, इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के सीएम भजनलाल, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के अलावा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा में जनसभाएं कर माहौल को एकतरफा बनाया है।




## पीईएसबी ने एसजेवीएन के निदेशक (कार्मिक) के रूप में अजय कुमार शर्मा की सिफारिश की

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने एसजेवीएन के निदेशक(कार्मिक) के रूप में अजय कुमार शर्मा के नाम की सिफारिश की है। दिनांक 24 मई,2024 को आयोजित साक्षात्कार में 11 उम्मीदवारों ने भागीदारी की जिसमें श्री शर्मा निदेशक(कार्मिक) के पद हेतु चयनित हुए। श्री शर्मा वर्तमान में एसजेवीएन के कारपोरेट मानव संसाधन विभाग में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। शर्मा ने अक्तूबर 2009 से एसजेवीएन के मानव संसाधन विभाग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे जनशक्ति आयोजना, प्रशासन, औद्योगिक संबंध एवं कल्याण, मानव संसाधन नीति, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास तथा मानव संसाधन प्रापण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, श्री शर्मा एसजेवीएन के निदेशक (कार्मिक) और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के साथ भी संबद्ध रहे हैं, जो कंपनी की नेतृत्व टीम में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। एसजेवीएन से पूर्व, श्री शर्मा स्टील अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में वर्ष 1996 से 2009 तक कार्यरत रहे। दो दशकों से अधिक के करियर के साथ, श्री शर्मा ने मानव संसाधन और औद्योगिक प्रचालन में वृहद अनुभव तथा विशेषज्ञता अर्जित की है। अजय कुमार शर्मा का जन्म 08 अप्रैल, 1974 को जिला चंबा के सिहुंता उपखंड के खरगट गांव में हुआ। इन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री, इग्नू से मानव संसाधन में एमबीए तथा मानव संसाधन प्रबंधन में एक्सएलआरआई जमशेदपुर से एक्जीक्यूटिव डेवल्पमेंट प्रोग्राम किया है। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरगट से हासिल की। इनके माता-पिता अपने गांव खरगट में रहते हैं, जहां इनके पिता की एक दुकान है और उनकी मां गृहिणी हैं। श्री शर्मा छह भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। इनकी चार बड़ी बहनें और एक बड़ा भाई है, जो ओएनजीसी में महाप्रबंधक (वित्त) के रूप में कार्यरत है।

## नंदगांव बरसाना में 9 घंटे गायब रही बिजली

**मथुरा।** बरसाना क्षेत्र में सोमवार को 33 केवी विद्युत लाइन के पोल को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से पोल टूट गया।जिससे क्षेत्र में करीब सात घंटे तक विद्युत सप्लाई बाधित रही। यह घटना सुबह करीब चार बजे हुई। नंदगांव और बरसाना में लाइट नहीं आने पर लोगों ने इसके बारे में पता लगाया। लोगों को जानकारी मिली कि कोकिलावन के पास लाइन टूट गई है। इसके बाद लोगों ने फोन मिलाना शुरू कर दिया। नौ बजे के करीब विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और टूटे पोल को हटा कर काम शुरू किया। वहीं मथुरा वाटर वर्क्स बिजली घर की 33 केवी लाइन पर एक पेड़ टूट कर गिर गया।

## ईजमायट्रिप ने दर्ज किया अब तक का सबसे उच्चा एबिटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः भारत के** मशहूर ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफार्म्स में से एक ईजमायट्रिप ने इस तिमाही के दौरान अपनी वृद्धि को बरकरार रखा है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी का परिचालन से रेवेन्यूम 1640 मिलियन दर्ज किया गया। इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस अवधि में कंपनी का एबिटा 24 प्रतिशत की वार्षिक बढ़त के साथ 577 मिलियन रुपए रहा। इसी तरह कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 551 मिलियन रुपए पहुंच गया। इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की बुकिंग से होने वाली कुल आय 20900 मिलियन रुपये रही है।वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी के गैर एयर सेगमेंट में मजबूत ग्रोथ देखने को मिली है। इस अवधि में कुल होटल नाइट बुकिंग 1.4 लाख रही। इसमें 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं अन्य बुकिंग 53 प्रतिशत बढ़कर 2.7 लाख पर पहुंच गई। पूरे वित्त वर्ष 2024 की बात करें तो होटल नाइट बुकिंग और अन्य बुकिंग क्रमशः 49 प्रतिशत बढ़कर 5.2 लाख और 67 प्रतिशत बढ़कर 10.4 लाख पर पहुंच गई। पूरे वित्त वर्ष 2024 के प्रदर्शन की बात करें तो इस अवधि में कंपनी का परिचालन से रेवेन्यू 5906 मिलियन रुपये रहा। इसमें सालाना आधारपर 32 प्रतिशत की बढ़त हुई है। इसी तरह एबिटा 2282 मिलियन रुपये रही है। इसमें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2151 मिलियन रुपये रहा। यह मजबूत प्रदर्शन ईजमायट्रिप में लगातार हो रही वृद्धि को स्पष्ट करता है। इस मजबूत प्रदर्शन के चलते इंडस्ट्री में कुछ मुनाफे में चल रही नए जमाने की टेक्नोलॉजी कंपनियों में से एक के रूप में कंपनी स्थिति को और मजबूत करता है।इसके अलावा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में 85126 मिलियन रुपये का जीबीआर दर्ज किया जिससे इसकी बाजार स्थिति और मजबूत हुई है। इस तिमाही और वित्त वर्ष 2024 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन करने के अलावा ईजमायट्रिप ने खुद को तेजी से बढ़ती कंपनी के रूप में स्थापित करने के लिए कई बड़े सहयोग किए हैं। भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कंपनी ने जीवनी हॉस्पिटैलिटी में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है और अयोध्या शहर में 150 कमरों वाला रैडिसन ब्लू होटल विकसित करने के लिए रैडिसन होटल समूह के साथ साझेदारी की है।

इस रणनीतिक कारोबारी कदम के तहत हाल ही में स्थापित राम मंदिर के पास ये होटल बनाया जाएगा।

## कॉम्फीन अपने ऑफिशियल लॉन्च के साथ मैन्स्टुअल केयर में बदलाव लाने के लिए तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** माहवारी के दौरान हाइजीन को बढ़ावा देने के प्रयास में मैन्स्टुअल हाइजीन से जुड़े नए ब्राण्ड कॉम्फीन ने विश्व माहवारी हाइजीन दिवस के मौके पर अपने आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की। ब्लू ओशन लैब्स द्वारा समर्थित कॉम्फीन #कैरीयोरकॉन्फिडेंस की अवधारणा के साथ हर महिला को आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाते हुए इनोवेशन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनने जा रहा है। गहन अनुसंधान और विकास के बाद ब्राण्ड, सभी महिलाओं के लिए माहवारी के दौरान हाइजीन के स्तर में बदलाव लाने और उन्हें आराम और सुविधा का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर है। कॉम्फीन द्वारा पेश की गई सैनिटरी पैड्स की रेंज माहवारी के दौरान महिलाओं को विशेष आराम प्रदान करेगी। इस रेंज में मेन-स्ट्रीम पैड्स के साथ-साथ ग्राफीन-इन्फ्यूज्ड सैनिटरी पैड भी शामिल हैं, जिनका लॉन्च जल्द किया जाएगा। सैनिटरी पैड्स में नोबेल पुरस्कार विजेता टेक्नोलॉजी, ग्राफीन के इस्तेमाल की शुरूआत कर, ब्राण्ड मैन्स्टुअल वैलनैस में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। ये आधुनिक पैड एक अनूठी खोज के साथ पेश किए गए हैं जो माहवारी के दौरान ऐंठन की परेशानी को कम करते हैं। इन्हें पावरहाउस प्रोडक्ट कहा जा सकता है जो माहवारी के दौरान होने वाली असहजता को 70-90 फीसदी तक कम करते हैं। साथ ही इनका बड़ा सरफेस एरिया स्पंज की तरह काम करता है और नमी को अवशोषित कर एवं एक समान रूप से फैला कर बेहतरीन ड्रायनैस और वेंटीलेशन देता है। कॉम्फीन के सह-संस्थापक श्री सिद्धार्थ भवसर ने कहा, ह्यह्यकॉम्फीन मैन्स्टुअल केयर टेक्नोलॉजी एक बड़ी प्रगति है।

## जिले में नशे के विरुद्ध चलाई जा रही हैं विशेष मुहिमः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को अवैध नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपायुक्त को अवगत कराया गया कि जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक स्कूल में नोडल ऑफिसर की तैनाती की जा चुकी है। जिले में कुल 1041 सरकारी व निजी विद्यालयों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, भाषण व क्विज प्रतियोगिता जैसे जागरूकता कार्यक्रम हो चुके हैं। विगत माह में सीएमओ द्वारा 6 नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण हो चुका है। सिविल अस्पताल में स्थापित नशा मुक्ति केंद्रों में 275 मरीजों ने ओपीडी का लाभ उठाया है। जिला ड्रग कंट्रोल ऑफिसर द्वारा बताया गया कि विगत माह में 27 मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया था जिसमें 7 मेडिकल स्टोर में एनडीपीएस से संबंधित दवाइयां मिली। 6 मेडिकल स्टोर का रिकॉर्ड मिलान करने पर सही पाया गया लेकिन 1 मेडिकल स्टोर को रिकॉर्ड न मिलने पर 7 दिन के लिए लाइसेंस सस्पेंड करके लाइसेंसिंग अथॉरिटी के पास मामला भेज दिया गया हैं।

उपायुक्त ने बताया कि कानून तोडे वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस विभाग की जांच में ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में कानूनी प्रक्रिया पूर्ण की जाती है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक्ट के तहत अधिकारियों को ह्यादा सतर्कता के साथ कर्तव्य निर्वहन करना होगा। सामान्य अस्पताल में मनोचिकित्सक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे कोई भी परिवार नशे से ग्रसित व्यक्ति का इलाज करवा सकता है। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में नशे के विरुद्ध एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, एसडीएम जयवीर यादव, जिला परिषद सीईओ कुलभूषण बसंल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



**निर्देश**

- दवाओं की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए

## बच्चों की शिक्षा पर पी एंड जी शिक्षा ने एक नया अभियान स्टैंड अप फॉर लर्निंग गैप लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**बद्दीः पी** एंड जी इंडिया के सीएसआर विभाग की एक प्रमुख पहल, पी एंड जी शिक्षा ने एक नया अभियान स्टैंड अप फॉर लर्निंग गैप लॉन्च किया है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे द्वारा 2021में कराए गए सर्वे के मुताबिक देशभर में 6 करोड़ से ज्यादा बच्चों में शैक्षिक प्रगति की कमी पाई गई है।इन बच्चों की समस्या पर ध्यान देने के उद्देश्य से पीएंडजी शिक्षा ने यह अभियान शुरू किया है।हालाँकि शिक्षा तक पहुंच में काफी सुधार हुआ है,लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच एक चुनौती बनी हुई है।गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित कई बच्चों को समाज में मजाक या उपहास का सामना करना पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस मुद्दे की सार्वजनिक समझ कम है। पी एंड जी इंडिया के ब्रांड संचालन के उपाध्यक्ष और ग्रूमिंग श्रेणी नेता अभिषेक देसाई ने कहा,पिछले 19 वर्षों से पी एंड जी शिक्षा ने भारत में लाखों वंचित बच्चों को शैक्षिक अवसर प्रदान किए हैं। इससे 45 लाख से ज्यादा बच्चों को फायदा होगा हमने भारत में 6 करोड़ से अधिक बच्चों को प्रभावित करने वाले शैक्षिक अंतर के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने की प्रतिबद्धता के साथ इसे मजबूत किया है।यह शैक्षिक अंतर बच्चों में अवसाद का कारण बन सकता है, साथ ही उन्हें समाज में समझ की कमी के कारण उपहास का सामना भी करना पड़ सकता है। हालाँकि, जो बात अक्सर छूट जाती है वह है इसके पीछे का कारण। अगर आपके बच्चे के साथ ऐसा हो तो क्या आप हंसेंगे, ऐसा प्रश्न उठाकर, हम माता-पिता, शिक्षकों और शुभचिंतकों को शैक्षिक असमानता के अस्तित्व और परिणामों के बारे में शिक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। हम उन्हें इन कमियों को पहचानने और उन्हें पाटने के लिए कदम उठाने के लिए सशक्त बनाना चाहते हैं।

एक विज्ञापन के माध्यम से इन बच्चों की वास्तविक जीवन स्थितियों को फिर से बनाकर, उससे उत्पन्न हास्य के आधार पर दर्शकों को शामिल करके, उन्हें शिक्षा के अभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए यह पी एंड जी शिक्षा की एक पहल है। एक की समस्या दुसरे का मनोरंजन हो सकता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 28 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### खानापूर्ति कर रहे राहुल गांधी: चिराग

टीम एक्शन इंडिया

**पटना:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बिहार दौरे पर एलजेपी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान का बयान आया है। चिराग पासवान का कहना है कि ये लोग जान चुके हैं कि बिहार में इनका कुछ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि ये लोग बस खानापूर्ति कर रहे हैं, ताकि बाद में कोई ये ना कहे कि इतना बड़ा राज्य बिहार जहां से देश की राजनीति की दशा और दिशा तय होती है वहां ये लोग गए ही नहीं।

### पीयूष ने योग कर किया मोदी का प्रचार

**वाराणसी:** वाराणसी से भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में शहर में डेरा डाले केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को अलग अंदाज में दिखे। प्रधानमंत्री मोदी को भारी मतों के अन्तर से जीताने के लिए केन्द्रीय मंत्री गोयल महापौर अशोक तिवारी और अन्य भाजपा नेताओं के साथ लोअर टी शर्ट में ही सिगरा स्थित शहीद उद्यान में अलसुबह ही पहुंच गए। उद्यान में मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों से बातचीत के दौरान केन्द्रीय मंत्री बेहद सहज रहे। उन्होंने उनके साथ टहलते हुए काशी के विकास को लेकर चर्चा की और प्रधानमंत्री के लिए मत मांगा। इसके बाद योग कर रही महिलाओं के साथ बैठकर योग किया और लाफ्टर योग करते हुए उनके साथ जमकर हंसे। युवाओं और किशोरों के साथ वर्जिश और आधुनिक मशीनों से व्यायाम भी किया। केन्द्रीय मंत्री का यह अंदाज लोगों को खूब भाया। सोशल मीडिया में भी केन्द्रीय मंत्री छाए रहे। व्यायाम के पश्चात केंद्रीय मंत्री गोयल ने शास्त्री नगर सिगरा स्थित चाय की अड़ी पर चाय पीने के बाद इसके पैसे दिए और चाय लेकर उपस्थित लोगों के बीच बैठकर चाय पर चर्चा शुरू की। चाय की चुस्की के साथ शुरू हुई चर्चा में उन्होंने लोगों के विचारों को सुना और कहा कि मोदी की काशी का कायाकल्प हो रहा है और काशी की जनता से मिलकर यही प्रतीत होता है कि काशी पूरी तरह से मोदी मय है।

### गोठान से ही गायों का संरक्षण संभव: कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई गोधन न्याय योजना का नाम बदलकर गौ अभ्यारण किया जा रहा है। भाजपा सरकार के पास गौ सेवा के लिये कोई योजना नहीं है।

उन्होंने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार में 10 हजार से अधिक गौठान बने थे, तीन लाख एकड़ सरकारी जमीन संरक्षित हुयी थी।

# मैदानों में चढ़ा पारा तो पहाड़ों पर उमड़े पर्यटक

## गर्मी से राहत: नैनीताल-शिमला और मनाली में होटल फुल; नहीं मिल रहे कमरे

**जाम की स्थिति**

▸▸ शिमला मनाली, , डलहौजी सहित अन्य स्थलों पर पर्यटकों को होटलों में कमरे नहीं मिल पा रहे हैं



टीम एक्शन इंडिया

**नैनीताल:** उत्तर भारत में भीषण गर्मी के चलते लोग राहत पाने के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में उत्तराखंड और हिमाचल के पर्यटक स्थलों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है। सप्ताहांत पर उत्तराखंड के मसूरी, नैनीताल, शिमला और हिमाचल के मनाली, शिमला, डलहौजी सहित अन्य स्थलों पर पर्यटकों को होटलों में कमरे नहीं मिल पा रहे हैं। जगह-जगह सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है। इस कारण आने वाले पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर दिन के समय पहाड़ों में भी गर्मी बनी हुई है, जिसने पर्यटकों की परेशानी बढ़ रही है। हालांकि समर सीजन के रफ्तार पकड़ने के कारण होटल कारोबारियों में खुशी है। उत्तराखंड के तमाम पर्यटक स्थल इन दिनों पैक हो गए हैं। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए लोग उत्तराखंड की वादियों में पहुंच रहे हैं।

**उत्तराखंड में इस बार गर्मी की चुभन अन्य सालों से ज्यादा:** मसूरी और नैनीताल के साथ ही लैंसडौन, टिहरी झील, औली, ऋषिकेश, धनोल्टी, चकराता, मुनस्यारी, रानीखेत आदि में जबरदस्त भीड़ है। वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण जगह-जगह जाम से भी जूझना पड़ रहा है। मैदानी राज्यों में पारा अधिकांश जगह 45 से ऊपर पहुंच गया है। हालांकि उत्तराखंड में इस बार गर्मी की चुभन अन्य सालों से ज्यादा है। उत्तराखंड में एक ओर चारधाम यात्रा चरम पर है।

**सैलानी परिवार समेत उत्तराखंड का रुख कर रहे:** वहीं, स्कूलों की छुट्टियां पड़ने से विभिन्न राज्यों के सैलानी परिवार समेत उत्तराखंड का रुख करने लगे हैं। दिन में पर्यटक झरने का आनंद लेने कैंपटी फॉल पहुंचे और यहां पानी में उतरकर चिलचिलाती धूप व गर्मी से निजात पा रहे हैं।

दबाव बढ़ने के कारण सुबह से ही पर्यटक वाहनों को एंट्री प्वाइंट पर ही रोक शटल से शहर तक भेजा गया। इसके बावजूद संपर्क मार्गों व शहर के भीतर जाम की स्थिति रही। शाम तक करीब तीन हजार वाहनों में बीस हजार से अधिक पर्यटकों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### होटलों में 70 से 90 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी

**दूसरी** तरफ हिमाचल के मनाली और शिमला सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर होटलों में 70 से 90 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी हो गई है। मनाली में सबसे अधिक भीड़ है।

एक सप्ताह मनाली में 16,167 पर्यटक वाहनों ने दस्तक दी है। गत सप्ताह यह आंकड़ा 12701 था। प्रदेश के विभिन्न पर्यटनस्थलों से भी साढ़े तीन हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे।

**सप्ताहांत में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा:** सप्ताहांत में पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा है। शनिवार को सबसे अधिक 3031 पर्यटक वाहन मनाली आए। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर का कहना है कि समर सीजन ने गति पकड़ ली हैं। नेशनल हाईवे की सड़कें ठीक न होने से जाम अधिक लग रहा है।

# धर्म का नाम लेकर भाजपा सत्ता में रहना चाहती है: प्रियंका



विजय समयाल

**कांगडा:** चंबा के बाद शाहपुर के चंबी पहुंची प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर फिर जुबानी हमला किया। इस चुनाव में हिमाचल में देश की दो सबसे बड़ी पाटियों कांग्रेस-भाजपा में टक्कर है। हाल ही में हुई दो घटनाओं से इन दोनों पार्टियों की सच्चाई जनता के सामने आई है। आपदा में कांग्रेस का एक-एक नेता, एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच रहे। पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर जनता की मदद में लगी रही। पीएम मोदी हिमाचल का अपना दूसरा घर कहते हैं, लेकिन आपदा में एक बार भी यहां नहीं आए। हिमाचल के भाजपा के बड़े नेताओं ने भी सुध नहीं ली। प्रियंका ने कहा कि भाजपा ने अपने धनबल से जनता की चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास किया।

**जुबानी हमला**

▸▸ आपदा में कांग्रेस का एक-एक नेता, एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच रहे: प्रियंका गांधी

# जहां दिखे भाजपाई, वहां बिछाओ चारपाई: सपा



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने अंतिम चरण की 13 सीटों के चुनाव में भाजपा को घेरने के लिए नया अभियान 'जहां दिखे भाजपाई, वहां बिछाओ चारपाई' शुरू किया है। सपा ने नौ तीखे प्रश्नों के तीर भी तैयार किए हैं। इसमें संविधान बदलने से लेकर आरक्षण खत्म करने जैसे मुद्दों पर प्रश्न शामिल हैं। सपा ने अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं से कहा है कि जहां भी भाजपाई या फिर उनके संगी-साथी मिलें तो उन्हें प्रेम से बैठाकर उनके कुछ बोलने से पहले अपने सवाल जरूर पूछिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अंतिम चरण के चुनाव में भाजपा को संविधान, आरक्षण व जातिगत जनगणना के इर्द-गिर्द ही उलझाकर रखना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए नौ प्रश्न तैयार किए हैं। पार्टी इनका इस्तेमाल इंटरनेट मीडिया पर भी करने जा रही है। सपा पूछेगी कि भाजपा संविधान क्यों बदलना चाहती है? आरक्षण क्यों खत्म करना चाहती है? भाजपा सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना का विरोध क्यों करती है? भाजपा किसान विरोधी कानून बार-बार क्यों लाती है? सपा लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड की भी याद भाजपा को दिलाएगी। सपा यह भी पूछेगी कि भाजपा ने किसानों को कुचलने वालों को टिकट क्यों दिया? सपा प्रज्वल रेवन्ना के मुद्दे पर भी भाजपा को घेरेगी। सपा पूछेगी...? भाजपा महिलाओं पर शर्मनाक अत्याचार करने वाले अपने पार्टी के लोगों को क्यों बचाती है? सपा महंगाई व युवाओं के प्रश्न भी पूछेगी। सपा यह भी पूछेगी कि...? भाजपा पेपर लीक करा के युवाओं से नौकरी के अवसर क्यों छीन रही है?

**सवाल तैयार**

▸▸ सपा ने नौ तीखे प्रश्नों के तीर भी तैयार किए हैं। आरक्षण खत्म करने जैसे मुद्दों पर प्रश्न शामिल हैं

# पश्चिम बंगाल के 24 ब्लॉक में हुआ है चक्रवात रेमल का असर

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता: चक्रवात रेमल के प्रभाव से भले ही** बंगाल में मौत कम हुई है लेकिन नुकसान कम नहीं हुआ है। 24 ब्लॉकों और 79 नगरपालिका वार्डों में लगभग 15 हजार घर, ज्यादातर पश्चिम बंगाल के दक्षिणी तटीय इलाके चक्रवात रेमल से प्रभावित हुए। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कम से कम दो हजार 140 पेड़ उखड़ गए और 337 बिजली के खंभे भी गिर गए। कम से कम 14 हजार 941 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से 13 हजार 938 आंशिक रूप से प्रभावित हुए जबकि 1,003 नष्ट हो गए। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि मूल्यांकन के एक और दौर के बाद आंकड़े संभवतः बढ़ेंगे। जिलों में हमारे अधिकारी काम कर रहे हैं और मूल्यांकन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। नुकसान के अनुमान की गणना की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने दो लाख सात हजार 60 लोगों को 1438 सुरक्षित आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया है और फिलहाल 77 हजार 288 लोग वहां हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल 341 दलिया रसोई संचालित की जा रही हैं। हमने तटीय और निचले इलाकों में प्रभावित लोगों को 17 हजार 738 तिरपाल वितरित किए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में काकद्वीप, नामखाना, सागर द्वीप, डायमंड हार्बर, फ्रेजरगंज, बक्खाली और मंदारमणि शामिल हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और इसके तटीय इलाकों में बुनियादी ढांचे और संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ, क्योंकि चक्रवात रेमल ने राज्य और पड़ोसी बांग्लादेश में 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली हैं। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं। आपातकालीन सेवाएं प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने और बिजली बहाल करने के काम में जुटी हैं। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, लगातार भारी बारिश के कारण अधिकतर प्रभावित क्षेत्रों में इन अभियानों में बाधा आ रही है। तूफान से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने प्रभावित लोगों को भोजन, पेयजल और चिकित्सा सहायता प्रदान करते हुए राहत अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने लोगों से घरों के अंदर रहने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है।



**तबाही**

▸▸ विभिन्न हिस्सों में कम से कम दो हजार 140 पेड़ उखड़ गए और 337 बिजली के खंभे भी गिर गए

# चार जून तक विज्ञापन जारी करने पर रोक

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट के एकल-न्यायाधीश के फैसले में भाजपा को लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने वाले विज्ञापन जारी करने से रोका गया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, प्रथम दृष्टया, विज्ञापन अपमानजनक है। पीठ द्वारा मामले पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद भाजपा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील पीएस पटवालिया ने मामले को वापस लेने की अनुमति मांगी। इसके बाद मामला वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। 22 मई को, उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा था कि वह एकल-न्यायाधीश पीठ द्वारा पारित अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने के इच्छुक नहीं है। एकल-न्यायाधीश पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 4 जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था।



**भाजपा को झटका**

▸▸ न्यायमूर्ति माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया

# व्यक्ति ने बार में डीजे पर चलाई गोली, मौत

**नासिक:** झारखंड की राजधानी रांची के एक बार में कर्मचारियों द्वारा शराब परोसने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को शॉर्ट्स पहने एक्सट्रीम बार में घुसते हुए देखा गया। वह अपनी टी-शर्ट से अपना चेहरा छिपा रहा था। आरोपी के साथ उसके चार दोस्त भी बार में मौजूद थे। वे सभी देर रात तक शराब पीते रहे। जब बार बंद करने के समय पर बार के कर्मचारियों ने उन्हें शराब परोसने से इनकार किया तो आरोपी गुस्से में आ गया। इस दौरान आरोपी और बार कर्मचारियों के बीच बहस हो गई।

# तंबाकू, गुटखा और पान मसाला पर लगाया प्रतिबंध

टीम एक्शन इंडिया

**हैदराबाद:** तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने राज्य में तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा और पान मसाला के निर्माण और बिक्री पर बैन लगा दिया है।

सरकार ने एक आदेश में कहा है कि तंबाकू उत्पादों के बिक्री, भंडारण, वितरण पर एक साल के लिए रोक रहेगी। यह पाबंदी 24 मई 2024 से प्रभावी होगी। तेलंगाना सरकार ने बताया है कि यह आदेश सार्वजनिक स्वास्थ्य को देखते हुए लिया गया है। राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने इसको लेकर एक अधिसूचना जारी की है।



**सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में लगाया प्रतिबंध:** अधिसूचना में कहा गया, "सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में तेलंगाना सरकार गुटखा और पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर प्रतिबंध लगाती है। यह बैन 24 मई, 2024 से पूरे तेलंगाना में एक साल के लिए लागू रहेगा।"

# धार्मिक ग्रंथों को खत्म करना चाहती हैं ममता: बीजेपी

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि रामायण, महाभारत, बाइबिल और कुरान एक दिन खत्म हो जाएंगे। मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "एक निंदनीय बयान में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि रामायण, महाभारत, बाइबिल और कुरान एक दिन खत्म हो जाएंगे! यह अकल्पनीय है कि एक राजनीतिक नेता किसी भी धर्म के श्रद्धेय धार्मिक पाठ के विलुप्त होने की कामना करेगा।"



मालवीय ने कहा कि जबकि मुख्यमंत्री का हिंदू धर्म के लोगों के प्रति तिरस्कार जगजाहिर है, वह "चुपचाप इच्छा रखती हैं" कि कुरान को मिटा दिया जाए।

उन्होंने कहा, "ममता बनर्जी का हिंदू आस्था और धर्मग्रंथों के प्रति तिरस्कार जगजाहिर है, लेकिन यह बयान न केवल अल्पसंख्यकों के प्रति ममता बनर्जी के गहरे तिरस्कार को बल्कि उनके पाखंड को भी रेखांकित करता है।

वह विशेष रूप से मुस्लिम वोट चाहती हैं, लेकिन चुपचाप चाहती हैं कि कुरान को खत्म कर दिया जाए।" कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम को मुसलमानों से माफी मांगने के लिए कहने के लिए बनर्जी की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, "ममता बनर्जी ने सभी धर्मों के अनुयायियों से माफी मांगने के बजाय अकेले मुसलमानों से माफी मांगने के लिए फिरहाद हकीम को चुना है।"

**साधा निशाना**

▸▸ बंगाल की सीएम ममता ने कहा है कि रामायण, महाभारत, बाइबिल और कुरान एक दिन खत्म हो जाएंगे

# बम गिराने वालों का समर्थन ले रही 'नकली' शिवसेना: मोहन

टीम एक्शन इंडिया

**मुंबई :** मुंबई में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एमपी सीएम मोहन यादव ने कहा, मुझे गौरव इस बात का है कि मैं बालासाहेब ठाकरे की धरती पर आया हूं। भगवा पताकाएं देश में सबसे पहले विचारधारा की दृष्टि से फैली थी तो मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से फैली थी। आजादी के बाद से हमारी विजय यात्रा चालू हुई, मंदिरों का नया निर्माण चालू हुआ तो 250 साल पहले महाराज शिवाजी के समय से आज तक हो रहा है। सीएम मोहन ने कहा, देवस्थानों के कारण से वर्तमान के दौर में सबसे ज्यादा कष्ट किसी को हो रहा है तो कांग्रेस और उनके साथ वालों को हो रहा है।



साल 1993 के बम ब्लास्ट के आरोपी इब्राहिम मूसा द्वारा शिवसेना के लिए किये जा रहे प्रचार को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'लोग बम गिराने वालों का चरित्र जान रहे हैं।

**इंतजार...** घटनास्थल से 27 शव बरामद किए गए हैं, वहीं 33 से अधिक लोग लापता है, पीड़ितों के परिवार अस्पताल के बाहर भीड़ बनाकर खड़े हुए

# राजकोट हादसा: अस्पताल के बाहर रोते-बिलखते पीड़ितों के रिश्तेदार

टीम एक्शन इंडिया

**राजकोट:** 25 मई की शाम राजकोट के गेमिंग जोन में लगी भीषण आग ने देश को झकझोर कर रख दिया है। घटनास्थल से 27 शव बरामद किए गए हैं वहीं 33 से अधिक लोग लापता है। पीड़ितों के परिवार अस्पताल के बाहर भीड़ बनाकर खड़े हुए है। सभी का एक ही सवाल है कि क्या उनके अपने जिंदा है या मर गए! सवाल कई, लेकिन जवाब देने वाला कोई नहीं सिविल अस्पताल में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को पीड़ितों के परिजन घेर कर खड़े है और बस एक ही सवाल दोहराए जा रहे है कि क्या कोई जिंदा बचा है? धैर्य की सीमा पार कर चुके परिजन पुलिस अधिकारी से पूछ रहे है कि 'साहब...कुछ तो बताइए...बस इतना बता दीजिए कि हमारे अपने जिंदा हैं या नहीं...।



**परिजनों का भड़का गुस्सा, पूछ रहे बस एक सवाल:** गुस्साए परिवार ने वहां मौजूद अधिकारी से कहा कि 'हमें बता दीजिए कि यहां कोई शव नहीं है तो हम यहां से चले जाएं। आप एक घंटे के अंदर रिपोर्ट कर सकते हैं। यदि आप अधिकृत नहीं हैं, तो प्रक्रिया क्या है यह जानने के लिए डॉक्टर को बुलाएं। हमें पुलिस से कोई दिक्कत नहीं है लेकिन एक डॉक्टर या अधिकारी भेजिए ताकि हम उनसे पूछ सकें।

**अगर आपका बेटा होता तो...** परिजन अपना दर्द और रोते हुए आक्रोश व्यक्त कर रहे है। उन्हें बस ये जानना है कि इस मामले में कुछ हो भी रहा है कि नहीं। परिजनों ने गुस्से में कहा कि 'हमें बताओ कि हमारे रिश्तेदार जीवित हैं या नहीं? अगर आप हमें कोई रिपोर्ट देंगे तो हमें पता चल जाएगा। हम कल से यहां बैठे हैं। हम भी इंसान हैं, हमारी पीड़ा तो देखो। देखो, हम तीन दिन से यहां हैं। आप हमें आधे घंटे के अंदर गायब आंकड़ा बताएं।

**तलाश**

▸▸ सभी का एक ही सवाल है कि क्या उनके अपने जिंदा है या मर गए! सवाल कई, जवाब देने वाला कोई नहीं

# क्या कर्नाटक के गृह मंत्री को प्रोटोकॉल नहीं पता: कुमारस्वामी

टीम एक्शन इंडिया

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी और प्रज्वल रेवन्ना के चाचा ने कहा कि जनता दल (सेक्युलर) हासन के सांसद को कभी बचाने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के लिए केंद्र से राज्य सरकार के अनुरोध का वो भी समर्थन करते हैं।

**परमेश्वर पर बरसे कुमारस्वामी:** इस बीच कुमारस्वामी ने कहा कि अगर केंद्र प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का फैसला करता है तो हम उसका स्वागत करते हैं। हालांकि, जद (एस) नेता ने केंद्र की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं देने का आरोप लगाने के लिए जी परमेश्वर की आलोचना की है और कहा है कि राज्य के गृह मंत्री होने के नाते उन्हें इस मामले में पालन की जाने वाले कानून और प्रोटोकॉल के बारे में पता होना चाहिए।



**घेरा**

▸▸ प्रज्वल रेवन्ना पासपोर्ट मामले में पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने कांग्रेस सरकार को घेरा